४ जबर उद्योत कियो जशधारी, एह पंचमें अर मे ॥
५ आप तणा गण में स्थिर पद सूं, वसियै वास अमर में ॥
६ आप तणा गणथी 'उपराठा'[1] उभय भवे दुख भर में ॥
७ साम्प्रत काले स्वाम गण पायो, आयो चिंतामणि कर में ॥
८ आपआच, रज महा उपगारी, कल्पवृक्ष जिम 'तर'[2] में ॥
९ दृढ मर्याद बांधी आप वारु, सतियां ने मुनिवर में ॥
१० उगणीसै गुणतीस वैसाखे, सुद छठ वीदासर में ॥
११ भिक्षु भारीमाल ऋषिराय प्रसादे, जयजश सुख-मंदर में ॥

ढाल ३९

†स्वामी म्हारा सोभ रह्या मुनि जन में, दीपक चंद 'उडुगण'[3] में,
स्वामी म्हारा सोभ रह्या शासण में ॥ध्रुपदं॥

१ हाजरी में स्वामीनाथ हमेसा, हूं याद करूं जी छिनक छिन मे ॥
२ स्वाम तणो समरण सुखदायक, जाणक बेठो नंदन वन में ॥
३ ध्यान तुम्हारो निश दिन ध्याऊं, आप वसोजी म्हारा मन में ॥
४ तेज प्रताप सु अधिक आपरो, इंद्र 'फणेंद्र'[4] नरेंद्रन मे ॥
५ दर्शण कर भविक हुवै परसन्न, विकसित पंकज रवि ऊगन में ॥
६ जिनेन्द्र-चंद्र तणा वचना नैं, आप प्रगट किया भविजन में ॥

---

*लय लिछमण म्हारे आया जी रमके ·····।
१. विमुख ।
२. तरु (वृक्ष) ।
३. नक्षत्र मंडल ।
४. नागेन्द्र ।
†लय : लाडीजी रा माथा ने मेमंद सोहलो ए · · ।

ढाल ४०

*गुण आवा दो जी सुख पावा दो, वर ज्ञान क्रिया उल्लसावा दो।
म्हाने लागै लागै चरण सवायो, शासण दीपावा दो॥ ध्रुपदं॥

१ स्वाम भिक्षु कहै एम, संयम सुख पावा दो।
म्हारो लागै धर्म सू प्रेम, उत्तम गुण आवा दो॥

२ मत करो 'लचपच'[1] वात, सहु तो लेसूं अमोलक 'आथ'[2] उ० गु०।
वर भविक जीव समझावा दो॥

३ म्हे तो पेख्या सूत्र सिद्धांत, म्हारै मिट गई मन नी भ्रात।
वर दान दया दरसावा दो॥

४ वर दान शील तप भाव, शिव मग तणी नाव।
जिन आण भणी ओलखावा दो॥

५ असल देव अरिहंत, गुरु जाणो निर्ग्रंथ।
जिन माग भणी दीपावा दो॥

ढाल ४१

दोहा

१ विघ्न हरण मंगल करण, स्वाम भिक्षु नो नाम।
गुण ओलख समरण कियां, सरै अचिंत्या काम॥

महा सुखकारी हो, स्वामी जिन सारिखा।
महिमा थांरी भारी हो, उत्तम करी पारिखा॥
हो जी जशधारी हो॥ ध्रुपदं॥

२ स्वामी थांरी उत्पत्तिया बुद्धि अति भली, स्वामी थे तो निमल सिद्धांत ना न्याय।
स्वामी थे तो श्री जिन आणा शिरधरी, दीया थे तो भिन्न भिन्न भेद वताय॥

३ थे तो वच्छल तीर्थ च्यार नै, हू तो याद करू दिन रेण।
जिन जिम गुण तुझ संभरू, हू तो चित माहि पामूं चेन॥

४ थांरी सखर 'साकर'[3] जिम शीखडी, आ तो अमृत थी अधिकाय।
हूं तो जिन जिम गुण संभरू, हूं तो विघ्न विलय होय जाय॥

*लय : सुखपाल सिंहासन ल्यावो महिल में ...।

१. लचीली।
२. संपत्ति।
३. शक्कर (चीनी)।

५ थांरी अधिक हिये मुझ आसता, जाण रह्या जगदीश।
थे तो परम उपगारक माहरा, दायक सुख ना दमीश ॥
६ ओ तो शासण निर्मल श्री जिन तणो, ओ तो आप तणो उपगार ॥
'अजूणां'[1] पंचम आर में, ओ तो मोटो हे मुझ नैं आधार ॥
७ रह्या घर में पच्चीस वर्ष आसरै, आठ वर्ष आसरै द्रव्य लिंग।
थे तो वर्ष चमालीस आसरै, पाल्यो हे चरण सुचंग ॥
८ थे तो संवत अठारै सोले समे, धारचो चरण आषाढी पूनम ॥
थे तो वर्ष साठे अनसन करी, थे तो सखर सुधार्‌यो जनम ॥
९ दृढ मर्यादा वांधी सही, ए तो इक गणि नांमे शीष।
ए तो अंश अवगुण नही बोलणा, ए तो अवर ही अधिक जगीस ॥
१० म्हे तो परम पूज्य चित संभरचा, ए तो जय जश संपति सार ॥

ढाल ४२

*स्वामी तेरै समरण से, सदा मै देखै सुख।
सदा मै देखै सुख स्वामी तेरा समरण मैं, सदा मैं देखै सुख ॥ ध्रुपदं ॥
१ दान दया हद न्याय दीपाया जी, मेटी भवो भव भूख।
२ विविध मर्याद वाधी आप वारू जी, परम वयण छै 'पीयूष'[2] ॥
३ आप तणी वर आण आरावै जी, दूर हुवै भव दुख ॥
४ वे कर जोड़ी नित्य प्रति प्रणमू जी, जय जश संपति रूंख ॥

ढाल ४३

हलुकर्मी जाको ध्यान धरत है, देश देश में दीपाया ॥ ध्रुपद ॥
१ स्वामीजी थांहरा वयण महा सुखदाया, भिक्षु जी थांहरा वयण मुझ मन भाया ॥
२ श्री जिन आणा ज्या तो शिर पर धरनै २, जिन मग खूब जमाया ॥
३ विविध मर्याद वाधी आप वारू २, जिनवर नी छिव ल्याया ॥
४ आशापूरण रिखराय प्रसादे, जय जश संपति पाया ॥

---

१. अभी। २. अमृत।

लय : प्यारा तेरी पद-रज में सदा ए --।

ढाल ४४

*स्वामी थाने समरूं हूं दिन रेण ।।ध्रुपदं ।।

१ पंचमे आरे भिक्षु प्रगटिया, स्वामी थे तो छोड्या पाखंड फेन ।।
२ अतिशय धारी आप उजागर, स्वामी थाहरा अमृत सरीखा वेण ।।
३ दान दया वर न्याय वताया, स्वामी थे तो जवर दीपायो जैन ।।
४ विविध मर्यादा वाधी आप वारू, स्वामी थे तो अटल जमायो एन ।।
५ अधिक कृपा भविक पर करनै, स्वामी थे तो खोल्या अभ्यंतर नेण ।।
६ परम उपगार कियो मुझ उपर, स्वामी थे तो ज्ञान वतायो गैहन ।।
७ शासण निर्मल आप प्रसादे, चिहुं तीर्थ चित्त चैन ।।

ढाल ४५

†स्वाम थारी करणी री वलिहारी, वारी हो नाथ थांरी सूरत मुद्रा प्यारी ।
।। ध्रुपदं ।।

१ भिक्षु आप भरत मे प्रगट्या, भारीमाल शिष्य भारी ।
हू तो स्वाम थाने समरूं निश दिन, समरण वच्छल सुखकारी हो ।।
२ सावद्य निरवद्य सखर देखाया, श्री जिन आणा धारी ।
हूं तो स्वामी अति इचरज पामू, न्याय छाण्या तंत सारी ।।
३ दान दया हद तत्व वताया, दे दृष्टांत उदारी ।
सखर स्वाम थे तो आगम सोध्या, वुद्धि उत्पत्तिया भारी ।।
४ विविध मर्यादा मति श्रुत करिके, दीर्घ दृष्टि दिल धारी ।
वारू स्वाम थारी ऊंडो आलोचन, जवर दिशा अनुसारी ।।
५ दोष देखै तो तुरत दाखणो, घणा दिन न राखणो धारी ।
लिखत पच्चीसे वावने दाख्यो, वलि रास में वहु विस्तारी ।।
६ पैंतालीसे पच्चासे गुणसठा लिखत में, वले रास मे वहु विस्तारी ।
जिल्लो वांध्यो तिणनैं अधिक निषेध्यो, कह्यो उत्कृष्ट अनंत संसारी ।।
७ कर्म योगे टोला वाहिर निकलै तो, अवगुण न वोलणा लिगारी
हूंता अणहूंता अंश मात्र पिण, त्याग कराया तिण वारी ।।

इति श्री भिक्षु गुण वर्णनम्

---

*लय · कोइ कहै छाने णें कोइ कहै छुरके माई……।
†लय : लय . झिर मिर झिर मिर मेहो वर्षे · ""।

भारीमाल गणि गुण वर्णन

ढाल १

दोहा

१ भिक्षु भलै प्रगटिया, दुखम आरा मांय।
पडता नरक निगोद में, त्यानैं लीधा हाथ संभाय ॥

२ ज्यारे पाट मोटा मुनि, भारीमाल शोभाय।
सुखदाई भवि जीव नै, रवि शशि जेम दीपाय ॥

३ आ सम्यक्त्व श्रद्धा आया विना, घालो नहि गण मांहि।
इसो मार्ग दूजो दीसै नही, और मत में ताहि ॥

४ केइ जैनी वाजै लोक में, नहि ज्यारी परतीत।
हिंसा धर्म दृढावता, ते होसी घणा फजीत ॥

५ त्या ने पूज्य छिटकाय नै, हूवा समभावे 'निरदाव'[1]।
कर्म योग सूजी समी, त्यारे मुक्ति जावा री चाव ॥

६ आप मांहि तो गुण घणा, पूरा केम कहिवाय ॥
थोडा सा परगट करूं, ते सुणज्यो चित ल्याय ॥

*पूज्य जी महामुनिराई ॥
छव द्रव्य नव तत्व ओलख लीधा, परम ज्ञान पाई ॥ध्रुपदं ॥

७ स्वाम छत्तीस गुणां कर सोभ रह्या छै, चारित्र सुखदाई।
असल श्रद्धा प्रगट कीधी, इण दुखम काल मांहि ॥

८ गाम नगर पुर 'पाटण'[2] 'खेड़े'[3], नर नारी समजाई।
घट में ज्ञान घाल नै निरवद्य, उपदेश दो सुखदाई ॥

९ वाणी सुणवा चाहि घणी, भवियण रे मन भाई।
ज्यू पाणी री पपैया नै चावना, तिम वाणी सुखदाई ॥

---

१. निश्छल।
२. छोटा कस्बा।
*लय : पूर्व सुकृत पुन्य करी नै.........।
३. छोटा गांव।

१० ज्यूं इंद्र सोभै देवतां मांहे, ते देवता नैं सुखदाई।
तिम साधां मे सोभ रह्या छै, मुनिवर नैं मनभाई।।
११ कार्तिक सुदि पूनम रे रात्रि, चंद सोभै तारां मांहि।
तिम साधा में सोभ रह्या छै, वाल ब्रह्मचारी ताई।।
१२ साधसाधवी श्रावकश्राविकामें, वखाण देवो सुखदाई।
जाणै अवर गाज रह्यो छै, जिम अमृत रस पाई।
१३ आप रै मुख आगल केइ साधु, मोटा तपसी थांइ।
कर्म कटक ते दल काटण ने, तपसी मनभाई।।
१४ आकीर्ण जातवंत घोड़ा असली, 'पाखरियां'[१] सोभाई।।
ते धणी रा हाथ में चावको देखी, डर आणै मन मांई।।
१५ तिम खेतसीजी हेमजी स्वामी, रायचंद आदि मुनिराई।
गुरु वचना मे लीन रह्या, नित्य करै शुद्ध 'वनिताई'[२]।।
१६ केइ सियाले न ओढै पछेवडी, चउमासे तप ठाई।
केइ उन्हाले आतापना लेवै, ए तपसी मुनिराई।।
१७ केइ तप करण ने शूरा, केइ सरल सभावी थाई।
केइ वखाण वाणी देई नै, भविजीवा नै समजाई।।
१८ केइ खिम्या करने 'पाखंडी'[३] जीपै, केइ वखाण देवै ताहि।
इसडा साधु देख पाखडी, करै चरचा ठाई।।
१९ केइ पाखंड छोड नै साधु होवै, कोई श्रावक थाई।
केइ सरल आचार देखी नै, प्रतीत धारी थाई।।
२० मोने संसार सू वारे काढ्यो, दियो चारित्र सुखदाई।
पंच महाव्रत पूरा देइ नै, इम घाल्यो ज्ञान माहि।।
२१ पूज्य प्रसादे गुण गाया म्हे, तोही गुण पूरा नाई।
गुण वहुत बुद्धि अल्प सी, कह्या कठा लग जाई।।
२२ संवत अठारै वर्ष तिमतरे, आसोज विद इग्यारस थाई।
वार मंगल सिरियारी मे, जोडी चित्त लगाई।।

ढाल २

दोहा

१ भेषधारी भागल हुवा, पंचम आरा मांय।
त्या ने पूज्य भिक्खन छोडनै, जिनमत दियो जमाय।।

---

१. कवच, शस्त्र आदि से सज्ज होने पर।
२. विनीतता।
३. शास्त्र विरुद्ध आचरण करने वाले।

२ त्यां रे पाट मन भाविया, भारीमाल ऋषिराय।
सुखकारी भवि जीव नैं, नरनारी नैं घणा सुहाय॥

३ गामां नगरां विचरै, सुखे करता फिरै उपगार।
ते धर्म दीपावै जिनराज नो, करता उग्र विहार॥

४ नर नारी प्रतिबोधवै, शिवगति जावा काम।
त्यांरा थोड़ा सा गुण प्रगट करूं, ते सुणो राख चित ठाम॥

५ *पूज्य भारीमाल सुजाण, खेतसीजी गुणखान, आछी लाल।
शीतल निजर सुहावणी जी॥

६ स्वामी हेमजी जाणें हेम, वरतैं कुशल नें खेम।
बुद्धिवान रायचंदजी वखाणिया ए॥

७ ए च्यारू सोभ रह्या सत्यवंत, त्यांरी श्रद्धा आचार शुद्धतंत।
महियल मुनिवर मालता॥

८ ज्यूं मेरु तणा गज दंत च्यार, ते सोभै सगला में सार।
ज्यूं ए च्यारू मुनिवर शोभता॥

९ ज्यूं मेटै अंधारो मिथ्यात, ते लोकां में घणो साक्षात।
ते अंधारो मेटि उजालो कियो॥

१० भेषधार्‌यां रो आगे तो फंद, जद विचरता वीर जिणंद।
चोथा आरा में हूंतो घणो॥

११ आगे 'तिरासियो निह्नव'[1] ताम, तिण तीन शाख प्ररूपी ठाम-ठाम।
एक बोल सू ऊंधो पड्यो॥

१२ जीव-अजीव कह्या भगवंत, तिरासियो झूठ बोलंत।
जीव-अजीव पिण को नही॥

१३ तेहना साथी 'केडायत'[2] छै ताय, इण दुखम काल रे मांय।
वीर वचन उत्थापियो॥

१४ धर्म अधर्म जिनराय, ठाम ठाम सूत्रां रे मांय।
मिश्र मूल दीसै नही॥

१५ अणहूंतो ऊंधो मेल्यो न्याय, कहै धर्म पाप दोय थाय।
इम करै मिश्र री स्थापना॥

१६ ए बोलै एकंत 'मुसावाय'[3], त्यां नें खबर पडै नही कांय।
त्यां रा बोल्यां री समज त्यामें नही॥

---

*लय : हंस हंस बांधे कर्म.........।
१. रोहगुप्त।
२. अनुयायी।
३. मिथ्या वचन।

१७ आचार त्यांरो नही शुद्ध, वले श्रद्धा घणी विरुद्ध।
ते पिण साधु वाजे लोक मे ॥

१८ कोइ धर्म कहै छै तास, ते करसी नरक में वास।
केइ मिश्र कहै छै तेह मे ॥

१९ केइ काचो पाणी पायां कहै धर्म, ते यूंहीज वकै वांधै कर्म।
केइ पुन्य कहै छै तेह में ॥

२० ए सर्व भेषधारचा ने छोड, पूज्य समकित रो झाल्यो 'गोढ'[1]।
पाखंड पंथ सर्व छोडियो ॥

२१ पाखंडी डवोवै भवि जीव, त्यांनें पूज्य ज्ञान वतायो अतीव।
त्यांनें धर्म वतायो निर्मलो ॥

२२ इम भव जीवा नें समजाय, आणै मार्ग ठाय।
त्या ने तार्या संसार सू डूवता ॥

२३ किण ने देवो श्रावक ना व्रत वार, किण ने देवो महाव्रत सार।
किण ने ही सुलभवोधी करो ॥

२४ पूज्य तणा गुण सार, त्यारो कहिता नावै पार।
ए गुण गाया महाराज ना ॥

२५ किया पूज्य तणा गुण ग्राम, कर्म काटण रे काम।
सिरियारी में हूं हर्ष थी ॥

२६ संवत अठारे तिमंतरे जाण, आसोज सुद सातम पिछाण।
वार शुक्र अति दीपतो ॥

ढाल ३

दोहा

१ जिन मत साचो जगत मे, प्रसिद्ध लोक मझार।
वले दुखम आरे प्रगटचा, भिक्षु ऋषि ज्ञान भंडार।

२ त्यां रे पाटे सोभता, भारीमाल मुनिराय।
ते भार चलावै टोला तणो, त्यां रा गुण पूरा कह्या न जाय॥

३ त्या रे मुख आगल सोभै रह्या, खेतसीजी स्वामी सुवनीत।
वले हेम गुणाकर पूर छै, ते प्रसिद्ध लोक वदीत ॥

---

१. मू।

४ वले साधां में सुहामणा, ए रायचंद अणगार।
यां च्यारां में तो गुण छै घणा, त्यां रो कहूं थोडो विस्तार॥

*भविक जन भारीमाल गुण गावो रे॥ध्रुपदं॥

५ भारीमाल जी में गुण छै भारी, त्यां नै ओपमा अधिकी आई।
जिम सर में कमल सोभै छैं, तिम सोभै साधां मांई रे॥
६ जिम फौजा में सोभै हस्ती, मंदिर सोभै दीवो।
जिम साधा मे सोभै स्वामी, त्यां रो निर्मल ज्ञान अतीवो॥
७ साधु-सभा मे सोभै स्वामी, जिम तारा में चन्दो।
वले इंद्र सोभै देवता मे, तिम साधां में मुणिंदो॥
८ सुवनीत साध त्यांरा मुख आगल, बडा वड़ा शुद्ध साधो।
ते जिण मारग दीपाय रह्या छै, त्यां सुध मारग लाधो॥

भविक जन साधु ना गुण गावै॥ध्रुपदं॥

९ खेतसोजो सुवनीत संत छै, तिरै अवर नें तारै।
शुद्ध सुमता धारी ममता मारी, निज पर कारज सारै॥
१० ते पूज्य तणा वनीत छै पूरा, सतयुग नाम धरायो।
ते जीवादिक नव तत्व वतावै, साधा नैं सुखदायो॥
११ हेम मुनि सुवनीत भला ते, प्रसिद्ध लोक वदीता।
त्यां क्षान्ति तणो गेहणो सुध पहिरयो, पाखंडियां नै जीता॥
१२ तें क्षमता करता पाखंड डरता, केइ लडता पाखंड पापी।
जव हेम क्षमा सूं प्रेम लगावै, त्या रे दिल में सुमता व्यापी॥
१३ चोथा साध सोहै सुखदायक, रायचन्दजी भारी।
वखाण वाणी मे सावधान छै, करता पर उपगारी॥
१४ हेतु दृष्टांत न्याय शुद्ध कहता, वहता जिन मारग में स्वामी।
ते पूज्य तणा कह्या में चालै, त्या यशवंत सोभा पामी॥
१५ ए च्यार मुनि सोहै गणनायक, त्यारो बुद्धि घणी छै भारी।
तिरै निज घणां नै तारै, त्यां री जाऊं हू वलिहारी॥
१६ सोभै गज दंता मेरू गिरी ना, जिम ए च्यारुं स्वामी।
ए सुमता दमता खमता करता, ते मुक्ति जावण रा कामी॥
१७ मुनि मतिवंता रा ए गुण गाया, वैसाख विद थावर वारो॥
संवत अठारे वर्ष तिहंतरे, गोगूदा शहर मझारो॥

*लय—सासु सुसरा चन्द नृप ए ।

ढाल ४

दोहा

१ स्वाम भिक्षु रे पाटवी, भारीमाल सोभंत।
दिन दिन दीसै दीपता, आचार्य गुणवंत ।।
२ च्यारुं तीर्थ विच बैठ नें, दियै धर्म उपदेश।
सुण सुण ने भवि जीव ने, मन में हर्ष विशेष ।।
३ त्यां रो नाम अने गुण निर्मला, सुणिया मगन हो जाय।
जे सेवा भगती करै, त्यारा पातिक दूर पुलाय ।।
४ त्यां रा दर्शण री मन मे घणी, कही कठा लग जाय।
थोडी सी परगट करूं, ते सुणजो चित्त लाय ।।

*मुनिश्वर म्हारे तुम सू प्रीत।
मन वचन काया करी जी, तुम दर्शण वास्या मुज चित्त ।।
५ करषणी चित्त मेह मे रे, ज्यू तुम दर्शण ध्यान।
मोर पाणी मे मन वसे जी, जिम दर्शण तुम जाण ।।
६ हंस तणै मन वासियो, मानसरोवर सुखदाय।
तिम तुज दर्शण माहरे, ध्यान धरू हर्षाय ।।
७ जिम चकोर मन वाछतो, शीतल चन्द सुहाय।
इम हिज दर्शण इच्छतो, मन मे अधिक उम्हाय ।।
८ जिम सूर्य उग्या थका, पंकज अति विकसाय।
इण विध मुनिश्वर माहरे, तुम दर्शण री मन मांय ।।
९ मीन पामै रति जल विषै, कोयल मन वसंत।
निर्धन रे मन धन वस्यो, ज्यू मुज मन भारीमाल वसंत ।।
१० पतिव्रता पिउ सांभल्यां, मन मे हर्षित थाय।
ज्यू तुम नाम सुण्या थका, रोम राय विकसाय ।।
११ त्यारा दर्शण री घणी चावना, म्हारे मन वस्या भारीमाल।
गहर गंभीर धीरा घणा, त्यारी सुन्दर सोभत चाल ।।
१२ अहो निश जाप जपता थकां, जे मुनिश्वर तुम नाम।
नाम सुणी मन हुल्लसै, पामै सुख अभिराम ।।
१३ छिन जे वेला पुल घडी, सो दिन हर्ष समेत।
भारीमाल गुरु देखिया, तृप्त न हूवै नेत ।।

*लय : कपूर हुवै अति ऊजलो ए ....।

१४ भारीमाल मुनि दीयै, सुणी ए वाण विशाल।
गाज तणी पर गाजता, अमृत जेम रसाल ॥
१५ तुम नें सेवक अति घणा, दर्शन करै नयण निहाल।
वाणी सुणी हर्षे घणा, त्यांरा टूटै कर्मां रा जाल ॥
१६ गामां नगरां ने विषै, वाट जोवै ठाम ठाम।
भारीमाल गुरु सोभता, कद आवै इण गाम ॥
१७ हिवै मया कर मुझ ऊपरे, ए विनती सुण प्रत्यख।
स्वामी दर्शन दीजै वेग सू, ए अरज करै तुज शिख[1] ॥
१८ ए विनती कीधी पूज्य सू, देवगढ शहर मझार।
संवत अठारै पिचंतरे, चेत सुदी तेरस गुरुवार ॥

ढाल ५

१ *पूज्य भारीमाल भजो भवि प्रेम सूं, सरल घणा सुवनीत हो भविकजन।
गुरु भिक्षु आगे गणधर जिसा, पूरण पाली प्रीत हो भ० पू० ॥
२ निर अहंकारी मुनि हियै निर्मला, शील सिणगार सुगंध।
सत्यवादी मुनि वचने शूरमा, चित्त जिम शीतल चंद ॥
३ समता दमता खमता सागरू, वलि बाल ब्रह्मचार।
सूरत मुद्रा सुंदर सोभती, पेखत पांमै प्यार ॥
४ असल आचारी उपगारी मुनि, अमृत वाण 'अमाम'[2]।
जगत उदासी ऋषि जूना जती, नमण करूं शिर नाम ॥
५ शील आचार अखंड आराधिया, सुगुरु समाधि उवज्झाय।
गोत्र तीर्थकर बंधै तेह नैं, एहवा गुण भारीमाल रे मांय हो०॥
६ संवत अठारै वर्ष एकाणूवे, वैसाख सुदि एकम सार हो।
पूज्य भारीमाल तणा गुण गाविया, रामगढ शहर मझार हो ॥

ढाल ६

†भजलै तूं पूज्य भारीमाल ए ॥ध्रुपदं॥
१ भिक्षु पट भारीमाल ए, ज्यां मे असल साधु नी चाल।
ज्या किया घणां जीवां नै निहाल।

१. शिष्य। २. श्रेष्ठ।
*लय : पूज्य जी पधारो हो नगरी...। †लय : कृपया दीन अनाथ......।

२ सोम प्रकृति चित शांत, सुवनीत घणा जशवंत ।
वचन दृढ विरुद विशाल ॥
३ उत्तराध्ययन रा छत्तीस,अध्येन, उभा थकां गुणै सम श्रेण ।
वार अनेक दयाल ॥
४ अवसर ना जाण आप, याद आयांइ मिटै संताप ।
तन मन होवै खुसाल ॥
५ अठाणूवे वर्ष अठार, गाया भारीमाल गुण धार ।
मुज उपगारी संभाल ॥

इति श्री भारीमाल गणि गुण वर्णनम्

रायचंद गणि गुण वर्णन

ढाल १

दोहा

१ श्री पूज्य तणा मुख आगले, रायचंदजी स्वाम।
ते करै छै धर्म प्ररूपणा, त्यां रो यश फेल्यो ठाम-ठाम ॥
२ नगर गोगुदा पाखती, वडी रावलिया गाम।
त्या रो पिता चतरोसाह जाणजो, माता कुसालांजी नाम ॥

*भवियण भजलै रे, सतगुरू सीखड़ली ।
एती मीठी नही दूध साकर 'सूखडली'[1] ॥ध्रुपदं ॥

३ श्री पूज्य तणी वाणी साभल नैं, जाण्यो संसार नें खारो।
अनुमत लेइ नैं संयम लीधो, तिण रो वहु विस्तारो ॥
४ सयम लेइ ने वहु सीख्या, सूत्र सिद्धांत विचारो।
भण गुण 'पडपक'[2] हुवा मुनीश्वर, यश पाम्यो श्रीकारो ॥
५ ग्राम नगर पुर पाटण विचरचा, थया बाल ब्रह्मचारो ।
करै नर नारी यश महिमा त्यारी, कहै धन्य यारो अवतारो ॥
६ स्वामी साधुपणो लीधो तिण काले, माता संयम लीधो लारो ।
पछै संलेखना संथारो कर नैं, त्यां री माता उतरी भव पारो॥
७ महीयल विचरै धर्म देशना देवै, पाप कियो परिहारो।
शुद्ध संयम पालै ने दोषण टालै, थया कर्म काटण नै त्यांरो ॥
८ साध-साधवी, श्रावक-श्राविका, सगला रा हितकारो।
सुध सुमता धारी ममता मारी, आप तरे पर तारो ॥
९ ए रायचंदजी स्वामी रा गुण गाया, वर्ष तिमंतरे संवत अठारो।
जेठ सुदि आठम वार शनीश्चर, वडी रावलियां गाम मझारो ॥

---

*लय : चौरासी में भमता रे भमता ....।
१. मिठाई
२. निपुण।

ढाल २

*शरण तिहारे ३ हो, परम पूज्य सेवग नी अरदास।
आयो शरण तिहारे हो ।।ध्रुपदं ।।

१ परम दयाल गोवाल कृपानिधि, गणवच्छल गणनाथ।
भाग्यवली सुखदाई स्वाम नी, इचरज कारी वात ।।

२ तीजे पाट भिक्षु रे प्रतपो, शरणागत सुखकार ।
वीर जिनंद तणी पर हिवडां, कर रह्या जगत उद्धार ।।

३ मो सू उपगार कियो उत्कृष्टो, वस रह्या हीया मांय ।
आप समान वल्लभ कुण दूजो, दर्शण री अति चाय ।।

४ शीतल चंद सारिखा मोनें, 'वाल्हा'[1] लागै वैण ।
वल्लभ सूरत आपरी म्हारै, आप जिसो कुण सेण ।।

५ अंतर्यामी नै ओलखी म्हे, वाधी आप सू प्रीत ।
स्वामी रे सेवग घणा, मो सूं राखी चाहिजै रीत ।।

६ धर्माचार्य माहरा, थारी सुन्दर सोभती काय।
जीभ में अमृत झर रह्यो, थारा गुण पूरा कह्या न जाय ।।

७ कोड जीभ कर तुम गावू, तो पिण कह्या न जाय।
एसो उपगार कियो आप मो सू, रायचंद मुनिराय ।।

८ परम गरीवनिवाज पूज्य स्यू, अरज करूं जोडी हाथ।
सुप्रसन्न सुनिजर राखो, आप अनाथां रा नाथ।

९ मुज उपगारी पूज्य ना, गुण गाया धर अभिलाख।
संवत उगणीसै एके, विद चवदस वैसाख ।।

ढाल ३

[1]स्वाम सुणो जी मोरी वीनती ।।ध्रुपदं।।

१ परम पूज्य सू वीनती, कर जोडी करूं आण हुलास।
अभिलाषा दर्शन तणी, मन लागो जी स्वामी आपरै पास।।

२ गहरा सायर सारिखा, मेरु जेहवाजी आप धीर गभीर।
शीतल चंदन सारिखा, परिषह सहिवा जी साहसीक वडवीर।।

---

*लय : विमल प्रभू सेवग की अरदास ...   [1]लय . वीर सुणो मोरी वीनती ....

१. प्रिय ।

३ गण वच्छल गिरवा गुणी, जशवंता जी खिम्यावंता जोय।
नित्यप्रति समरण स्वाम नो, चित चाहवै जी कद दर्शण होय ॥
४ वल्लभ वाण महाराज नी, पूज्य मुख नी जी मीठी लागै वात।
जीभ मे अमृत झर रह्यो, सुण मन हर्षे जी जाणै पीधी 'निवात'[1]॥
५ सूरत हस्तमुखी भली, देखण नें जी म्हारा तरसै नेण।
नाम सुण्यां मन उल्लसै, अमृत सरीखा जी थांरा वाल्हा बैण॥
६ स्वप्नेइ दर्शण कियां, मन पांमै जी स्वामी परम संतोष।
तो देखण रो कहिवो किसूं, च्यारूं तीर्थं नैं जी थांरो पूरण पोष॥
७ 'कारण'[2] सुणकर स्वाम नो, करडी लागी जी ते'जाणै जगन्नाथ।
अन्नकी रुची बहु उड गई, बात करंता जी स्वामी हीयो भर जात॥
८ अंतर्यामी ने ओलख्या पछै, 'नवली'[3] बाधी जी स्वामी आप सू प्रीत।
स्वामी रे सेवग घणा, चाहिजै जी म्हां सू राखी प्रीत ॥
९ शरणे आवै वडां तणै, ते पिण हो करै तेहनी प्रीतपाल।
'विरुद'[4] पोतारो मेटैं नही, इणहीज रीते शरणे आयो दयाल ॥
१० गण सुखदाई स्वामी जी, आनंद करी जी ज्या सू लागो मन।
दर्शण चित परसन करै, हूं तो जाणू जी सोही दिहाडो धन्न ॥
११ 'हूंस'[5] धरी हूं आवियो, तुम चरण जी हू तो आपरो दास।
'चिटपटी'[6] लागी चित्त मझे, पूज्य पूरो जी सेवग नी आश ॥
१२ चातक घन, पिउ पतिव्रता, इण हीज रीते ध्यावू ऋषिराय।
सुप्रसन्न सुनिजर मागू सदा, वस रह्या जी म्हारा हीया मांय ॥
१३ पोहसुदि एकम उगणीसै तीए, सागानेरे जी रटिया रायचंद।
परम पूज्य ना प्रताप थी, आज हुवो जी म्हारे परम आनंद ॥

ढाल ४

*परम गुरु पूज्य ने नित्य वंदो रे ॥ध्रुपदं॥

१ भिक्षु भारीमाल ऋषराया रे, गुण उत्तम उत्तम पाया रे।
पंचम आरे प्रगटाया ॥
२ ऋषिराय वड़ा ब्रह्मचारी, भल सूरत मुद्रा प्यारी।
स्वामी शासण रा सिणगारी ॥

---

१. मिश्री।
२. अस्वस्थता।
३. नयी।
४. कर्त्तव्य।
५. उत्कंठा।
६. उत्सुकता।
*लय : नेमीनाथ अनाथा नो नाथो।

३ वचनामृत कोमल वरसै, निकलंक पूज्य गुण निरखै।
भवि पंकज तम मन हरखै ॥
४ गिरवा गुणधारी गंभीरा, स्वामी सुर गिरि जेम सधीरा।
हीये निर्मल अमोलक हीरा ॥
५ स्वामी च्यार तीर्थ सुखकारी, गणस्थंभ गणधार भारी।
नयणा नंदन पूज्य उदारी ॥
६ लघु वृद्ध यत्न अधिकारी, ज्यांरी सूरत री वलिहारी।
स्वाम मुझ आतम निस्तारी ॥
७ मुझ ने दियो संयम भारो, भाव लाय थकी काढचो वारो।
ओ तो पूज्य तणो उपगारो ॥
८ गुण पूज्य तणां याद आवै रे, तन मन 'रलियायत'[१] थावै।
म्हारे तुझ विन दाय न आवै ॥
९ स्वामी वडा उजागर आपो, तुम आण धारचा कटै पापो।
म्हारा मेटचा भव ना संतापो।
१० आप याद आयांइ हुल्लासो, म्हारी मेटी भव भव नी 'त्रासो'[२]।
स्वामी हू छू तुम्हारो दासो ॥
११ आपरो शरणो नित्य चाहू, तुम चरणारविंद ध्यावू।
तुम नाम समरण थकी सुख पावू ॥
१२ आप रा दर्शण कीधा, वचनामृत प्याला पीधा।
म्हारा वंछित कार्य सिद्धा ॥
१३ स्वाति वूद जेम सुविसेखो, आप सू चित्त 'मेखोन्मेखो'[३]।
हूं तो मांगू सुनिजर एको ॥
१४ उगणोसै पांचे माघ मासो, तेरस गुण गाया तासो।
आज पायो परम हुल्लासो ॥

ढाल ५

*संत सुहामणा

जश धारक महा गुण जहाज, स्वाम सुहामणा रे।
ए तो प्रत्यक्ष भवदधि पाज, रूडो परम पूज्य ऋपिराज ॥

१ रूडा रायचंद ऋपिराया रे, भिक्षु रे तीजे पाट सोभाया रे।
दिशावान स्वामी सुखदाया रे, संत सुहामणा ॥

---

१. प्रफुल्लित।
२ पीड़ा।
३. ऐकमेक।

२ सत्तावने चरण शुद्ध धार्यो, उगणीसे आठे पार उतार्यो।
'विरुवो'[1] 'वांक'[2] आतम नो वार्यो ॥

३ अठंतरे पूज्य पद पायो, जिन शासण नै दीपायो।
ज्यां रो जग मांहे जश छायो ॥

४ म्हारे आप सू प्रीत सवायो, चरण दायक महा मुनि रायो।
तुझ गुण पूरा कह्या न जायो ॥

५ गुणंतरे चरण आप आप्यो, इक्यासीये सिंघाडो समाप्यो।
त्रेणूवे युवराज सुथाप्यो ॥

६ पूरचा विविध प्रकार ना लाडो, चित चंद सरीखो 'सुताढो'[3]।
गिरि मेरू सरीखो तू गाढो ॥

७ उगणीसै आठे आषाढ आया, विद वीज पूज्य गुण गाया।
जोवनेर परम सुख पाया ॥

ढाल ६

*भजन करो ऋषिराय नो रे, ए तो हस्त मुखी हृद वेश रे।
राय ऋपि नित्य समरियै रे ॥ ध्रुपदं ॥

१ भिक्षु भारीमाल गणपति भला रे, रूडा तोजे पट ऋपिराय रे।
अधिक उजागर ओपता रे, देख्या चित्त रलियायत थाय रे ॥

२ सुरत मुद्रा सोहनी, वचनामृत वारु वखाण।
प्रवल पुन्य ना पोरसा, ज्यांरी जाझी कीरत जाण ॥

३ गुण रा सागरू, झीणी रहस्य समय ना जाण।
भाग्यवली भारी घणा, ओ तो परम दयाल पिछाण ॥

४ सत्तावनें 'राय' सयम लियो, पट अठंतरे सुख साज।
उगणीसै आठै समे, स्वामी सारचा आतम काज ॥

५ प्रथम दीक्षित निज कर थकी, कियो 'जय वर' ने ऋपिराज।
संवत अठारे गुणंतरे, ओ तो प्रत्यक्ष भवोदधि पाज ॥

६ इक्यासीये संत सूपी करी, कीधो 'टोलाधर'[4] भवोदधि पाज।
त्राणूवे वर्ष विचार ने, स्वामी आप्यो पद युवराज ॥

---

१. वुरा।
२. वक्रता।
३. ठंडा (शीतल)।

*लय . हंसा नदीय......।
४. सिंघाड़वध।

७ म्हां सूं उपकार कियो इसो, ते तो पूरो केम कहिवाय।
श्रमण सत्यां री सपदा, आतो दिन दिन अधिकी थाय ।।
८ स्त्री भरतार जोडे दीक्षा, वले पुत्र माता नी जोड।
माय ने वले पुत्रिका, दीक्षा जुगल वंधव धर कोड ।।
९ चरण कुंवारी कन्यका, भारीमाल वरतारे एक।
राय ऋषि रे दश थई, ए तो स्वाम प्रसादे पेख ।।
१० भिक्षु भारीमाल वरतार में, तप षट मासी हूवो नांय।
राय ऋषि वरतार में, 'अष्ट षट मासी'[1] अधिकाय ।।
११ अनोपचंद जय-वार मे, 'षट सप्त मासी च्यार'[2]।
भगिनी तास सुहामणी, आ तो चंपा अकनकुवार ।।
१२ दीक्षा राय वरतार मे, आ तो वुद्धिवंती वहु जाण।
स्यांणी सुगणी सोभती, आतो पुन्यवंती पहिछाण ।।
१३ चंपक फूल नी ओपमा, आ तो मनोहर चंपक माल।
शील सुगंध सुहामणी, वारु वच दृढ अधिक विशाल ।।
१४ गुण गाया गिरवा तणा, उगणीसै चवदे फाल्गुन मास।
सुदि पक्ष सातम शनि दिने, जोडी वीदासर जश वास ।।
१५ संत चम्मालीस सोभता, ए तो श्रमणी एक सो आठ।
एक सो वावन ओपता, जय गणपति सपति थाट ।।

ढाल ७

१ *वांदो भवि जीवा ! तुम्हे पूज्य रायचंद नें, गुण गिरवा गंभीर हो ।।भविकजन।।
गणवच्छल गणतिलक समा गुणी, विरुद निभावण वीर हो ।।
२ समता दमता खमता सागरु, वलि वाल ब्रह्मचार।
हस्तमुखी हद सूरत सोभती, पेखत पामै प्यार ।।

---

१. आठ छह मासियाँ करने वालो के नाम :—
१. मुनि पीथलजी (५६)
२. ,, वर्धमानजी (६७)
३-४ ,, हीरजी (७६) ने दो वार छहमासी की।
५. ,, शिवजी (७८)
६. ,, दीपजी (८६)
७. ,, कोदरजी (८९)
८. ,, मोतीजी छोटा (९६)
२. तीन छहमासी, एक सवा सात मासी।
*लय : पूज्य जी पधारो नगरी।

७ द्वंद मिटण फटण फंद, रटण 'चंद रायो'[1]।
अतिशय 'अदीठ'[2] 'नीठ'[3], दर्श स्पर्श पायो ॥
८ चरण ज्ञान ध्यान ऋद्धि, तो पसाय पायो।
अवर वात कहूं काहि, रंक कीध रायो ॥
९ एक अरज करूं स्वाम, मानज्यो ऋपिरायो।
सुप्रसन्न सुनिजर मागू, अवर नाहि चायो ॥

ढाल ९

*धिन धिन पूज्य रायचद नै जी ॥ध्रुपदं॥

१ 'गटण'[4] गुरु ज्ञान गिरवा घणा जी, मिटण 'मद'[5] 'मदन'[6] मोह अंध।
कटण कर्म जाल 'करुणाकुला'[7] जी, रटण ऋषि हृदय रायचंद ॥
२ 'दखिल'—दुख दाटण अघ दली जी, 'रखिल'—ऋषि वाल ब्रह्मचार।
'अखिल'—आचार आराधवा जी, सकल गण स्वाम शृंगार ॥[8]
३ तरण जन यान गण सुरतरू जी, चरण गुण खान चित्त शांति।
शरण मुनि स्थान अघहरण कू जी, करण करुणागर क्रांति ॥
४ सुगुरु कुल वास महा सूरमा जी, प्रवल वुद्ध आप प्रवीन।
धीर सीमात चित्त धारियो जी, कायर होय जावै दोन ॥

ढाल १०

†वाल ब्रह्मचारी जी ॥ध्रुपदं॥

१ संवत अठारै सत्तावने ब्रह्मचारी जी, कांई चैत्री पूनम जाण। वाल ब्रह्मचारी।
चारित्र लीधो चूंप सू ब्र०, ज्या चित्त दीधो निर्वाण वा० ॥
२ सूत्र सिद्धांत भण्या गुण्या, थया पंडित प्रवल प्रताप।
भीक्षु भारीमाल गुरु भेटिया, थां रो अधिक नाम आताप ॥
३ भारीमाल पट थापिया, थे सुगुरु तणा सुवनीत।
अवसर ना वहु जाण छो, उपगार करण वहु नीत ॥

---

१. रायचंदजी।
२. अदृष्ट।
३. मुश्किल से।
*लय : वीर वखाणी राणी चेलाणा ए.......
४. ग्रहण।
५. अहंकार।
† लय : आज आणदा रे ......।
६. कामदेव।
७. करुणामय।
८. इस पद मे आचार्य रायचंदजी को 'दखिल', 'रखिल' और 'अखिल' तीन गुणो से युक्त वताया गया है। तीनों शब्दो के अर्थ पद मे दिये हुए हैं।

४ पुन्य प्रवल छै आपरा, कांइ दिन दिन अति उद्योत।
साध साध्वी शोभता, दिन दिन जिन मत जोत ॥
५ उदे उदे पूजा घणी, कांइ पाखंड री बहु हाण।
देश प्रदेशां विचरता, तुम साध साध्वी जाण ॥

ढाल ११

*अहो पूज्य परम गुरु प्यारा ॥ध्रुपदं॥

१ भिक्षु पट भारीमाल भलकै, रायचंद पुन्य प्रवल झलकै।
सुधारस जेम कमल मुलकै ॥
२ मित्था तिमिर मेटण रवि स्वामी. चतुर विध तीर्थ ना यामी।
देश षट मांही कीरति पांमी ॥
३ ओजागर चरण करण छाजै, श्रमण वीच शशिहर जिम राजै।
पाखंड्यां में मृगपति जिम गाजै ॥
४ स्वामी उपगार करण आछा, लघु वृद्ध यत्न करण जाचा।
वदै वचनामृत वर वाचा ॥
५ ज्ञान तप साज शरण सोवै, इंद्र नरिद्र का मन मोवै।
दीठा विकसायमान होवै ॥
६ आचार आराधन अति दृष्टि, शिक्षा शीघ्र ग्रहण अधिक पुष्टि।
कृपानिध नीत निपुण वृष्टि ॥
७ सिद्धांत नी रहस्य बुद्ध वारू, वचन कला रूप चतुर चारू।
ज्ञान शरणागति तुम सारू ॥
८ स्वामी तुज साझ चरण पलियै, ज्ञान ध्यान रंगरत्ता रहियै।
भवोदधि दुख दूर टलियै ॥
९ हूं तो कहूं हस्त वेहूं जोडी, दीजै तप ज्ञान मुक्ति डोरी।
सुणीजै महाराज अरज मोरी ॥
१० भमत भव भ्रमण किया फेरा, फरस्या चरण रज वृंद तेरा।
हिवै दुख मेटीजै मेरा ॥
११ कुगुरु संग चिहु गति में भटक्यो, नरकादिक माहि घणो 'चटक्यो'[1]।
अवे तुज चरण अटक्यो ॥

इति श्रीमज्जयाचार्य विरचित रायचंद गणी गुण वर्णन

---

*लय : अहो हरि सांवरिया तथा सो हनुमंत वीर" ...।

१. मार को प्राप्त हुआ।

ढाल १२

*भजलै तू पूज रायचंद ए ।।ध्रुपदं।।

१ भीक्खू पाट भारीमाल ए, ऋषराय तीजे पट न्हाल ए ।
महिमागर मोटो मुनिंद ए ।।
रटलै तूं पूज रायचंद ए ।।ध्रुपदं।।

२ ग्यार वरस तणे उनमान, सुखे संजम धारयो स्वाम ।
निरमल नयणानंद ।।

३ प्रवल बुद्धि गुण पूर, स्वामी उपगारी महासूर ।
फेरण मिथ्या फंद ।।

४ स्वाम भीक्खू साठे संथार, भारीमाल पाट गण भार ।
मुख आगे ऋपराय मुनिंद ।।

५ अठंतरे अणसण आवियो, भारीमाल ने कलश चढावियो ।
धूर सू सेव करी तज धंध ।।

६ भारीमाल तणै भाल, ऋपराय पाट सुरसाल ।
पाम्यां परमानंद ।।

७ संजम दियो घणा नै श्रीकार, वलि श्रावक ना व्रत वार ।
गणधार गुणा रा समंद ।।

८ नित्य याद करै नर नार, हस्तमुखी पूज हितकार ।
गुणी नित्य प्रती जस गावद ।।

९ सुपनो तुम सुरत संभार, आवै मुझ हरप अपार ।
किण विध जाय कथिद ।।

१० पूरण वाधी म्हे आपस् पीत, रूडी राखता मुझ मन रीत ।
हिये हरप हुलसंद ।।

११ चट देई उतरतो चोमास, म्हारै हूतो दर्शण रो हुलास ।
पूज पेख्यां हुंतो परमानंद ।।

१२ वारू एकावन वास, वर संजम सखर विमास ।
जश कर रह्या वहुजन वृंद ।।

---

*लय : जाण छे राय तूं ... ... ।

१३ मुझ परम उपगारी सिर मोड, माहरे आप जिसो कुण ओर।
धुन आपरो ध्यान ध्यावंद ॥

१४ धुर थी चरण दे अंत सीम, निरमल पीत निभावी सुनीम।
कीरत जीत कथिद ॥

१५ उगणीसे आठे फागुण मास, सुदि बीज रच्या गुण रास।
सैहर लाडणू सोहंद ॥

२

चरमोत्सव गीतिकाएं

ढाल १

१ *स्वाम भिक्षू परगट्या, जग मांहि कीरति थई।
श्री जिन आणा शिरधरी, वर न्याय वतका कही।
कही रे स्वाम साचा अद्‌भुत वाचा कही ॥

२ आगूंच उत्तराध्ययन मे, इण आर पंचम मही।
जिन विना शिव पंथ होसी, संत तंत सही।
सही रे स्वाम साचा ॥

३ संवत् अठारै तेपना पछै, सूत्र संघ वृद्धि हुई।
बंकचूलिया मे वारता, तू जोय प्रत्यक्ष ही।
प्रत्यक्ष ही रे स्वाम साचा ॥

४ द्वादश मुनि आगे हुता, त्यां पछै वृद्धीज थई।
हेम चरण सुवृद्धि कारण, प्रत्यक्ष वयण मिल ही।
मिल ही रे स्वाम साचा ॥

५ स्वाम पारस सारिखा, चिंतामणी कर लही।
भवदधि पोत उद्योत करवा, स्वाम सूरज सही।
सही रे स्वाम साचा ॥

६ स्वाम भिक्षू समरिया, उगणीसै चवदा मही।
वीदासर चउमास में जय, सुजश कीरति थुई[1]।
थुई रे स्वाम साचा अद्‌भुत वाचा कही[2] ॥

ढाल २

१ [3]पूज्य भीखनजी महा उपगारी, शासण रा सिणगारी।
ऋषिराय तणी वलिहारी, महाराज वड़ा जशधारी ॥
२ दान दया हद न्याय दीपाया, जिन आणा शिर धारी ॥
३ विविध मर्याद वाधी आप वारु, उत्पत्तिया बुद्धि भारी ॥
४ गणपति आणा माहि विचरणो, समय तणो तंत सारी ॥

---

*लय . पांच मोर की मु दरी ।

१ कही ।

२. यद्यपि इस गीतिका मे चरमोत्सव दिन-भाद्रव शुक्ला १३ का उल्लेख नही है किन्तु उसी उपलक्ष में बनाई, ऐसा प्रतीत होता है ।

३ अनुमानतया यह गीतिका भी चरमोत्सव के उपलक्ष मे बनाई गई है ।

५ गणपति इच्छा सूं पट थापै, तसु करणो अंगीकारी ॥
६ लघु वृद्ध री तो नियम नही छै, गणि थापै ते अधिकारी ॥
७ अवर संत नै ताण न करणी, दुमन न ह्वेणो लिगारी ॥
८ कर्म योग कोइ गण थी निकलै, तिण नै गिणवो चिहुं तीर्थ वारी ॥
९ पोथी पाना न लेजावणा साथे, अवगुण न वोलणा लिगारी ॥
१० इत्यादिक मर्याद अनोपम, स्वाम वांधी सुखकारी ॥
११ उगणीसै पनरे भादु विद पनरस, लाडणू शहर मझारी ॥
१२ जय जश गणपति अरज करै, समरण सहचारी ॥

ढाल ३

*श्रमण सिरोमण सोभता जी, भिक्खू सखर सुजाण ॥ ध्रुपदं ॥
१ पंचमे आरे प्रगटयाजी काई, भविजन भाग्य प्रमाण ।
आदनाथ अरिहंत ज्यू जी कांई, भिक्षु भरत में भांण जी कांई ॥
२ दांन दयादिक ऊपरे, दिया विविध दृष्टन्त ।
हलुकर्मी जन सुण हिये, तुरत ग्रहै 'मग'[1] 'संत'[2] ॥
३ दूध दही गोरस तणो, सार माखण पहिछांण ।
भिक्षु अमृत वायका, समय सार जिन आंण ॥
४ अधिक ओजागर ओपता, सासण सिरमणि मोड़ ॥
सांप्रत काले पेखियै, अवर न एहनी जोड़ ॥
५ उगणीसै सोले समे, भाद्रव शुक्ल पक्ष जांण ।
भिक्षु गणि गुण गावतां, हुवो आनंद हरप किल्याण ॥

ढाल ४

१ †संवत अठारै सतरो जी, स्वामीजी गुणवंत ।
संवत थयो अति सुथरो[3] जी, स्वामीजी गुणवंत ।
जन्म भाव चारित्रो जी, स्वामीजी गुणवंत ।
स्वाम भाण जिण मत रो जी, स्वामीजी गुणवंत ।
भिक्षु भारीमाल प्रमुख मुनि, कियो धर्म उद्योत ॥ सं० ॥
२ दान दया दीपाई, जिन आणा ओलखाई ।
समकित शिव पद साई, वारू रहस्य वताई ।
चरण-देशव्रत दे वहु जन नै, घण घट घाली जोत ॥

---

*लय . म्हारै सासूजी रै पाच पुत्र · · ।
१. मार्ग (मोक्ष का मार्ग)
२. सज्जन पुरुप ।

†लय—माता सुत नै भाखै ·· ····· ··।
३. श्रेष्ठ ।

३ भिक्षू गुण भंडारो, उत्तम पुरुष अवतारो।
विविध मर्याद उदारो, बांधी महा सुखकारो।
इक गणी नामें दीक्षा देणी, लिखत वत्तीसा मांय॥
४ इंद्री पाच अखंडित, परम पूज्य महा पंडित।
मुनिवर गुण-मणि मंडित[1], सिंह केसरी तंडित[2]।
सतरा सू साठा लग स्वामी, वहु जन तारचा ताहि॥
५ चरम चौमास सिरीयारी, आप कियो सुविचारी।
अंत समय अवधारी, अणसण लियो उदारी।
साधु साध्वी आवै साहमा, जावो इम पभणंत[3]॥
६ चरम वयण तंत सारी, मिलिया महा सुखकारी।
हरख्या लोक अपारी, चित्त पाया चमतकारी।
सात पोहर नो आयो अणसण, सुदि भाद्रवे तेरस तंत॥
७ चरम कल्याण पिछाणो, इह भव आश्री जाणो।
आज दिवस ते माणो, महोत्सव आज मंडाणो।
उगणीसै सतरे जयजश गणि, सुदि भाद्रव महासुखकार॥

ढाल ५

*जेह सुगुण नरनार, तेहने मन वसियो।
भिक्षु गुण रसियो ॥ध्रुपदं॥

१ भाद्रव शुक्ल तिथि तेरसी रे, सूरिजन, मृत्यु महोत्सव महाराज।
संवत अठारै साठे समे रे, सूरिजन, पंडित मरण सकाज।
स्वामी गुण रसियो॥

२ †मन वस्यो मेरे स्वाम भिक्षु, पोहर सप्त पिछाणियै।
'वे वदी वाणी मिलि आणी'[4], जवर जयजश जाणियै॥

३ इहा संत आवै जावो साहमा, महा सत्या आवै वली।
इक दोय मुहूर्त मांहि आया, हूओ हर्ष सुरंगरली॥

---

१. शोभित।
२. जोशभरी आवाज युक्त।
३. कहा।
*लय—प्राणी गुण रसियो ...।
†लय—पूज्य मोटा ...।

४ कही हुई दो वातें (साधु तथा साध्वियां आ रही है) मिल गई।

४ आ तो रंगरली हुई भारी, छेहड़े मिलिया तीर्थ च्यारी।
नर नारी वोल्या तिह वारं, ऊपनो दीसै अवधि उदारं ॥
५ इम आगूंच वात प्रकासी, दीसै ज्ञान सू वात विमासी।
जग मांहि वहु जन जाणी, निश्चय तो जाणै केवलनाणी ॥
६ *केवलनाणी भाखियो रे, सूरिजन, तें हिज धर्म मुतंत।
धारचो भिक्षू चित्त धरी रे, परिहरियो कुपंथ ॥
७ †कुपंथ छोडो धरचो सुमग्ग, अष्टादश सतरे समे।
जिन आण, दान, सुदया-निर्णय, जीव तारचा भरत में ॥
८ पट भारीमाल विशाल थापी, पद आराधक पाविया।
वर आज के दिन वर्ष साठे, परभव आप सिधाविया ॥
९ इह अर्थ महोत्सव अधिक उत्तम, स्वाम भिक्षु नों भलो।
उगणीसै ठारे स्वाम दिन ए, नमो भिक्षु गुण निलो ॥

ढाल ६

+महाराजा फूल क्यारी लगी[1]

महाराजा गुल क्यारी[2] लगी ॥गु०॥

१ संवत अठारै साठे समे स्वामीजी, भाद्रव शुक्ल पक्ष सार हो।
तेरस अणसण सीझियो, स्वा० सिद्धि योग मंगलवार हो।
२ भिक्षू आपरै संथारे, छिव भारी लगी।
भिक्षू स्वाम रा अणसण री, छिव भारी लगी ॥
३ साहमा जावो संत आवै अछै, साधवियां आंवत हो।
चरम वचन इम ऊचरचा, मिलियो तंतो तंत हो ॥
४ च्यार तीर्थ भेला हुवा, स्वाम तणै संथार हो।
सात पोहर नो आवियो, अणसण जय जय कार हो ॥
५ आप ओजागर[3] ओपता, आप तणों आधार।
पूर्ण आपरी आसता, स्मरण संपत्ति सार हो ,।

*लय—प्राणी गुण रसियो।
+लय—कांठोडा तो वाजा वाजिया
†लय—पूज मोटा

१. फूलो की क्यारी (वगीचे मे थोड़े थोड़े अन्तर से बनाये गये विभाग)
२. गुलाब की क्यारी।
३. ओजस्वी।

६ उपगारी गुण आगला, याद करू दिन रैन हो।
हर्ष अधिक हिये हुल्लसै, चित में पामू चैन हो।
७ भारीमाल पट सोभता, तीजे पट ऋषिराय हो।
जय जश संपति साहिवी, आप तणैं सुपसाय हो।
८ उगणीसै अष्टादसे, भाद्रवा शुक्ल पक्ष सार हो।
महोत्सव मनहर लाडणू,पूज्य भवोदधि पार हो।महाराजा गुल०।

ढाल ७

१ *मरुधर कंटाल्या मझे रे, भिक्षु प्रगट्या भाण।
सतरे सै तंयासी रे, मृगपति सुपने माण॥
मृगपति सुपने माण, माता सुत जाइयो।
सज्जन पाम्या आणंद, परम सुख पावियो॥
परणी सुंदर नार, तरूण चढती कला।
उत्पत्तिया अधिकाय, सुगुण वृद्धि आगला॥
२ अष्टादश आठे समे रे, द्रव्ये संयम धार।
पनरे मार्ग ओलख्यो जी, वारू कियो विचार॥
वारू कियो विचार, सतरे सर्व जाणियै।
भावे चारित्र लीध, 'उलट'[1] अति आणियै॥
सावद्य निर्वद्य सोध, आगम अवलोक नै।
शिरधारी जिन आण, परम वच पोख नै॥
३ अष्टादश वतीस मे रे, धुर वलि गुणसठे अंत।
मर्यादा वाधी जवर, संत सती गुणवंत॥
संत सती गुणवत, चेला गणपति तणा।
दीक्षा दे अभिराम, गणी नै सूपणा॥
आचार्य निज पाट, सूपै जिन मुनि भणी।
रहिवो छै तसु संग, तजी 'खाच'[2] अन्य तणी॥

*लय—काली गुदला वादल गाजिया… ।
१. उमंग ।
२. आग्रह ।

४ संवत अठारे पच्चासए रे, दोष देख्यां तत्काल।
कहिवो आचार्य भणी, अथवा घणी निहाल॥
अथवा घणी निहाल, चरण गण मझे।
श्रद्धो रहिजो मांहि, कपट दूरो तजे॥
कपट थकी रह्यां माहि, सिद्धां री आण छै।
'पंच पदां'री' आण, वले पचखाण छै॥

५ गण थी वाहिर निकली रे, अवगुण ना पच्चखाण।
उपगरण ले जाणां नही रे, ए पिण त्याग सुजाण॥
ए पिण त्याग सुजाण, वलि पैंतालीस मे।
गण माहे तथा वार, निकलनैं संयम 'वमै[2]'॥
गण ना अवर्णवाद, अंश मात्र पिण सही।
वोलण रा पचखाण, पिठी मंस[3]' जिन कही॥

६ भारीमाल पट थापिया रे, वर्ष वत्तीसे आप।
साठे भाद्रव शुक्ल पक्ष, स्थिरचित अणशन थाप॥
स्थिरचित अणशन थाप, संत वर 'व्यावचे[4]'।
साह्मो जावो सुजाण, संत आवै अछै॥
वलि श्रमणी आवंत, चरम वच भाविया।
मिलियो तंतो तंत, श्रमण सती आविया॥

७ सात पोहर नो आवियो, संथारो श्रीकार।
तेरस रे दिन सीझियो, पक्को उतारचो पार॥
पक्को उतारचो पार, महोत्सव दिन आज रो।
देश देश दीपंत, सुयश महाराज रो॥
उगणीसै उगणीस, भाद्रव सुदि त्रयोदशी।
जय-जश संपति सार, सुगण जन मन वसी॥

ढाल ८

१ *स्वाम भिक्षू प्यारे, जग नीको शासण शिर टीको, स्वामी हद प्यारे।
भिक्षू प्रगटचा भरत मझारो, या तो आय लियो अवतारो॥ ध्रुपदं॥

---

१. अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और मुनि।
२. छोड़ दे तो।
३. परोक्ष मे दोप वोलने वाला।
४. सेवा मे।

* लय—प्यारे मोहै केसरिया साड़ी ......

२ सतरेसै तंयासिये सारो, मरुधर देश मझारो ।।
३ ओसवंश अभिरामो, तंत जाति संकलेचा तामो ।।
४ अनुक्रमे सुंदर इक परणी, वारु उत्पत्तिया वृद्धि वरणी ।।
५ वर्ष पणवीस आसरै वरिया, द्रव्य गुरु रुघनाथ जी धरिया ।।
६ राजनगर चौमासा मांह्यो, वर्ष पनरे ज्ञान हृद पायो ।।
७ वहु वाच्या सूत्र सिद्धांतो, जद ओलखियो प्रभु पंथो ।।
८ पछे द्रव्य गुरु नै कहै आई, शुद्ध श्रद्धा धारो सुखदाई ।।
९ वलि आदरो शुद्ध आचारो, तो थांरे म्हारे रहै ए प्यारो ।।
१० दोय वर्ष आसरै पेखी, खप कीधी अधिक विसेखी ।।
११ त्या रै हिये न बेठी लिगारो, वगडी थी कियो विहारो ।।
१२ तेरे जणां सू प्रसीद्धो, नवि दीक्षा लेवा मन कीधो ।।
१३ शहर जोधाणे तामो, यांरो तेरापथी दियो नामो ।।
१४ ए तो पंथ अनेरो न मानै, प्रभु तेरापंथ सत्य जानै ।।
१५ सतरै वर्ष चरण नवो धारयो, या तो खरे मते सुविचारयो ।।
१६ पछै जीव घणा समझाया, च्यार तीर्थ थाट जमाया ।।
१७ उत्पत्तिया बुद्धि अनुसारो, आसरै 'ग्रंथ'[1] अड़तीस हजारो ।।
१८ भारीमाल पट थाप्यो, त्यारो प्रगट सुयश जग व्याप्यो ।।
१९ घणा देशां में धर्म दीपायो, चरम चोमासो सिरीयारी ठायो ।।
२० कांयक दस्त रो कारण जणायो, तो पिण गोचरी शहर में जायो ।।
२१ कियो संवत्सरी रो उपवासो, छठ पारणो न 'जरयो'[2] तासो ।।
२२ सातम आठम नवमी तायो, अल्प आहार लियो मुनिरायो ।।
२३ दशम चाली 'चोखा'[3] उन्मानो, आसरै दश मोठ पिछानो ।।
२४ शिष्य कर जोडी अर्ज करता, पिण स्वामी 'त्रटके'[4] से त्याग वरंता ।
२५ तिथि एकादशी तासो, कियो अमल आगारे उपवासो ।।
२६ वारस वेलो कियो इण रीतो, त्यांरै अनशन धारण नीतो ।।
२७ सामली हाठ सू उठी आया, पक्की हाठे पक्का मुनिराया ।।
२८ सुखे सूता रायऋषि वोलै, पुद्‌गल हीणा पड्या वच तोलै ।।
२९ भारीमाल सु आदि वोलाया, ए तो 'चटके'[5] से उभा आया ।।
३० अरिहंत सिद्धा नै नमुत्थुणं आमो, कियो तीखे वचने तामो ।।
३१ घणा नर नारी निसुणै तिवारो, पचख्या जावजीव तीनू आहारो ।।

१. पद सख्या ।
२. हजम नही हुआ ।
३. चावल ।
४. तुरत ।
५. तत्काल ।

३२ बारस 'बेला'[1] में कियो संथारो, 'छेहलो चोघडियो[2]' श्रीकारो ॥
३३ लोक चमत्कार अति पाया, घणा त्याग वैराग्य वधाया ॥
३४ तेरस दिन जाझो पोहर आयो, 'आपे[3]' उदक पीयो मुनिरायो ॥
३५ दिन पोहर दोढ चढयो उन्मानो, स्वामी किण विध बोलै वानो ॥
३६ साधु आवै साहमा जावो भावै, वले साधविया पिण आवै ॥
३७ केतो कह्यो अटकल उन्मानो, के कह्यो बुद्धि प्रमाणो ॥
३८ के अवधि उपनो जाणी, ते तो जाणै केवलनाणी ॥
३९ लोकां जाण्यो साधा में योग वसिया, मुहूर्त साधु आया दोय तसिया ॥
४० साधु विकसित वंदै विख्यातो, स्वामी मस्तक दीधो हाथो ॥
४१ दोय मुहूर्त आसरै विख्यातं, आयो साधविया रो साथं ॥
४२ लोका जाण्यो अवधि उपन्नो, चिह्न तीर्थ करै धन्य धन्नो ॥
४३ साधु आया तिके गुण गावै, भांत भांत परिणाम चढावै ॥
४४ आप कहो तो बैठा करा सारं, जद भरियो कांय हुंकारं ॥
४५ बैठा कर मुनि लारे बैठा, परिणाम स्वामी रा सैंठा ॥
४६ सुखे समाधे दीसत जांणं, स्वामी चट दे छोडया प्राणं ॥
४७ सात पोहर आसरै संथारो, सिरियारी शहर मझारो ॥
४८ वर्ष साठे नैं संवत अठारो, भाद्र सुदि तेरस मंगलवारो ॥
४९ पंडित मरण किल्याण पिछाणो, तिण कारण महोत्सव जाणो ॥
५० तेरे खंडी मंडी करि तामो, इण मे धर्म तणो नहिं कामो ॥
५१ उगणीसै वीसे धर कोडो, कीधी महोत्सव धुर दिन जोड़ो ॥

ढाल ९

*शासण शिर सेहरा भिक्षु स्वामी रे ॥ध्रुपदं॥

१ सतरेसै तंयासिये स्वामी रे, सुदि आसाढ जन्म सुनामी रे।
संकलेचा जाति गुण धामी ॥

२ परणी इक 'रमण'[4] प्रसिद्धो, अष्टादश आठे गृह तज दीधो।
द्रव्य चरण अंगीकृत कीधो ॥

३ पछै आगम न्याय पिछाणी, वारु दान दया हृद छाणी।
भावे दीक्षा सतरोत्तरे जाणी ॥

---

१. दो दिन का उपवास।
२. अन्तिम चार घटी-९६ मिनट।
३. स्वत।
*लय : नमीनाथ अनाथा रा नाथो रे...... ।
४. रमणी-स्त्री

४ जिन शासन जबर जमायो, प्रभु आण धर्म ओलखायो।
चिहूं तीर्थ जग यश छायो ॥

५ अड़तीस सहस्र उन्मानो, सूत्र शाख 'ग्रंथ'[१] सुप्रमाणो।
भरत मांहि भिक्षु गणि भानो ॥

६ पट भारीमाल मुनि प्यारो, थाप्या वर्ष वत्तीस विचारो।
जिन शासण रो शृङ्गारो ॥

७ कर्मयोग हुवै गण वारो, तिण नै गिणवो नहि अणगारो।
धिग् धिग् धिग् तास जमारो ॥

८ लिख्या पत्र लेजावणा नाहि, अवगुण न वोलणा काई।
एहवा त्याग लिखत रे मांही ॥

९ वर्ष गुणसठे तांइ विचारी, वांधी विविध मर्यादा भारी।
चरम चौमासो कियो सिरियारी ॥

१० संवत्सरी तणो उपवासो, पंचमी पारणो कियो तासो।
नही जरियां स्वाम सुविमासो ॥

११ सातम आठम नवमी सुसारो, स्वामी लियो अल्प सो आहारो।
इम संलेखणा अधिकारो ॥

१२ दशम आसरै चोखा चालीसो, आसरै दश मोठ जगीसो।
तत्क्षण त्याग किया मुनीसो ॥

१३ एकादशी 'अमल'[२] आगारो, उपवास कियो सुविचारो।
तिथि वारस वेलो उदारो ॥

१४ सामली हाट सूं सुविचारो, पक्की हाट आवी गुण धारो।
स्वामी पक्कोई करै संथारो ॥

१५ अरिहंत सिद्धा नै तामो, तीखे वचन नमुत्थुणं सुनामो।
संथारो पचख्यो भिक्षु स्वामो ॥

१६ नर नार्यां रा वृंद हगामो, करै नमस्कार गुण ग्रामो।
हिवे तेरस रो दिन तामो ॥

१७ चरम वचन वोलै मुनिरायो, साधु आवै साहमा जावो ताह्यो।
वलि साधवियां पिण आयो ॥

१८ एक मुहूर्त आसरै धारी, दोय संत आया गुण धारी।
प्रणमै पद 'पंकज'[३] भारी ॥

---

१. श्लोक सख्या।
२. अफीम।
३. चरण कमल।

१९ स्वामी मस्तक दीधो हाथं, करसूं 'सानी'[1] करी नै विख्यात ।
पूछी नेत्र तणी सुख सातं ।।

२० गुणग्राम गावै जोडी हाथं, आसरै दोय मुहूर्त ख्यातं ।
आयो त्रिण साधवियां रो साथं ।।

२१ मांढी सींवी दर्जी पूगो जाणं, तिण अवसर मांहि अचाणं ।
स्वामी तत्क्षण छोड्या प्राणं ।।

२२ सात पोहर रो आयो संथारो, संवत अठारै साठे विचारो ।
भाद्रवा सुदि तेरस सारो ।।

२३ चरम कल्याण महोत्सव आजो, स्वाम भिक्षु तणो शुभ साजो ।
जय आनंद हर्ष समाजो रे ।।

२४ उगणीसै वर्ष इकवीसो, चरम कल्याण दिवस मुनीशो ।
जोडी जय जश करण जगीसो ।।

२५ शहर जोधाणा मे सुख पायो, हूओ धर्म उद्योत सवायो ।
'महिमंडल'[2] जय जश छायो ।।

ढाल १०

*जशधर पूज प्रगटिया लाल, स्वामजी ।।ध्रुपदं ।।

१ शहर कंटालियो जाणी लाल स्वामजी, अवतरिया भिक्षु आणी जी ।
२ स्वामी ओसवंश अधिकारी, संकलेचा जाति उदारी ।।
३ जनम्या सवत सतरै सै, वंयासिये वर्ष विशेषै ।।
४ इक सुंदर परण सुहाई, आठे द्रव्य दीक्षा आई जी ।।
५ द्रव्य गुरु रूघनाथजी धरिया, वर्ष पनरे नयन उघड़िया ।।
६ सोलेसै आषाढ वरिया, मुनि भाव चरण उच्चरिया ।।
७ मुनि तेरापंथ संचरिया, तिण सूं नाम तेरापंथी धरिया ।।
८ वरदान दया दीपाया, जिन आज्ञा धर्म वताया ।।
९ वलि लिखत मर्यादा वांधी, आ तो विविध प्रकारे सांधी ।।
१० गुरु नामे दीक्षा देणी, वत्तीसा लिखत में रैणी ।।
११ गण वाहिर निकलियां कोई, तिण नैं साधु न गिणवो सोई ।।
१२ नहि गिणवो तीर्थ माही, वत्तीसे लिखत फरमाई जी ।।

---

१. इशारा ।
२. पृथ्वीतल ।

*लय : सुख पाल सिंहासन ...

१३ अवगुण वोलण रा पचखाणो, पच्चासे गुणसठे वाणो ॥
१४ इत्यादिक वहु मर्यादो, आप वांधी धर अहलादो ॥
१५ वर्ष साठे शहर सिरियारी, चरम चउमासो धारी ॥
१६ साहमली दूकान सू आवी, ऊच्चेश्वर अनशन भावी ॥
१७ मुनि आवै साहमो जावो, श्रमणी आवै सम भावो ॥
१८ ए चरम वचन तंत सारो, आप वोल्या अधिक उदारो ॥
१९ पाली सू वे मुनिराया, थोडी वेला सू आया ॥
२० कर वंदन नामी माथो, मुनि मस्तक दीधो हाथो ॥
२१ साता पूछै कर सेती, गणि भिक्षु घणा 'सचेती'[१] ॥
२२ अज्जा पिण तीन आनंदे, आवी ते मुनि नै वंदै ॥
२३ वच फलियो हर्ष्या लोगो, कहै अवधि दीसै प्रयोगो ॥
२४ वुद्धि अकल तास अधिकाई, तेह थी ए वात वताई ॥
२५ तथा अवधि उपनो जाणी, जाणै ते केवल नाणी ॥
२६ इम सात पोहर संथारो, मुनि पाम्या भवजल पारो ॥
२७ भाद्रव सुदि तेरस भाली, मंगल सिद्ध योग विशाली ॥
२८ चिहु तीर्थ नै समझाया, जिन मारग थाट जमाया ॥
२९ एहवा भिक्षू मुनिराया, तसु स्मरण महा सुखदाया ॥
३० पट भारीमाल गुण भारी, ऋषिराय वड़ा ब्रह्मचारी ॥
३१ गण संपति तास पसायो, जय जश सुख हर्ष सवायो ॥
३२ उगणीसै वर्ष वावीसे, भाद्रव सुदि वारस दिवसे ॥
३३ भिक्षु नो चरम कल्याणो, कीधी तसु जोड़ पिछाणो ॥
३४ तेरस दिन महोत्सव जाणो, ए वर्षोवर्ष पिछाणो ॥

ढाल ११

१ *अष्टादश सोलै समें, जशधारी हे, कांई आषाढी पूनम सार।
भिक्षु भारी हे ।
संयम शुद्ध समाचरचो, काइ छांड दियो भेष धार ॥
२ दान दयादिक ऊपरे, वारु ग्रंथ विचार ।
अड़तीस सहस्र आसरै, जोडचो महा जयकार ॥

१. सावधान ।
*लय : मुसरोजी जायज्यो डूगरा रे.... ..

३ शिष्य शिष्यणी करणा सही, आचार्य रे नाम।
वांधी मर्यादा भली, वर्श वत्तीसे ताम॥

४ गण वाहिर निकलै अवनीतड़ा, तेहनै गण ना जाण। सुभव्यप्राणी रे।
अवगुण अंश न वोलणा, गुणसठे पच्चासे आण॥

५ क्षेत्रां में रहिणो नही, पुस्तक पानां जाण।
लिख्या नही ले जावणा, लिखत गुणसठे माण॥

६ टालोकर छै तेहनै नही, गिणवा तीर्थ माहि।
वंदै पूजै जेहने, ते पिण आज्ञा में नाही॥

७ लिखत वत्तीसे गुणसठे, ए मर्यादा सार।
हलुकर्मी हर्षे सुणी, मूर्ख दे मुंह विगाड़॥

८ दृढ मर्यादा वांधी घणी, थाप्या तीर्थ च्यार।
चरम चउमासो स्वामजी, सिरियारी सुखकार॥

९ पांचू इंद्रियां परवरी, थाणे थपिया नांहि।
किंचित कारण दस्तनो, श्रावण मासज मांहि॥

१० करै शहर में गोचरी, दिशा पुर वाहर जाय।
अधिक असाता तनु नही, हिवे मास भाद्रवा मांय॥

११ पर्यूषण में परवरा, त्रिहुं टक वखाण तास।
संवत्सरी नो स्वामजी, आप कियो उपवास॥

१२ पूज्य कियो छठ पारणो, वमन हुवो तिण वार।
सातम आठम नवमी इं, लीयो अल्प सो आहार॥

१३ दशम तिथी दयालजी, आसरै चोखा चालीश।
वलि दश मोठ रै आसरै, लीधा स्वाम जगीश॥

१४ उपवास कियो एकादशी जी, अमल तणे आगार।
वारस दिन वेलो कियो, इम तन तोली सार॥

१५ सामली हाठ सू ऊठ नै, चलिया चलिया आय।
पक्की हाट पक्का मुनि, दियो पक्को संथारो ठाय॥

१६ नमोत्थुणं 'पोते'[1] गुण्यो, तीखे वचने ताम।
तीन आहार त्यागन किया, वहुजन सुणता ताम॥

१७ वहुजन वृंदज आवता, गावत अति गुण ग्राम।
नीचो शीश नमावता, कहै धन्य धन्य भिक्षू स्वाम॥

---

१. अपने आप।

१८ प्रथम करी आलोवणा, शीख अमोलक सार।
खमत खामणा खांति सूं, पूज्य किया धर प्यार।।
१९ तेरस दिन तीखे मने, ध्याय रह्या शुभ ध्यान।
दिन चढियो तिण अवसरे, दोय पोहर उन्मान।।
२० साधू आवै छै इहां, साह्मा जावो सार।
साधवियां आवै अछै, चरम वचन चमत्कार।।
२१ हर्ष धरी नै वांदतां जी, पूज्य पाय विख्यात।
साधू आया जाण नै, मुनि मस्तक दीधो हाथ।।
२२ हाथ थकी सानी करी, साता पूछी चीन।
दोय मुहूर्त रे आसरै, आवी साधवियां तीन।।
२३ वंदै शीष नमावती, गावै गुण धर ध्यान।
लोक कहै स्वामी भणी, उपनो अवधिज ज्ञान।।
२४ केतो कह्यो अकल थकी, के कह्यो बुद्धि प्रमाण।
के को अवधि समुप्पनो, ते जाणै सर्वनाण।।
२५ तेरे खंडी त्यारी करी, जाणक देव विमाण।
बेठा बेठा स्वामजी, काइ चट कै छोड्या प्राण।।
२६ अठारेसैं साठे समे, सुदि भाद्रव तेरस ताहि।
मंगलवारे महामुनि, पहुंता परभव माहि।।
२७ आदिनाथ जिम अवतरया, पंचम काल मझार।
सूत्र देख शुद्ध मग लियो, ज्यांरी हूं वलिहार।।
२८ आप उजागर ओपतां, आप तणो आधार।
तुज वचनांरी आसता, तन मन सेती प्यार।।
२९ स्वपने सूरत स्वाम नी, देख्यां ही आनंद।
प्रत्यक्ष नो कहिवो किसो, जाण रह्या जिन चंद।।
३० ब्रह्मव्रत व्रतां मझे, 'कल्पे ब्रह्म' कहाय।
मोटा छै तिम जाणजो, भिक्षु मुनिवर माय।।
३१ ऊंडी तुज आलोचना, प्रवल वुद्धि अधिकार।
महंतपणो भारी घणो, वर तुज प्रीत अपार।।
३२ आशा पूरण गावियो, उगणीसैं तेवीस।
भाद्रव शुक्ल तेरस भली, जयजश करण जगीस।।

१. सौधर्म आदि १२ देवलोको में पांचवां देवलोक।

ढाल १२

*भविक जन सांभलो रे ।। ध्रुपदं ।।

१ सतरे सै तंयासिये, भिक्षू जन्म उदार।
अष्टादश आठे समे रे, द्रव्य दीक्षा अवधार ।।

२ पनरै में प्रतिबूझिया, सतरे भावे संत ।
तेरे जणां सूं नीकल्या, नाम दियो तेरापंथ ।।

३ श्री जिन आगम सोधनै, जिन आज्ञा में धर्म ।
दान दया दीपाय नै, भांज्या भवि मन भर्म ।।

४ बत्तीसे बांधी भली, मर्यादा अभिराम ।
शिष्य शिष्यणी करणा सहू, एक गणपति नै नाम ।।

५ जिलो टलो नही बाधणो, गण मे अथवा बार ।
टल अवगुण न बोलणा, लिखत पेतालीसे सार ।।

६ लिखत पचासा में वली, गणथी निकल जाण ।
अंश अवगुण बोलण तणां, जावजीव पचखाण ।।

७ वलि टोला थी नीकली, एक निशा उपरंत ।
क्षेत्रां में रहिणो नही, लिखत गुणसठे मंत ।।

८ दोष देख्यां तुरत दाखणो, वहु दिन थी कहै धार ।
तेहिज दोष तणो धणी, वलि 'रास'[1] विषै विस्तार ।।

९ इत्यादिक बांधी भली, मर्यादा अभिराम ।
चरम चउमासे आविया, सिरियारी मे स्वाम ।।

१० कांइक असाता दस्त री, दिशां जाय पुर बार ।
वलि गोचरी शहर मे, श्रावण मास मझार ।।

११ पूनम रे दिन पूज जी, उठ्या गोचरी आप ।
भाद्रव करी आलोवणा, सखरी सीख समाप ।।

१२ चोथ भक्त सुदि पंचमी, स्वामी कियो सुखकार ।
पूज्य कियो छठ पारणो, उलटी थई तिवार ।।

१३ संलेखणा सखरी हिवे, सातम आठम दिन्न ।
आहार अल्प सो आचर्‌यो, तो लेइ इहविध तन्न ।।

१४ नवमी त्याग करां तरां, अर्ज खेतसी कीध ।
मन राखो सुविनीत नो, आहार अल्प सो लीध ।।

---

*लय : राज ग्रही नगरी भली...।

१. अविनीत रास (बड़ा रास) ।

१५ अर्ज अधिक दशमी दिने, वड शिष्य कीधी जाण ।
दश मोठ चालीस चावल आसरै, उपरंत किया पचखाण ।।
१६ उपवास कियो एकादशी, अमल आगारे ताय ।
वारस दिन बेलो कियो, इण विध तन नैं ताय ।।
१७ साहमली हाठ सू ऊठ नै, चलिया चलिया आय ।
पक्की हाठे पक्का मुनि, दियो पक्को संथारो ठाय ।।
१८ नमोत्थुणं सिद्ध अरिहंत नै, तीखे वच गुण ताम ।
वहु जन सुणतां पचखियो, संथारो भिक्षू स्वाम ।।
१९ चमत्कार पाया घणो, आवै वहुजन वृंद ।
जाणक मेलो मंडियो, वंदै धर आनंद ।।
२० तेरस दिन चढियो तदा, सवा पोहर उन्मान ।
आपेइ पाणी पियो, सेवै संत सुजाण ।।
२१ तन वेदन दीसै नही, वलि मन अधिक प्रसन्न ।
हिवे दोढ पोहर रे आसरै, दिन चढियो बोलै वचन्न ।।
२२ कहै साधु आवै अछै, सांहमा जावो सोय ।
साधवियां आवै वली, चरम वचन ए होय ।।
२३ केंतो कियो अटकल थकी, के कह्यो बुद्धि प्रमाण ।
अथवा अवधि ऊपनो, ते जाणै सर्व नाण ।।
२४ जन जाण्यो मन स्वामी तणो, मुनिवर माहि वसंत ।
इतरे एक मुहूर्त आसरै, तिसिया आया बे संत ।।
२५ प्रणमै पग स्वामी तणा, स्वाम दियो सिर हाथ ।
इतरे दोय मुहूर्त आसरै, आयो साधविया नों साथ ।।
२६ मुनि आव्या ते गुण करै, चरण नमावै शीष ।
जन कहै अवधि समुप्पनो, साचो विसवावीस ।।
२७ मुनि जाण्यो स्वामी भणी, सूता हुई वहु वार ।
कहो तो म्हे बेठा करा, जद कांयक भरियो हुंकार ।।
२८ बेठा कर स्वामी भणी, बेठा साधू लार ।
वर गुण-ग्रामज गांवता, देता शरणां च्यार ।।
२९ तेरे खंडी त्यारी करी, जाणक देवविमान ।
पोहर दोढ रे आसरै, रह्यो दिवस पाछलो जाण ।।
३० दरजी माडी सीव नैं, घाली पाग मे जाण ।
सुखे दीसंता स्वामजी, चटदे छोडचा प्राण ।।

३१ संवत अठारे साठे समे, सुदि भाद्रवे मंगलवार ।
सात पोहर रे आसरै, सिरियारी संथार ॥
३२ स्वाम भिक्षू सारिखा, भरत क्षेत्र रे माय ।
हुवा नैं होसी वली, हिवड़ा को न दिखाय ॥
३३ यशधारी था स्वामजी, गुण गावै नर नार ।
जन्म सुधारे यश लियो, नाम सदा जयकार ॥
३४ अनशन महोत्सव दीपतो, आज दिवस इक धार ।
सुख सपति मंगल सदा, आनंद हर्ष अपार ॥
३५ उगणीसै चौवीस में, सुदि भाद्रव तेरस सिद्धि ।
जोड़ करी महोत्सव दिने, जय जश हर्ष समृद्धि ॥

ढाल १३

*सुगण जन सांभलो रे ॥ध्रुपदं॥

१ सतरेसै तंयासिये, पंचांग लेखे पहिछाण ।
शुक्ल पक्ष आषाढ मे, भिक्षु जन्म कल्याण ॥
२ कंटालिये वल्लु घरे, दीपांदे सुखकार ।
सीह स्वप्ने सुत जन्मियो, भिक्षू नाम उदार ॥
३ ओसवंश वीसावली, सकलेचा सुविवेक ।
अनुक्रमे मोटा हुवा, परणी सुंदर एक ॥
४ उत्पत्तिया वुद्धि अति घणी, गच्छवास्यां पे जात ।
पाछे पोत्यावंध कनैं, पछै मिल्या रघुनाथ ॥
५ रमण सहित ब्रह्म आदर्यो, ज्यां लग चरण न आय ।
तिहां लगे करणी सही, एकांतर सुखदाय ॥
६ पड़्यो वियोग त्रिया तणो, वर्ष पचीस उन्मान ।
द्रव्य गुरु धार्‌या रुघनाथ जी, भावे चरण म जान ॥
७ समय वांच नैं जाणियो, असल नही आचार ।
पिण परम प्रीत द्रव्य गुरु थकी, तिण सूं नही हुवै न्यार ॥
८ इण अवसर द्रव्य गुरु सुण्या, समाचार तिण वार ।
भिक्षु नैं कहै इह विधे, जावो देश मेवाड ॥
९ राजनगर भाया तणैं, शंक पडी मन मांय ।
वंदणा छोडी छै तिणे, थे समझावो जाय ॥

*लय—करेलवा नी" " "

१० भिक्षु विहार कियो तदा, ठाणे पंच विमास।
अष्टादश पनरोत्तरे, राज नगर चउमास ॥
११ भाया कहै भिक्षू भणी, दोष तणी वहु थाप।
स्थानक 'थापिता'[1] आदि दे, प्रगट विचारो आप ॥
१२ द्रव्य गुरु नों वच राखवा, पगे लगाया आप।
इण अवसर भिक्षू भणी, चढियो जवरो 'ताप'[2] ॥
१३ जव भिक्षू मन जाणियो, आयु आवै इण वार।
तो दुर्गति मांहे पडूं, वचन उथाप्या सार ॥
१४ द्रव्य गुरु काम आवै कदि, मिटियां वेदन मोय।
शुद्ध मारग लेणो सही, परभव साहमो जोय ॥
१५ तुरत ताव जद ऊतरचो, भाया नै कहैवाय।
थे साचा झूठा अम्हे, श्रावक हर्ष्या ताय ॥
१६ हिवे चउमासो ऊतरचां, आया द्रव्य गुरु पाय।
सूत्र न्याय वताविया, पिण नही मानी वाय ॥
१७ दोय वर्ष के आसरै, वहु खप कीधी ताम।
कितलायक समझायवा, वलि द्रव्य गुरु नैं आम ॥
१८ द्रव्य गुरु तो मान्यो नही, भिक्षु आदि विचार।
तेरे संत थी नीकल्या, मुक्ति साहमी दृष्टि धार ॥
१९ अष्टादश सोलै समे, सुदि पूनम आषाढ।
भावे चारित्र आदरचो, गुण गिरवो दिल गाढ ॥
२० भारीमाल आदे करी, सत अज्जा सुविनीत।
श्रावक नैं फुन श्राविक, भिक्षु जगत 'वदीत'[3] ॥
२१ जीव घणा समझाविया, दान दया दीपाय।
साठे सिरियारी मझे, चरम चउमासे आय ॥
२२ खमतखामणा 'खंत'[4] सूं, स्वाम किया सुखदाय।
आलोवण आछी करी, 'निशल्य'[5] थया मुनिराय ॥
२३ कीधी अंत संलेखणा, भाद्रव सुदि सार।
वारस वेला नै विषे, स्वय मुख कियो संथार ॥
२४ सामली हाट सू ऊठ नै, चलिया चलिया आय।
पक्की हाट पक्का मुनि, दियो पक्को संथारो ठाय ॥

---

१. साधुओं के निमित्त स्थापित किये हुए।
२. बुखार।
३. विख्यात।
४. गौर।
५. अत्यत सरल।

२५ तेरस दिन मुख उच्चरै, संत अज्जा आवंत।
साहमा जावो इह विधे, चरम वचन पभणंत ॥
२६ केतो कह्यो अटकल थकी, के वुद्धि थी आख्यात।
के कोइ अवधिज ऊपनो, ते जाणै जगन्नाथ ॥
२७ एक मुहूर्त रे आसरै, साधु आया दोय।
लोक मांहोमांहि इक भणै, अवधि ऊपनो सोय।
२८ पद पंकज प्रणम्या थकां, मस्तक दीधो हाथ।
सावचेत स्वामी इसा, इचरज वाली वात ॥
२९ कर नी बे अंगुली करी, पूछी चक्षु नी सुख सात।
दोय मुहूर्त आसरै, आयो साधवियां रो साथ ॥
३० तेरे खंडी त्यारी करी, जाणक देव विमाण।
बाह्य सुख बैठा थका, चट दे छोड्या प्राण ॥
३१ साठे भाद्रव तेरसी, सुदि पक्ष मंगलवार।
सप्त पोहर रे आसरै, सखर स्वाम संथार ॥
३२ जशधारी था स्वामजी, जश फेल्यो संसार।
जन्म सुधारचो आपरो, भजन करो नर नार ॥
३३ उगणीसै पणवीस में, सुदि भाद्रव वारस सार।
गुण गाया भिक्षू तणा, जय जश हर्ष अपार ॥

दोहा

१ संवत सतरै तंयासिये, पंचांग लेखे पिछाण।
सुदि आषाढ कंटालिये, भिक्षु जनम्या भाण ॥

ढाल १४

२ *जनम्या भिक्षू भानु सा, जाति संकलेचा सार।
अनुक्रमे मोटा हुवा, परण्या इक नार ॥

दोहा

३ एक नार परण्यां पछै, अठदश आठे सार।
द्रव्य गुरु रुघनाथ पे, द्रव्ये दीक्षा धार ॥

*लय—प्रभवो मन मे चिंतवै··।

यतनी

४ द्रव्य चरण धरचां पछै जेह, वर्ष पनरे समकित सुलेह।
ओलखी शुद्धश्रद्धा आचार, मन पाम्यां हर्ष अपार ।।

दोहा

५ द्रव्य गुरु नैं समझायवा, किया अनेक उपाय।
पिण ते तो समज्या नही, ताम दिया छिटकाय ।।
६ सतरे संयम आदरचो, तेरे जणा थी तिवार।
संवत अठारे साठा लगे, विचरचा गुणधार ।।

दोहा

७ वर समकित वर देशव्रत, चरण रत्न फुन चंग।
वहुजन भणी पमाविया, आणी अधिक उमंग ।।

यतनी

८ वलि वाधी वहु मर्याद, शिष्य शिष्यणी परम समाध।
करणा आचार्य रे नाम, दीक्षा देइ सूपणा ताम ।।
९ गण वाहिर कोइ निकलै गण अवर्णवाद।
अंशमात्र नही वोलणा, करणो नही विषवाद ।।
१० †टालोकर जे गण तणा, नही गिणवा तीर्थ माय।
वंदै पूजै तसु तिके, आज्ञा वार कहाय ।।

दोहा

११ संत सती इक ग्राम मे, एक रात्रि उपरंत।
रहिवूं नही आज्ञा विना, ए मर्याद सुतंत ।।

यतनी

१२ इत्यादिक वहू मर्याद, स्वामी वांधी धरअहलाद।
वर्ष साठ तांई सुविचार, स्वामी कियो घणो उपकार।।

---

*लय : प्रभवो मन में चिंतवै ·· ·····।

†लय : राजग्रही नगरी ·····।

दोहा

१३ चरम चउमासो स्वामजी, सिरियारी में सार।
भारीमाल मुनि आदि दे, सप्त ऋषि सुखकार।।
बहु मोछव लीधो चरण, आंणी मन ओच्छाह॥
४ तसु तपस्या रु गुण विविध, संक्षेपे सुविचार।
श्रोता चित देई सुणो, जिम कियो जीव उद्धार॥

५ *संवत उगणीसै अठारै ए, आसाढ मास मे सु विचारी।
जावजीव इक मासे छठ चिहुं, करणां धारचा गुणकारी॥
धिन-धिन तपसी शिववगसजी, गुण निष्पन नाम जसु भारी।
बोधिव्रत शिव मार्ग जन नै, वगस तारचा बहु नर नारी॥
६ उगणीसै चोके सेषे काल थी, च्यार विगय मुनि तज दीधी।
दूध दही मिष्टांन तेल ए, जावजीव त्यागन कीधी॥
धिन-धिन तपसी शिववगसजी, जबरी तपस्या ज्यां कीधी।
विनयादि गुण विविध आराधी, जग में सोभा बहु लीधी॥
७ वली खुला वास बेला रु तेला, करी लाभ लीधो भारी।
फुन आठै वर्ष थी दीवाली नां, लिया थेट सीम अठम धारी॥
८ उगणीसै गुणतीस वर्ष थी, जावजीव लग सुविचारी।
सेलडी नी वस्तु बहु त्यागी, ओषधि विण मुनि कीधी भारी॥

*लय : चेत चतुर नर कहै तोनै ......।

९ चोला आठ इक छनो थोकडो, सात अठाई श्रीकारी।
नव नव कीया तीन थोकडा, दशनो एक कीयो भारी॥
१० तेर दिवस नो एक थोकडो, बे चवद चवद नां गुणधारी।
पख पख ना किया तीन थोकड़ा, हियै धरी अति हुसियारी॥
११ सोल सोल दिनना मुनि कीनां, च्यार थोकडा चित्तधारी।
सतर अठार नां बे बे मुनिवर, किया थोकडा गुणकारी॥
१२ इकवीस दिन ना दोय थोकडा, काटण कर्म किया भारी।
कइ वरसां लग सावण भाद्रवे, कियो छठ छठ तप मुनि सुखकारी॥
१३ वरस तेतीसे इकतीसो वर, मास खमण कियो श्रीकारी।
तिणमें आठ दिवस लगो लग, तेवीस दिन तप तिविहारी॥
१४ एक पछेवडी उपरंत न ओढी, सीतकाल में श्रीकारी।
घणा वर्ष पिण सूती तंतू[1], उपरंत कियो मुनि परिहारी॥
१५ ते पिण पर नो ओढचो मेलो, धारचो निरजरा दिलधारी।
कर्म काटण री दृष्टि घणी तसूं, मन सुमता ग्रही मुनि भारी॥
१६ वरस वयांले सुजानगढ में, तीज वैसाख नी तंत सारी।
तिण दिन थी एकंतर तप मुनि, करणो धारचो गुणकारी॥
धिन धिन तपसी शिववगसजी, सुजानगढ में सुविचारी॥
संलेखंणा तप अणसण प्रमुख, करो अराधना हद भारी।
१७ चमालीसे काती विद लग, तप कीधो मुनि धर हुंसियारी।
वर्ष अढाई तणै आसरै, तिण मे मास मास छठ चिहुं भारी॥
१८ हिवै सुद पक्ष थी छठ छठ निरंतर, तप करणो मांडचो जशधारी।
पछै वयालीसे कारण तनुं उपनां, करी तपस्या अति भारी॥
१९ माघ मास वर दिवस छवीस नू, कियो थोकडो अति तीखो।
तिण में अल्प उदक लीधो अरु कीधो, पारणो सुद पंचमी नीको॥
धिन धिन तपसी शिववगसजी, कर्म काटण मुनि अति नीको।
सज्झाय ध्यान वखांण वाणी में, उद्यमी अति वर जस जीको॥
२० पारणो कर छठ अठम सू मुनि, कियो षट दिन लग लगतो आहारी।
पछै माहसुद चवदस थी तप, करणो धारचो श्रीकारी॥
२१ पछै सरीर सूकाय कियो अति खंखर, उष्णकाले पिण तप धारी।
बहुल पणै पिण छठ छठ तप, कियो मुनिस्वर चौविहारी॥

---

१. वस्त्र।

२२ पहिला मास में चिहुं पछै निरंतर, सगला छठ कीधा भारी ।
सोलसै इकवीस आसरै, किया बेला तसु बलिहारी ॥
धिन-धिन तपसी शिववगसजी, जवरी तपस्या ज्यां कीधी ॥

२३ पछै सैतालीसे भादु विद तृतिया, दशम भक्त पारणो कीधो ।
अल्प आहार ले चौथ तणो हिव, छठ भक्त पचख्यो सीधो ॥

२४ पंचम दिन सवा पोहर आसरै, दिन चढचा संथारो सागारी ।
तपसी हुंकारे पचखायो संता पछै, पूछचो तृतिय पोहर मुनि गुणधारी ॥

२५ म्है जाव जीव संथारो आपने, पचखावां हिव सुविचारी ।
जल मांगो तो आगार आपरै, नहि तो जावजीव लग चौविहारी ॥

२६ पछै त्रिखा लागी तोही जल नही पीधो, सवा छ पोहर लग चौविहारी ।
सहु आठ पोहर तणो संथारो, सीझयो छठ तणै दिन श्रीकारी ॥

२७ चिहुं सरणादि ज्ञान विवध पर, मुनि संभलायो तिहवारी ।
सावचेत परिणांम समै मुनि, सुणि आतम निज निस्तारी ॥

२८ सरल भद्र सुविनीत मुनिहद, भद्र प्रकृति अतिहि भारी ।
क्रोध मानादि छा तसु पतला, गावै गुण वहु नर नारी ॥

२९ चिमन अमरचंद आदि मुनि हद, सेव वहु वर्षं कीधी ।
काम वियावच्च भक्त करी नै, विवध परै साता दीधी ॥

३० इकवीस खंडी मंडी प्रमुख, कियो मोछव जन तिहवारी ।
वलि गाजा वाजा प्रमुख घणे रा, ए अरिहंतनी आग्या बारी ॥

३१ अडतालीस वर्ष बे मास जाझेरो, चरण रयण पाल्यो भारी ।
जवर तपस्वी सुजस लह्यो वहु, काकडा भूत थया इह आरी ॥

३२ संवत मुनि[७] रस[६] निधि[९] रवि[१] वर्षे, सुजानगढ में सुविचारी ।
मृगसर सित तपसी गुण गाया, ठाणां सताणू सुखकारी ॥

२२ .मुनि तेजपालजी

(ख्यात सं० १२९)

ढाल १

दोहा

१ शहर लाडनू में वसै, जाति गुलेछा जान ।
शाह डूगरसी शोभता, सुतन पंच सुविधान ।।

२ बालक वय वैराग्य अति, समण तणी वहु सेव ।
तेजपाल अति उद्यमी, धर्म करण स्वयमेव ।।

३ तिण अवसत ऋषराय शिष्य, जवर जीत युगराज ।
शहर लाडनू समवसरचा, पूज्य भवोदधि पाज ।।

४ जय वचनामृत हिय धरि, तेजपाल तिहवार ।
परम संवेग लेई हुवा, संयम लेण सुत्यार ।।

५ ग्रन्थ हजारां सीखिया, गृहस्थ पणै रै माय ।
चरण लेण चित्त चूंप अति, पिण पिता आण दे नांय ।।

६ युगराजा जे जनक नै, समझाया वहु भात ।
गोत गुलेछा बेहुं तणो, तुझ मुझ एक ही जात ।।

७ समझाया इम युक्ति सू, पुत्र पांच तुझ जोय ।
जाणी एक पुत्र मुझ नै दियो, 'खोले'[1] ही अवलोय ।।

८ *सूरिजन रे ! तेजपाल अति दीपतो रे, संवत उगणीसै जाण हो लाल ।
मिगसर वदि एकम दिने रे, चरण लियो शुभ ध्यान हो लाल ।।
तेजपाल मुनि वंदियै रे ।।

९ मात पिता नै परहरचा, तजि चिहुं बंधव 'आथ'[2] ।
चरण लियो चित चूप सू, जुग राजा जय हाथ ।।

१० जय पासे सीख्या भण्या, समय सार सुविचार ।
सूत्र तणी वहु धारणा, करता अधिक उदार ।।

---

*लय : हेमऋषि भजिये सदा रे ......।

१. गोद । २. सपत्ति ।

११ जुगराजा पासे सही, हेतु दृष्टंत अवलोय ।
कथा वखाणादिक नी कला, सीख्या सखर सुजोय ।।
१२ उगणीसैं आठै महा महिने, श्री जयगणि पद धार ।
जठे पीछे पिण तेजसी, करी सेव श्रीकार ।।
१३ परम प्रीति अति गणी थकी, हद नीत चरण हुंशियार ।
रीत मर्याद शुद्ध पालता, सुवनीत सुगुण श्रीकार ।।
१४ सूत्र पांच मुख सीखिया, आवसग्ग अवलोय ।
दशवैकालिक उत्तराध्ययनही, वलि नन्दी वृहतकल्प जोय ।।
१५ वार-वार सुणतां थकां, संस्कृत प्राकृत जोय ।
प्रकरण पईन्ना वहु ग्रन्थनी, वहुत धारणा होय ।।
१६ केइक चौमासा मुनि किया, दीर्घ मोती मुनि पास ।
जय गणपति आणा थकी, आणी चित हुलास ।।
१७ तेजपालजी मुनि तणो, उगणीसै अष्टादश वास ।
कियो सिंघाड़ो गणपति, फुन प्रथम जोधाणे चौमास ।।
१८ वर्ष घणा गणिराज री, सेव करी शुभ ध्यान ।
चरण पुष्ट निज हियै धरचा, जय वचनामृत पान ।।
१९ सूत्र वतीसूं बहु वार ही, वांच्या ऋषि तेजपाल ।
सज्झाय करण अति घणो, उद्यमी मुनि गुणमाल ।।
२० चरचा करण अति चातुरी, वचनकला अधिकाय ।
अन्यमति स्वमति साभली, हृदय-कमल हुलसाय ।।
२१ सिंघाडावंध वहु वर्ष लगे, विचरचा मुनि गुणधार ।
समकित व्रत देई करी, तारचा वहु नर-नार ।।
२२ वर्ष पैंतीसे जयगणी, तेज ऋषि नै ताय ।।
चौमासो भोलावियो, शहर पाली सुखदाय ।
२३ सुद आसोज सूं ऊपनें, ताव कारण तन मांय ।।
समण तीन तस सेव में, करत विविध पर सहाय ।
२४ कार्तिक तन कारण वध्यो, सोजो ने वलि श्वास ।।
समभावे सही वेदना, अति शूरवीर सुविमास ।।
२५ कार्तिक वदि ग्यारस दिने, वेदना रही अति व्याप ।
एक मुहुर्त आसरै दिन छतां, चिहुं आहार ना त्याग किया आप ।।
२६ निशा पाछली मुनि पूछियो, जावजीव संथार ।
उचरावां हिव आपनैं, तव भरियो हूंकार ।।

२७ तब मुनिवर उचरावियो, संथारो सुखदाय ।
एक मुहूर्त पछै आसरै, पहुंता परभव मांय ।।
२८ सूर्य उदै श्रावक मिली, कियो महोछब जबर मंडाण ।
इकसट्ठी खंडी मांढी करी, जाणंक देव विमाण ।।
२९ ए कारज संसार ना, तिण में धर्म पुन्य न होय ।
हुई जिसी जे बारता, कहितां दोष न कोय ।।
३० वर्ष पैंतीस रै आसरै, पाल्यो चरण प्रधान ।
तपजपकरि विविध प्रकार ना, सारचा कारज शभ ध्यान ।।

[—श्रावक लिछमणजी मथेरण]

ढाल २

*स्वामीजी थांरे दरसण नै जी चावै ।। ध्रुपदं ।।

१ दरसण कारण भमता जग में, नही जी लागै कोई दावै ।
दरसण कर होवै मन परसन, पातक दूरा पलावै ।।
२ संता मांही सन्त शिरोमणी, तिरण तारज जिम नावै ।
तेजपाल मुनि मोटा ऋषीश्वर, सीतल सहज स्वभावै ।।
३ पांच महाव्रत निर्मल पालै, तीन गुप्ति चित्त ल्यावै ।
बालपणै में मुनिवर चेत्या, संजम लियो सोच्छावै ।।
४ समगतधारी पर उपकारी, 'सुरता'[1] नै समझावै ।
सूतर बांच उवाच परुपै, अरथ में अरथ लगावै ।।
५ पुन्य प्रताप मुनि भान भज्यां स्यूं, हिरदै हरख न मावै ।
भान ऋषि बाल ब्रह्मचारी, गुलाबजी संत सुहावै ।।
६ अब को चोमासो स्वामी रीणी जी थांरो, पूरो म्हारै मनडा रा चावै ।
उगणीसै सत्ताइसै महा विद, लिछमण मोद मनावै ।।

कलश

७ सिरदारगढ़ स्वामी पधारचा श्रावक धर्म सुहावणो ।
हीरालाल बुधजी परम भगत घरे रंग बधावणो ।।
कुंभकरण चतुर विचित्र साचो समझकर रलियावणो ।
ताराचंद सरधा मांय सेठो प्रश्न पूछण चित घणो ।।

*लय : आसावरी……।

1. श्रोताजन ।

ढाल ३

†जीव रे तूं तेजपाल रिख वान्द ।। ध्रुपदं ।।

१ स्वामी तेजपाल मुनि वंदियै रे, उत्तम निग्रन्थ बुध ।
ज्ञान कला स्यूं शोभता रे, निर्मल लेश्या सुध ।।

२ शहर लाडणू रा वासिया, ओसवंश अनूप ।
मात-पिता कुल निर्मलो, लागी मुगती स्यूं 'चूंप'[1] ।।

३ पाच महाव्रत पालता, टालै दोष बंयाल ।
गुण सत्ताइस शोभता, गुण रतनां री माल ।।

४ तरुणपणै संजम लियो, भलो पाया जिन धर्म ।
सावज निर्वद ओलख्या, जाणै नव तत्त्व मर्म ।।

५ समता सागर शोभता, दया सिन्धु मोटा ऋषिराज ।
शील क्षमा गुण ओपता, तारण तरण जिहाज ।।

६ सूत्र सिद्धान्त सीख्या घणां, भाषा अरथ विचार ।
हेतु कथा वर जुगत स्यूं, शंका न रहै लिगार ।।

कलश

७ इण नगर गढ सिरदार मांही तेजपाल मुनिन्द ए ।
दया सागर ओपमा अघ-तिमिर हरण दिनन्द ए ।
रिषभान की भगती इग्या आराधक गुलाब सुरिन्द ए ।
तस चरण रज मुझ सीस लागै झडत अघ ना वृन्द ए ।।
(सं० १९२७ फागण)

†लय : जीव रे तूं शील तणो कर संग ''।
१. लगन।

२३. मुनि बीजराजजी

(ख्यात सं० १३५)

[—मुनि पूनम चन्दजी]

ढाल १

दोहा

१ शहर बाजोली अति भलो, जात बोथरा जांण।
शाह भूरोजी गुणनिला, सुत बींजराज शुभ ध्यान ॥

२ पांच वर्ष रे आसरै, करी सगाई ताम।
समण तणी सेवा करी, वैराग्य नित्त पाम ॥

३ काल कितोक बीतां पछै, आया जीत रिखी जुवराज।
शहर बाजोली परवरचा, तारण तिरण जहाज ॥

४ मुनि वचन हिवड़े धरी, हुई संजम री चाव।
आय माता नै इम कहै, म्हांरै दीक्षा लेवण रा भाव ॥

५ समभाता अति जुगत स्यूं, काका काकी नैं तिह वार।
मॉं बेटा दोनूं जणा, हुवा संयम नैं तैयार ॥

६ *स्वामी थे तो उन्नीससी एके व्रत धारी, माघ वदी बारस त्यारी।
रा गुणिवर जी।

७ मुनि प्यारा जी स्वामी थांरी, मात शृंगारां सारी महा गुणधारी।
रा गुणिवर जी ॥

८ मुनि थे तो किशनगढ व्रत लीधां, जीत रिखी कर दीधो।

९ मुनि थे तो ज्ञान ध्यान गुण भरिया, विनय गुण आदरिया।

१० स्वामी थे तो जीत तणी सेवा जगीसं, करी वर्ष इकवीसं।

११ मुनि थे तो पांच सूत्र किया मुख पाठं, लीधी सुमत री बाटं।

१२ मुनि थे तो उष्ण तप भल लीधो, वर्ष सोलह कीधो।

१३ मुनि थे तो तपस्या कीध सारं, आखूं धर प्यारं।

१४ मुनि थे तो उपवास अति कीधा, साठी बारह सौ गुण लीधा।

१५ मुनि थे तो बेला कीधा बयालीसं, तेला अट्ठावन जगीसं।

१६ मुनि थे तो चोला कीधा मन्ने वीसं, पंचोला इकवीसं।

---

*लय : भिक्षु थे तो बाल पणं बुद्धि

१७ मुनि थे तो छव कीधा बार चारं, सात कीधा पंच वारं ॥
१८ मुनि थे तो आठ कीधा चवदह वारं, नव तीन वारं ॥
१९ मुनि थे तो दश किया तीन वारं, इग्यारह एक वारं ॥
२० मुनि थे तो द्वादश किया तीन बारं, तेरह पन्द्रह एक बारं ॥
२१ मुनि थां रों इक्वीसे कियो सिघाड़, पंच भद्रा सुखकारं ॥
२२ मुनि थे तो चारित्र दीयो वहु जन नै, नाम कहुं गिण नै ॥
२३ मुनि थां नै जील मेल्या सारं, वाग वस्ती वारं ॥
२४ मुनि थे तो गोबिन्द रिखी नैं संजम दीधो, प्रथम जश लीधो ॥
२५ मुनि थे तो सिरेमलजी नैं सुखकारं, संजम दियो धरहुसियारं ॥
२६ मुनि थे तो चतरभुज नै कियो त्यारं, दीक्षा दीधी धर प्यारं ॥
२७ मुनि थे तो परभव पर भरोसो कीनो, संजम देई जस लीनो ॥
२८ मुनि थे तो फकीर नैं संजम दीधो, गण मांही नही सीधो ॥
२९ मुनि थे तो चरण दीयो दूलिचन्द नैं, साता कारी आनन्द नैं ॥
३० मुनि थे तो सातमो साध कीधो तारो, निकल गयो वारो ॥
३१ मुनि थे;तो फोजमलजी पर कर धरिया, तिण स्यूं पाखंडी डरिया ॥
३२ मुनि थे तो संत कियो रिखबदासं, हुयो मन हुलासं ॥
३३ मुनि थे तो साध कियो एक हीरो, परो गयो अधारी ॥
३४ मुनि थे तो सदा सुख नैं संजम आप्यो, संसार नो दुख काप्यो ॥
३५ मुनि थे तो संत किया इग्यारं, समणी बलि चारं ॥
३६ मुनि थे तो बड़ी तीजां जैकुंवार जांणी, सिरेकंवर पिछांणी ॥
३७ मुनि थे तो लघु तीजां नैं त्यारी, संसार स्यूं करी न्यारी ॥
३८ मुनि थे तो श्रद्धा घणां नैं पमाई, सैकड़ां नैं ताई ॥
३९ मुनि थे तो बखाण देवो जाणै सिंह गूंजै, सुण पाखंडी धूजै ॥
४० मुनि थे तो मुरुधर मेवाड़ विचरिया, कच्छ गुजरात संचरिया ॥
४१ मुनि थे तो मालवा देश भिवाणीं, ढूढाड़ थली जांणी ॥
४२ मुनि थे तो विचरता आया तिण काले, वर्ष सैंताले ॥
४३ मुनि थे तो पंच भद्रा में आया, हलुकर्मी नैं सुहाया ॥
४४ मुनि थे तो चौमासो तिहां ठायो, मन उचरंग पायो ॥
४५ मुनि थांरै सावण तांई रही साता, पछै हुई असाता ॥
४६ मुनि थांरो गोडो दुख्यो अति भारी, मास लग इकसारी ॥
४७ मुनि थांनै मास आसोज वगरी, निकली 'उदरी'[1]

1. ओरी (मोतीभरा की तरह होने वाला रोग विशेष)।

४८ मुनि थांनै ताव चढी नित जाणी, सकती घटाणी ।।
४९ मुनि थांरै ताव रही दिन सतावीसं, वेदन एक सरीसं ।।
५० मुनि थांनै आराधना की दश ढाल सुणाई, मन हुलसाई ।।
५१ मुनि थे तो चौरासी लाख जीवां नैं ही, खमाया नाम लेई ।।
५२ मुनि थे तो आलोयण हृद कीधी, मिच्छामि दुक्कडं लीधी ।।
५३ मुनि थे तो काती सुदी छट दिन स्यूं, बोल्या नही किण स्यूं ।।
५४ मुनि थांनै सागारी संथारं, करायो धर हुसियारं ।।
५५ मुनि थांनैं सातम पाछली पोरं, चोविहार कर गौरं ।।
५६ मुनि थांनै सगलो ही आयो संथारं, पोहर इग्यारं ।।
५७ मुनि थांरो संथारो भलो सीधो, जग में जश लीधो ।।
५८ मुनि थे तो प्राण छोड़ हुवा दूरा, ध्यान धरां अति रूडा ।।
५९ मुनि थांरो पद्मासन कीधो मन रंगो, माथे तिलक सुचंगो ।।
६० मुनि थांरी मंडी घट बीसं, ऊपर कलश जगीसं ।।
६१ ए किरतव संसार ना जांणी, धर्म पुण्य नही जांणी ।।
६२ गुणी जन हुई जिसी वात कहता, पाप नही लगता ।।
६३ मुनि थांरो सिंघासन वलि जाणी, आण देव विमाणी ।।
६४ मुनि थे तो सैंतालीश वर्ष संजम पाली, आत्म उजवाली ।।
६५ मुनि थे तो मोसूं उपकार कियो भारी, केणी नही आवै इकसारी ।।
६६ मुनि म्हांनै नव तत्व ज्ञान भणाया, बले सूत्र बंचाया ।।
६७ मुनि थांरा कोड़ जीभ कर गुण गाऊं, पार नही पाऊं ।।
६८ मुनि याद आयां तन हुलसै, सिमरूं रात दिवसै ।।
६९ मुनि थांनै शहर अजमेर में रटिया, उपद्रव मिटिया ।।
७० मुनि म्हारा भिक्षु भारीमाल रिखराया, जीत गणी सुखदाया ।।
७१ मुनि म्हारा मघवा गणी प्रसादं, पूनम रे हुई सुख समाधं ।।
७२ मुनि थांरा वरस सैताले गुण गाया, हुवा हरख सवाया ।।
७३ मुनि म्हांरा जोड़ करी सुदि सारं, बैसाखे अष्टम शनिवारं ।।
७४ मुनि म्हांनै विरुद्ध वचन आयो ते वारं, मिच्छामि दुक्कडं सारं ।।

२४. मुनि कालूजी

(ख्यात सं० १६३)

[—सरदार शहर के श्रावक]

ढाल १

दोहा

१ पंच परमेसर नित नमूं, नमूज जिन चौवीस।
वर्तमान अरिहंत नमूं, सीमंधर जिन वीस॥

२ विदेह खेत्र में छै सही, अनंत गुण सुखकंद।
ज्यांरी चोसट इंद्र सेवा करै, वले सुर नरकेरावृंद॥

*संत सेव्यां उत्कृष्टो चैन ए ॥ध्रुपदं॥

३ शीस नमाय कर जोड ए, सुध संत नमूं कर कोड ए।
ज्यांरी सेवा वंछू दिन रैन ए॥

४ स्वामी कालूजी गुणां रा भंडार ए, ज्यांरी वुधरो न आवै पार। ए
ए तो जीव छव काय रा सैण ए॥

५ कर निर्मल ग्यान उद्योत, आ तो पाखंड मेटचो वहोत।
जांणी जिण मग ऐन॥

६ सासण में सूरवीर जूंझार, एतो खिम्या तणा कोठयार।
ज्यां सिद्धांत रो कीधो 'तैन'[1]॥

७ सासण साह्मी दिष्ट अपार, पालण जती धर्म जोधार।
ज्यारे कंठ कला री खैंन॥

८ गुरां नें साता देवण सुवनीत, ज्यारै स्वामी स्यूं उत्कृष्टी प्रीत।
ऐ तो छ गणपति रा सेण॥

९ उत्कृष्ट विनयवान शिप तास, एकंत अविचल सुखां री आश।
ऐ तो शील तणी छैं खैन॥

१० ज्यांरी सोम छटा सुखकार, मुनि तारचा जीव अपार।
त्यां नैं भज्यां सुख सैण॥

---

१. चन्द्रवा।

*लय : सुपारस सातमां जिणंद ए...।

११ मुज तारयो साल सैंतोस, ज्यांरा गुण गाऊं विसवावीस।
मुज हीये वस्या दिन रैन ।।

१२ जांरा गुण अनन्त अथाग, एक जीभडी केम लहुं थाग।
कोड़ जिम्या गावै दिन रैन ।।

१३ तो पिण न आवै पार, ग्रहण कीधो छै धर्म सार।
शुभ शुभ वस्तू नो कीधो 'तैन'[1] ।।

१४ मोस्यूं कृपा कीधी इण साल, देई ज्ञान कीधो निहाल।
हूं तो ध्यान ध्याऊं दिन रैन।

१५ हूं छ तुमारो दास मुज आज पूरी सहु आस।
आप छो गुणां री खैन ।।

१६ रिष रामसुख रलियामणो, संत गणेशलाल सुहामणो।
त्यांरी सेव करो दिन रैन ।।

१७ ज्यांरै घणी तपस्या री पीक, आं तो कीधी छै मुगत नजीक।
ऐ तो भव जीवां रा सैण ।।

१८ मुनि छविल चतुर विशाल, गुण गाया समत चौमाल।
कृष्ण मृगसरा एकम ऐन ।।

१९ कोई हुयो अविनौ 'तकसीर'[2] स्वामी खमज्यो गहर गंभीर।
आप सकल जीवां रा सैण ।।

२० सती नवल वंदू आद सात, ऐ तो प्रसिद्ध लोक विख्यात।
ज्यांरा सोम सीतल छै नैन ।।

२१ घणा जूनां गुणां रा भंडार, त्यां नैं सेवै वहु नर नार।
ए तो शील गुणां री खैन ।।

[—मनि अमरचंद जी]

ढाल २

१ *मुनिवर रे। देस मेवाड़ में जाणज्यो रे, रेलमगरो पिछांण रे लाल।
जात सरावगी ते सही रे, देवीचंद सुत जांण रे लाल।
स्वांम कालू नित समरियै रे लाल ।।ध्रुपदं।।

२ वाल पणै बुध आगला, सीख्या जांण पणो सार।
मां बेटा मतो करै, लेणो चरण सुखकार ।।

---

१. विस्तार। २. अपराध।

लय : पुन्य प्रवल नृपचंद ना रे ...।

३ गणपत आप पधारता, चरण देवण नैं तांम।
सांस तणा कारण थकी, मेल्या दीधं भवान नैं स्वांम ॥

४ मां बेटा नैं दिख्या दीधी, दिया गणपत चरण लगाय।
बालक साधु देखनैं, गणी लाड राख्यो बहुताय ॥

५ सुमत गुपत सुध पालता, विनैवंत गुणधांम।
सरूपचंद जी सांम नै, सूंप्या जय गणी तांम ॥

६ पढचा भण्या गुण आगला, कला विविध पर जांण।
गणपत रा नेतर तणी, कारी करी सुजाण ॥

७ बीज काम छोडचो सहु, मांगी वस्तु नी आग्यां जांण।
च्यार संता सू सिंघाड़ो कियो, दीधी सरूप पोथ्यां पिछांण ॥

८ देश-प्रदेस विचरचा घणा, बोहत कियो उपगार।
सम्यक्त दीधी हजारां जन भणी, कैहता किम आवै पार ॥

९ लाखा ग्रंथ वांच्यां लिख्या, हजारां कंठ केवावै।
अनमती सनमती सुण-सुण, गुण थांरा बहु गावै ॥

१० गणपत कृपा बहु करी, चतरमास बीदाणे धराया।
कम सकती कारण बहु, तिण सूं छापर सहर में आया ॥

११ व्याख्यान पिण दीधो तिहां, वली सीखावण बहु फरमावै।
उद्यम घणो भायां वायां तणै, सुण-सुण बहु सुख पावै ॥

१२ सभाय ध्यांन करता बहु, वेदना सेवै समभाव।
हुंसियारी अति जाणज्यो, मुगत जावण रो चाव ॥

१३ अणसण कर सुरग सिधाविया, द्वितीय सावण तीज तांम।
ओछव-मोछव बहु किया, ते संसारचा रा कांम ॥

१४ आठे चरण लियो सही, अठावने अणसण सार।
इकावन वरस रै आसरै, पाल्यो संजम भार ॥

१५ घणा वर्स लग जाणज्यो, सामी गणेस सुखकार।
विनै व्यावच करता घणी, वरत्या मुरजी परमांण ॥

१६ पुज तणा परसाद थी, वरत्या जय जयकार।
गुण गाया गिरवा तणां, ऋषि अमरचंद हरष अपार ॥

१७ द्वितीय श्रावण एकादसी, सहर छापर रै मांय।
जोड करी ए जुगत सूं, उगणीसै अठावने कहि वाय ॥

२५. मुनि दुलीचन्दजी

(ख्यात सं० १९७)

[—लूणांजी कोठारी]

ढाल

१ शहर पटलावदना वासी ब्रह्मचारी हो पिता आपरा छै माणकचन्दजी भंडारी हो।
वाह वाह हो दुलीचन्दजी तपसी आछो तप कीधो हो।
पांच पांच करी सर्व तन ताय लीधो हो ॥ ध्रुपदं ॥
२ श्री जीहजूर का शासण ऐसा हो, इण शासण मांही तो तपसी दुलीचन्दजी जैसा हो।
३ नसा जाल दीसै जुई-जुई, हाड सूकानें सूको मांस रु लोही ॥
४ चौथे आरे में तपसी धनजी भइया, छठ-छठ तप करी सर्वार्थसिद्ध में गइया ॥
५ पांच-पांच रा तो पारणा करता, विगै ऊपर बहु चित नहीं धरता ॥
६ दुषमी काल ए पंचमो आरो, तपस्या मांही तो तपसी नाम चाल्यो थारो ॥
७ धन्य-धन्य जननी तपसी जाणी, कूख में उपनो रतन समाणी ॥
८ लूणाजी कोठारी उपर कृपा करणा, भव-भव में होज्यो तपसी तुम तणा शरणा।
९ हूं सेवक ताबेदार तुम्हारो, तू पृथ्वीनाथ दीनदयाल हमारो ॥
१० उगणीसै चमालीस के जेठ महीने आया, तिथि वारस बृहस्पति तपसी रा गुणगाया ॥

२६. मुनि पृथ्वीराजजी

(ख्यात स० २१६)

[मुनि नथमल जी (रोछेड़ वाला), हेमराजजी (आत्मा वाला)]

ढाल १

सोरठा

१ पृथ्वीराज मुणिन्द रे, जाति पोरवाल जाणियै ।
गुणकरी ज्ञान समन्दरे, पोह उगन्ते समरियै ॥

२ *नाम रटो भव्य प्राणी जी, चित्त ठाणी मुनि पृथ्वी राजनो,काइ नाम सदा जयकार ।
गुण ओलखनै गावै जी, सुख पावै दुख दूरा हुवै, कांइ नाम लिया निस्तार ॥
महिपति मुनिवर भारी जी, सुखकारी तीरथ च्यार नैं, कांई भजन कियां भय जाय ॥
ध्रुपदं ॥

३ सुखकारण भवतारण जी, हद समरण साचो आपरो,
कांई विघ्न विडारण हार ।
विस्तार बात अति जाणी जी, गुणखाणी त्यांरी छै घणी,
कांई अल्प कहूं अधिकार ॥

४ उदैपुर सुखकारी जी, अति भारी देश मेवाड़ में,
कांई साह जीतमल जी जाण ।
लिछमां जी सुत जायो जी, सुख पायो देसुरी शहर में,
कांई पांचे जन्म पिछाण ॥

५ वाल्यपणै वैरागी जी, नव त्यागी सगाई नै उमह्या,
कांई संजम नै तिणवार ।
न्यातीला उपसर्ग कीधा जी, दुख दीधा रोक्या राज में,
कांई मास चार अवधार ॥

---

*लय : उमादे भटियाणी...... ......।

६ पछै अनुमति आपी जी, थिर थापी छावीसे पोस में,
काई कानोड शहर मझार।
नाथ मुनिवर संगेजी, मन रंगे संजम आदरचो,
कांईवरत्या जय जय कार।।

७ सुमति गुप्ति अघहरणी जी, कहूं करणी कां वली आपरी,
कांई सरल भद्रिक सुखदाय।
संग अवनीत नो छंडी जी, विहंडी कुमति करूर नै,
कांई अधिक विनय सवाय।।

८ समता रमता खमता जी, मन दमता इन्द्रिय पांच नै,
काई करता भ्रम भय दूर।
नमता जमता न्हाली जी, चित गमता तीर्थ च्यार नै,
काई कर्म कारण नैं शूर।।

९ प्रवल गुणे पाखरियाजी, हद क्रिया निरमल आपरी,
कांई लागी मुक्ति नी चाय।
शासन आसता तीखी जी, नीत नीकी गुरू आणा मझे,
काई परख लियागणिराय।।

१० सताईसे सिंघाड़ो कीधो जी, प्रसिद्धो जय जश गणपति,
कांई सन्त वड़ा देई लार।
गणपति नी मरजी भारीजी, उपगारी ते वहु देश मां,
कांई याद करै नरनार।।

११ वहु जन नैं समकित दीधी जी, प्रसिद्धि उपदेश देई करी,
कांई देशव्रत वहु नै कीध।
किया संजम नैं त्यारी जी, हितकारी त्या तेतीस नै,
कांई वावीस निज में दीध।।

१२ मुनिवर वहु वैरागी जी, रस त्यागी आतम वश करी,
कांई अडतीसे पय परिहार।
वयालीसे सेलडी वस्तु जी, चमालीसे पंच विगै तजी,
कांई करवा आत्म उद्धार।।

१३ तप चौविहार कीधो जी, जश लीधो नवतांई लड़ी,
कांई थोकड़ा विविध प्रकार।
तप तेले-तेले ठायो जी, तनु तायो वर्ष सवा लगे,
कांई झेली तप तरवार।।

१४ माघ वदी दशमी धारीजी, सुखकारी, वर्ष अठंतरे,
काई एकान्तर जावजीव।
कर्म काटण अति शूरा जी, वडवीरा आप उजागरु,
कांई लेवा मुक्ति अतीव ॥

१५ सीत काले सी खमता जी, मन दमता एक पछेवड़ी,
कांई जावजीव लगधीर।
उष्ण काल मे जाणी जी, चित ठाणी तप्त सही घणी,
कांई काटण कर्म जंजीर ॥

१६ आवसग दशवैकालिक जी, वृहत्कल्प उत्तराध्ययन नां,
कांई आप कंठस्थ कीध।
वीर वत्तीसी वांची जी, रस खांची सहु सिद्धांत नो,
कांई भीणी रैसां पीध ॥

१७ अधिक सज्भाय करता जी, मन धरता ध्यानज निरमलो,
कांई गाथा हजारां जाण।
पश्चिम रजनी सजता जी, भल तजता आलस्य नींद नैं,
कांई उपयोग अर्थ में आण ॥

१८ इम ज्ञान ध्यान वहु करताजी, विचरता, देश विदेश में,
कांई वर्ष इकोतरे मांय।
गंगा शहरे आया जी, मन भाया भवियण जीव रे,
कांई गहरा ठाठ जमांय ॥

१९ गणि कालू जयधारी जी, अति भारी देव जिणन्द ज्यू,
काइ लेता सार सम्भाल।
प्रभु मरजी अति जाणी जी, हित आणी आप पधारिया,
कांइ दोय वार सुविशाल ॥

२० संत चाकरी में रहता जी, सुख लहता आप प्रसाद थी,
कांई देता ज्ञान रसाल।
संत सत्यां वहु आवे जी, सुख पावै दर्शन देखनैं,
कांई आपै सीख विशाल ॥

२१ सुदी अष्टमी धुर श्रावण आयोजी, करायो आप पारणो,
काई अल्पसो कारण जाण ।
सन्ध्या उपवास पचखायो जी, फुरमायो आयु आविया,
काई जावजीव पचखाण ।।

२२ आलोवणा पिण कीधी जो, प्रसीधी निरमल नीत सूं,
काई कर्म उडावण तोप ।
छाती में अष्टम राती जी, थोड़ो सो कारण रह्यो,
कांई महाव्रत प्रति आरोप ।।

२३ नवमी प्रभाते तायो जी, मसलायो तेल भली परे,
कांई कारण थयो उपशंत ।
वीकाणै सू सन्त आया जी, भल पाया दर्शण आपरा,
काई हिवडो अति हरषंत ।।

२४ विशेष कारण नही तन मे जी, इम मुख थी आप फरमावियो,
काई सन्त सेवा मे जाण ।
आयु अर्णाचित्यो आयो जी, सुणायो नवकारादिके,
काई परभव कीध प्रयाण ।।

२५ पिच्यासिये श्रावण धुर मासेजी, गुण रासे सुदी नवमी दिने,
काई कियो अर्णाचित्यो काल ।।
आप जीत नगारा दीधा जी, सहु सिद्धा वंछित आंपरा,
काई महामुनि गुण माल ।।

२६ संत तनु वोसरायो जी, भरायो हिवड़ो तिण समै,
काई काल आगे जोर न कांय ।
उपगार कीधो अति म्हासू जी, कह्या सू पार पड़ै नही,
कांई याद आया हियो हुलसाय ।।

२७ पथ्वी नाम प्रसीधो जी, अति पीधो, गुण क्षमा तणो,
काई पृथ्वी जिम गम्भीर ।
याद आवै दिन राते जी, सुण साते चाते आपरा,
काई जाणे श्री महावीर ।।

२८ लोक हजारां हुआ भेला जी, तिण वेला वहु शहरां तणां,
कांई उत्सव कीधा ताम।
ए संसारना कामज जी, नहीं नामज धर्म पुण्य नो,
कांई लोक करै गुण ग्राम।

२९ राम नाम ज्यू ध्यावै जी, चित चावै सहू आपनै,
कांई जिन गोप्यां मन कान।
चकोरा जिम चन्द चावै जी, मन भावै मेघज मोरनै,
कांई तिम धरुआपरो ध्यान।।

३० नाम आपरो रटतां जी, अघ कटतां जीव हुवै ऊजलो,
कांई सहु दुख दूरा जाय।
गुणवन्तरा गुण गातां जी, सुखपाता कह्यो सिद्धान्त में,
काई पद तीर्थङ्कर पाय।।

३१ प्रवल पुन्यवन्त भारी जी, सुखकारी भिक्षू तख्त पै।
काई मूलचन्द शोभन्त।।
तसु शासण मे भारी जी, गुणकारी उपशम सेहरो।
कांई एहवा जवर सुसन्त।

३२ श्रावण दूजी वदी दशमी जी, भलसाल पिच्यासिये जाणियै।।
कांई गंगाशहर मझार।
नथमल हेम गुण गावै जी, सुख पावै आप प्रसाद थी,
कांई भजन करो नर नार।।

ढाल २

[—गंगा शहर के श्रावक गण]

१ *"पाट मेद"[1] बखाणियै हो, गुणिजन उदियापुर श्रीकार।
साह जीतमल सुत निर्मलो हो, मुनिवर, पाचे जन्म उदार।।

२ छवीसे संयम आदरयो होमुनिवर, ज्ञान ध्यान गलतान।
विचरत विचरत आविया हो मुनिवर, गंगाशहर गुण खान।।

३ उगणीसै इकोतरे हो मुनिवर, पोस मास मझार।
छव ठाणा सू पधारिया हो मुनिवर, वरत्या जय जयकार।।

४ गंगाशहर रही करी हो मुनिवर, विहार कियो सुविलास।
और गाम में चिचरनै हो मुनिवर, गगांशहर चौमास।

*लय राजुल इण पर वींनवै हो ।

१. मेदपाट (मेवाड़)।

५ विहार कियो मिगसर मझे हो मुनिवर, 'महिनृप'[1] विचर तिवार।
जवान मुनि नै मेलियो हो मुनिवर, गैरसर मझार।
६ तन में कारण ऊपनो हो मुनिवर, आया गगांशहर।
त्यां महिपति मुनि भेटियो हो मुनिवर, फागन में करी महर॥
७ फेर विहार हुवो नही हो मुनिवर, कियो घणो उपगार।
याद आयां हियो हुल्लसै हो मुनिवर, नाम रटो नर नार॥

ढाल ३

१ *गगाशहर मे आप विराजने, गहरा ठाट जमाया हे।
सुलभ वोधी किया वहु प्राणी, समकित वोध पमाया हे॥
२ श्रावक श्राविका वहुला कीधा, युक्ति न्याय समझावी हे।
ज्ञान ध्यान वहु घट में घाल्यो, झीणी रैस वतावी हे॥
३ वर संजम नै कीधा त्यारी, एकादश नर नारी हे।
मूलाजी ने चाद कुवारी, निज हाथे भल तारी हे॥
४ च्यार मुनि नै कीधा अराधक, वर साझ आप दरायो हे।
आप जोग सू महर करी नै, 'गणि चौमास करायो हे'[2]॥
५ मोहनी मुद्रा याद कियां थी, रोम राय विकसाया हे।
आप तणा गुण छै अति भारी, अल्प मात्र मै गाया हे॥

ढाल ४

१ नाम प्रसिद्धो रे मुनिवर, पृथ्वी थारो रे।
पृथ्वी जिम गुण धारी मोरा, मुनिवर आप वैरागी रे॥
आप वैरागी रे मुनिवर, रसना त्यागी रे॥
†वहु जीव हुवा अनुरागी मोरा मुनिवर॥ ध्रुपद॥
२ साल चौरासी कार्तिक मास, कृष्ण तीज नैं तायो।
कारण तनु हुवो अणचित्यो, सम परिणामे सहायो॥
३ चौथ नैं साता कियो उपवासो, पाचम पारणो करायो।
पछे कारण हुवो अति भारी, रात नै साता थायो॥

१. पृथ्वीराज जी। २. कालूगण नें स० १९८३ का चातुर्मास किया।
*लय—चालो हे सहेल्यां आपां भेरूं नें मनास्यां हे।
†लय—मोरा भाईडा हूं परदेशी रे।

४ छठ उपवास पारणो सातम, फेर तप हुवो अधिकायो।
फेर हुई साता अष्टम प्रभात, अधिक सगती सवायो ॥
५ नवमी बेलो आप करायो, सी लागी नैं तप अति आयो।
तेलो पचखायो संथ्यांनी वेलां, पछै वेहोरा थायो ॥
६ 'हुवो उलकापात'[1] नवमी राते, शब्द प्रचण्ड सुणायो।
तिण वेलां तनु तप नाह्यो, शरीर गुस्त जणायो ॥
७ पच्छिम रजनी जन वहु बैठा, जाणे के आयु आयो।
संत कहै पडिक्रमणो करावां, तव आप बैठा थायो ॥
८ स्वमेव कीधो ऊंचे स्वर सूं, लोक गुण इचरज पायो।
तनुनी तो काती भली देखी शक्ति, जन मन हर्ष सवायो ॥
९ वेदन सहिता समचित धरता, तुम गुण छेह न आवै।
एक जीभ सूं हूं किम गाऊं, क्रोड जीभ सूं पार न पावै ॥

ढाल ५

१ *धिन धिन पृथ्वी मुनिराय, जग जश छायो रे।
त्यांरो भजन करो चितलाय, भव दुख जायो रे।
२ सुख साता सूं रहता स्वाम, भवि मन भायो।
स्वामी उर उपदेश दिराय, जन समझायो ॥
३ उगणीसै चौरासिये साल, कार्तिक मांयो।
जद कष्ट थयो अथाय, आयु नही आयो ॥
४ पिण साल पिच्यासिये मांय, श्रावन धुर आयो।
शुक्ल नवमी तीजे पोहर, स्वर्ग सिधायो ॥
५ स्वामी तुम गुण आवै याद, हियो हरषावै।
तुम नाम लियां निस्तार, आनन्द थावै ॥
६ अहो निश आवे याद, तुम वच मेवा।
हूं तो जपूं आपरो जाप, शिव सुख लेवा।
७ मो सूं कियो घणो उपगार, ते किम विसरावै।
अन्य मति स्वमति जाण, तुम गुण गावै ॥
८ उगणीसै पिच्यासिये साल, भाद्रव मासो।
सुदी नवमी रविवार, जोग शुभ तासो ॥
९ राजू नथू गुण गाय, फतेह आणन्दो।
स्वामी गगांशहर मझार, छगन सुखकन्दो ॥

१. आकाश मे तारा टूटा। *लय : धिन-धिन भिक्षु मुनिराय धर्म चलायो रे।

मुनि गणेशलालजी

(ख्याल स० २२०)

[श्रावक जोरावरमलजी बैद (रतनगढ़]

ढाल १

'गजानंद'[1] ध्याऊं ऊठ सवेरे, मै तो चरन कमल हूं तेरे ।।ध्रुपदं।।

१ गाव सवाई माधोपर है, सुत शिवलालजी के रे।।
२ मातवरजूजी रे उदर ऊपना, पोरवाल वंश ते रे।।
३ उगणीसै सताईस वर्षे, उर वैराग्य धरे रे ।।
४ हीरालालजी स्वामी समीपे, दीक्षा व्रत गहें रे ।।
५ जयमघ माणकलाल डालगणि, सब ही की सेव करे रे।।
६ कालूराम गणाधिप की अव, था पर मेहर घने ।।
७ नीत निरमल शुद्ध सयम पालो, शिर गुरु आण धरे ।
८ वास बेला तेला इत्याधिक, बहु विध तप तपे रे ।।
६ मुझ ऊपर कृपा अति कीनी, बहु विध ज्ञान दिये रे ।।
१० तुम प्रसाद एह शासन पायो, दिन दिन रंग वढे रे ।।
११ हाथ जोडकर करु विनती, रखो सुनिजर घणेरू रे।।
१२ सडसठ साल वैसाख कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथ रुडे रे ।।
१३ जोरावर तोरा गुण गावै, कलकत्ता शहरमझे रे।।

---

१. गणेश ।

आचार्य श्री कालूगणी

ढाल १

दोहा

१ वासी सूरवाल नों, जाति नों पोरवाल ।
गणेशलाल शिवलाल सुत, मन वैराग्य विशाल ।।

२ स्वामी हीरालाजी, तास हस्त लही दीख ।
उगणीसै सतावीस में, वरविनयादि शीख ।।

३ जयगणी पगां लगाविया, पछै जय कृपा थी जोय ।
कालूजी स्वामी कने, रह्या वहु वर्ष अवलोय ।।

४ *मुनि थे तो कालु मुनि रै पासै, रह्या चित्त हुलासै रा ।तपस्वीजी।
मुनि ऐ तो जिम जिम कालू विचरिया, तिम जय चित्त वरिया रा। तप।।

५ मुनि थे तो गणपति गण रै कामे, राख्या चित्त इक ठामें ।
मुनि अे तो टालोकर वहु 'गलिया'[1], इत उत फिरिया ।।

६ मुनि जद थे पिण परिसह सहिया, जय आण में वहिया ।
मुनि करी कालु री सेव सवाई, अठावन तांइ ।।

७ मुनि पछै गणी सेवा मे रहिया, सुद्ध चित्त वहिया ।
मुनि थे तो वर तप वहुलो कीघो, जग जश लीधो ।।

८ मुनि थे तो छवसै सित्तर करिया, उपवास आदरिया ।
मुनि किया दोय सै छैंयालीस वेला, छिहंतर तेला ।।

९ मुनि थे तो चोला छिन्नवै धरिया, पचोला छिहंतर वरिया ।
मुनि छव सात पांच आछा, आठ नव तीन तीन जाचा ।।

१० मुनि थे तो दश दोय इग्यारा तीन, वारा दोय तेरा इक लीन ।
मुनि थे तो जाव वीस ताइ इक एक, वावीस एक पेख ।।

११ मुनि थे तो इत्यादिक तप करिया, अघ अपहरिया ।
मुनि थे तो अविनीत संग परहरिया, विनीत सग वरिया ।।

१२ मुनि थे तो उगणीस वहोतर वरसे, चेत विद पांचम दिवसे ।।
मुनि थे तो ग्राम मुसालियै माह्यो, स्वर्ग सिधायो ।।

१३ मुनि थे तो उगणीसै तैयासे, श्रावण सित मासे ।
मुनि ऐ तो तीज गंगासर गुण गाया, गणी चित्त हुलसाया ।।

---

*लय : भिक्षु थे तो वालपणै ....।

१. स्वच्छदाचारी ।

२८. मुनि छबीलजी

(ख्यात सं० २३०)

(स्वर्ग सं० २००२)

[—आचार्य श्री तुलसी]

ढाल २

दोहा

१ पन्द्रह अष्टादश दिवस, तप अनशन अनुशील।
फतै आकाशी ते करी, वाह वाह मुनि छवील ॥

*मुनिवर तेरापंथ मे जी, इम सारै निज काज ।भलाजी काई रे मुनि।।
।।ध्रुपद।।

२ वासी वगडी सहर नों रे, छाजत नाम छवील ।भलाजी काई०।
चहुत्तर वर्ष विनोद मे रे, झूल्यो सजम झील ।भला०।।

३ उगणीसै उगणीस में, जेहनो जन्म विख्यात।
अठावीसे आदरचो, सयम जयगणी हाथ ॥

४ कालूजी स्वामी वडा, तेहनै संग सुप्यार।
विचरत सिंघाडो थयोजी, माणकगणी वरतार ॥

५ वहुजन ने प्रतिवोधियाजी, उपजायो वैराग।
भिक्षु शासन नों हतो, अविचल जस अनुराग ॥

६ वृद्ध अवस्था योग सू, चाडवास स्थिरवास।
कालूगणि करवावियो, संयम साझ विमास ॥

७ दर्शक छव आचार्य ना, वर्ष सप्तदश प्राय।
रहिया मुनि समुदाय नी, आदिम संख्या माय ॥

८ अन्तिम दिन तेतीस नो, तप तपियो इक धार।
पन्द्रह दिन संलेखना, अनसन दिन अठार ॥

९ दो युत दोय हजार मे, श्रावण शुक्ला दूज।
प्रात समय सीझयो सही, दृढ परिणामा सूज ॥

१० हीरो मुनि करी चाकरी, तुलसी गणपति रीझ।
डूगरगरढ में गुण ग्रथ्या, श्रावण शुक्ला तीज ॥

---

*लय : अनंतनाथ जिन चवदमां... ।

परिशिष्ट-२

१. साध्वी नगांजी

(ख्यात स० २६)

ढाल

दोहा

१ नगांजी निरमल करी, करणी इधक करुर।
सांभलतांई सुख लहै, जे हुवै वैरागी सूर॥

२ सतजुगी सुहामणो, निरमल एहवो नाम।
पूज दियो परगट पणै, जिसाहिज रह्या परिणांम॥

३ कोमल सरल सभाव सू, गमती घणी गण माय।
साताकारी सतियां भणी, साधा नै घणी सुखदाय॥

४ वेरागण विरकत हुवा, झाली सत समसेर।
हुई जोजरी झूपरी, नाखू ताह विखेर॥

५ साची करी सलेणा, अणसण नो इधकार।
भाववरी भवियण सुणो, आलस अग निवार॥

*सांभल हो भवियणी! एहवी सतवंती हो आरे पाचमे॥ध्रुपदं॥

६ पख तो आयो छै हो सुकल सुहामणो, कातिक मास रै मांय।
परिणाम उठचा हो पख सारिखा, चित नै लियो समझाय॥

७ आरजीया नै कहै छै हो आय नै, मै मन मे लीधी सैठी धार।
साचे मन करसू हो सुध सलेखणा, काची वात न मानू लिगार॥

८ महासतियां जी मया करो मो उपरै, आगन्या द्यो इणवार।
संका मत राखज्यो सर्वथा, हूं करसू आतम नो उद्धार॥

९ सहु आरज्या वरजै हो आछीतरे, थे विचरो गामांणुगांम।
सुखे हो सजम पालो सदा, हिवडा काइ संलेखण, रो काम॥

१० आज्ञा लीनी छैहोअनेकउपाय सू, पिण सुरीत राखी समभाय।
'भाई'[1] वरजी हो भली तरै थे, धीरज राखो मन मांय।

---

*लय : महिला में बैठी हो रांणी कमलावती····।

१. मुनि वैणीरामजी।

११ पूज पधारसी प्रगट पणै, दरशण देसी हो दयाल।
सती कहै छै ए साच छै, हूं काटसूं करमां रा जाल॥
१२ सती तो संलेखणा हो मंड गई, गाढी वात हीया मांहे धार।
चोथ भगत हो चवदस कियो, पूनम पारणो विचार॥
१३ एकम उपवास हो आछो कियो, हिवे छठ भगत सूं चित लाय।
हिवे वेला करै छै हो अतही हरष सूं, ममता न आणै मन माय॥
१४ हिवे भाई पिण आया हो भली परै, पूज पधारचा घर पेम।
दरसण देवा हो आया उतावला, सगला वरजै छै एम॥
१५ सकत छती छै हो विहार करण तणी, सुखे पालो संजम भार।
उतावल अवारूं करो किण कारणे, पिण सतिय न मांनै लिगार॥
१६ नव वेला हो निरमल किया, एक उपवास विच में आंण।
अरज मानी हो अन्न दोय दिन इधको लियो, नही छोडी संलेखणा जांण॥
१७ पट दश तेला हो तीखा किया, इधको पारणो न घाल्यो विच में एक।
चित चोखे हो सात चोला किया, इधका सूं इधको वैराग विसेख॥
१८ अठाई कीधी छै हो उज्जम आंण नै, अलप सो लियो पारणे आंहार।
षट तो कीधा छै इधकी खांत सूं, सैंठो सरीर नीकल्यो श्रीकार।
१९ वले चोलो पचख्यो छै हो चित चोखे करी, एक टंक लियो अलप सो आहार।
अणोदरी कीधी हो इधकी जांण नै, वले तेलो पचख्यो तिणवार॥
२० पारणो कीधो छै पहली रीत सूं, अठम भगत कियो उज्जम आण।
वले तीजो तेलो कियो तिण अवसरे, पिण परिणांम चढता पिछांण॥
२१ तीन उपवास वेला हो नव नीका किया, अठम भगत किया उगणीस॥
आठ चोला उठाई हो वले छव किया, आ सरव संलेखणा विसवावीस॥
२२ काया रूप्यो हो किलो वस कियो, वले मन तुरंग वस कीध।
करम कटक हो दल मोडवा, हिवै किण विध अणसण लीध॥
२३ वले तेलो कीधो छै हो तीखा भाव सूं, तिण में वीजे दिन उठी उज्जम आण।
संथारो कीधो छै हो अरिहंत साख सूं, डर नही आंण्यो चतुर सुजांण॥
२४ थांनै भाई वरजै छै हो वाई भगत सूं, वले वरजै छै सतियां नें नरनार।
सती कहै अणसण आवै दोय मास रो, तो ही डर नही आणूं लिगार॥
२५ हिवे अरज करै छै हो सती इण विधै, मौनै आगन्या दो अणगार।
ज्यूं सुख पामै हो जीव मांहरो, मत संको मन मझार॥
२६ इम करतां पांच दिन पचखिया, आयो सातमो दिन श्रीकार।
दशम रै दिन दुघरीये पेहलरे, सोमवार करायो संथार॥

२७ पोते उपदेश देवै आछीतरै, वले सुणै सावांरो वखाण।
परणाम पक्का हो इसडा रह्या, देखो पांचमें आरे पिछांण ॥
२८ अणसण रह्यो छै हो दसदिन दीपतो, पोता रो पचख्यो छव दिन संथार।
च्यार दिन चावे साधां री साख सू, इण विध कीधो आतम नो उद्धार ॥
२९ हिवे पख तो आयो छै सुकल शोभतो, मास वैसाख विचार।
पोहर दिन मठेरो रह्यो पाछलो, तीखी तिथ तेरस विषपतवार ॥
३० उत्तराधेन सुण्यो हो आछी तरै, छेहला दिन लग जांण।
पूरो हुवै छै हो प्रगट पणै, पछै चट दे छोड्या प्राण ॥
३१ अन्न तो लीधो छै हो तयालीस दिन मझै, एकसौ चोतीम आया उपवास।
एकसौ सितंतर दिन सथारो संलेखणा, रह्यो दिन दिन इधक हुलास ॥
३२ वीर थकां हो मुनिवर वडवडा हुवा, सूरा सुभट अणगार।
त्यांनै नैणा न निरख्या हो सत सती तणो, देख्यो प्रत्यख पांचमें आर ॥
३३ जो चोथो आरो हुवै चतुर नरां, अलप कर्म हुवै एहवा जीव।
तो केवल पामै ने सिद्ध हुवै सासता, या दीधी मुगत री नीव ॥
३४ विचे फंद उठ्या हो फोजा रा घणा, 'आरत'[1] करै नर नार।
पिण तपसण रा पुन हो तीखा घणा, ते पिण ताता हुई श्रीकार।
३५ संजम पाल्यो छै हो सुधी रीत सू, जुगत सू जाझो वरस वावीस।
भद्रिक पणै हो भल भाव सू, सती तज दिया राग नें रीस ॥
३६ महिमा हुई छै हो माडी आद दे, धिन धिन करै सैहर मझार।
देवगढ में दीप्या हो गुण सती तणा, देखी इचरज पाम्या नरनार ॥
३७ संवत अठारै छासटे समै, वडा हीरा जी हाजर विचार।
कुसालाजी दोनू कुनणा दोलाजी, सतिया सेवा कीधी श्रीकार ॥

१. चिंता।

२. साध्वी बीजांजी 'बडा'

(ख्यात सं० ४०)

[—मुनि हेमराजजी]

ढाल

दोहा

१ पांच पद परमेसरु, मोटा महा गुणखांन ।
भवजीवां भजो भांव सूं, ऊजम मन में आण ।।

२ भिक्खू गुर मन भावता, महा पुरुप मुनिराज ।
संजम दे भव जीव मैं, सारचा आतम काज ।।

३ साध सती हुवा सोभता, जिण सासण में जोय ।
गुण गाऊं गुणवंत ना, हरखत मन में होय ।।

४ भिक्खू शिषणी अति भली, वड़ी वजांजी जांण ।
तपस्या कर तन सोखव्यो, विद सू करूं वखांण ।।

वजांजी तपस्या कीधी अति वारू ।।ध्रुपदं ।।

५ जंबूद्वीप रा भरत खेत्र मे, मुरधर आर्य देशो रे ।
पादु गांम 'रूपा रेल'[1] रूडो, पूज भीखन जी कीधो परवेसो रे ।।

६ वरजूजी वजाजी तीजी वनांजी, एक दिन संजम लीधो ।
भीखनजी स्वामी गुर मिलिया भारी, संजम अमृत रस पीधो ।।

७ मेणांजी भणाया ग्यांन भल पाया, हुई भिक्खू गुर री भगता ।
गामां नगरा उपगार करंती, स्वामीजी सूं चोमासा कीधा ।।

८ वनाजी संथारो कीधो कुसलपुरा में, तपस्या कर तन तायो ।
समत अठारै सतसठा वर्षे, जिन मारग पीपायो ।।

९ भिक्खू भारीमाल सतजुगी साधां री, सेवा कीधी सुखकारी ।
वजांजी चारित्र पालता विचरै, घणा प्रतिवोध्या नरनारी ।।

१० नव वर्ष आसरै भिक्खूनी सेवा, अठारै वर्ष आसरै भारीमालो ।
सतजुगी वालब्रह्मचारी सेव्या, पाप करण 'पेमालो'[2] ।।

---

१. आनदकारी ।। २. परास्त ।

११ सलेखणा मंडिया चित चोखे, उपवास वेला वहु कीधा।
तेला चोला पांच षट लग, सात आठ लग लीधा॥
१२ छीहंतर उपवास किया चित चोखे, एकसौ वावन वेला।
अडतीस चोखा नें चवदै पंचोला, तीस नें दोय किया तेला॥
१३ छठ ना थोकड़ा षट कीधा, सात कीना तीन चोखा।
एक अठाई अमोल आछी, खेर कर्म किया 'खोखा'[1]॥
१४ सातसौ तेसठ दिन तपस्या रा, तीन वर्ष मांहै तांमो।
काया कीधी खंखर सारखी, सारचा आतम कांमो॥
१५ तिणमें चोवीहार तपस्या घणी कीधी, कदेयक पांणी पीधो।
विगै लीधी तो अल्पमातर, अरस विरस अन्न लीधो रे॥
१६ अल्प आहार दिन पचीस आसरै, पछै संथारो ठायो।
चोखा परिणांम हरष सहित कर, जिन मार्ग जश चढायो॥
१७ भजन किया भगवंत रा भारी, धर्म ध्यांन मन ध्यायो।
नवकार लाखाँ गुणिया अति नीका, नवदिन अनशन आयो॥
१८ सरियारी कंटाल्ये कार्य सारचा, तपस्या कर देही तोडी।
जोतांजी व वनांजी नंदुजी नोजाजी, सेवा कीधी कर जोडी॥
१९ 'जाजो'[2] साज दियो संजम तप रो, चित्त समाधि उपजाई।
कष्ट पड्यो पिण न हुई अलगी, च्यार तीर्थ में सोभा पाई॥
२० आलोवण पडिक्कमणो सुध कीधो, जग माहै सोभा लीधी।
च्यार तीर्थ में हुई सुखकारी, सुध गति पांमी सीधी॥
२१ सवत अठारै वर्ष सत्यासे, दूजे विसाख सुद चोथ सीधो।
गांम कंटाल्ये भिक्खू जनम्या ज्यां, जिनमार्ग जस लीधो॥
२२ समत अठारै वर्ष अठयासे, चेत सुद चवदश शनिवारो रे।
गुण गाया वजांजी सती रा, 'लावा गांम मझारो रे'[3]॥

---

१. नष्ट।   २. अधिक।

३. यह गीतिका जयाचार्य द्वारा रचित गीतिकाओं मे लिखी हुई है पर सवत् और स्थान को देखते हुए लगता है कि उनके द्वारा वनाई हुई नही है क्योंकि जयाचार्य उस समय हरियाणा और दिल्ली के वीच विहार कर रहे थे। ऐसा जय सुजश ढाल १४ मे उल्लेख है।

मुनि हेमराजजी उस वर्ष मेवाड मे विचर रहे थे अतः उनके द्वारा वनाई हुई हो सकती है।

३. साध्वी कुसालांजी

(ख्यात संख्या ४६)

[—मुनि हेमराजजी]

ढाल

दोहा

१ दानशील तप भावना, ए च्यारूं मार्ग तंत।
त्यानैं मोटा मुनिश्वर आदरै, त्यांनै मुक्त जावण री खंत।।

२ स्वाम भीखू रा साध साध्वी, घणा किया संलेखणा संथार।
चोखी करी आराधना त्यांरो, घणो कियो विस्तार।।

३ कुसालाजी मोटी सती, पूज कनें लीधो संजम भार।।
कुटंब कवीलो छोडनैं, मन मे सुमंता धार।।

४ दस वर्ष संजम पालियो, शूर पणो मन आण।
आछी णरी संलेखणा, ते सुणज्यो चतुर सुजांण।।

५ छेहले अवसर चूंपस्यूं, कर संलेखणा संथार।
कार्यं सुधारै तेहनैं, धन्य-धन्य कहै नरनार।।

*सती मन तपस्या में वस रह्यो ।।ध्रुपदं।।

६ कुसालाजी मन चिंतवै, अवसर आय लागो जी।
देही तो जांणी कारमी, आहार करवा स्यू मन भागो जी।।

७ 'भाई'[1] 'सुत'[2] दोनूं आविया, दर्शन करवा काजो।
पूज पधारया चूप स्यू, फलिया मनोरथ आजो।।

८ सूरो चढै संग्राम में, कर केसरीया पूरो।
ज्यू सती रो मन तपस्या थकी, कर्म करण चकचूरो।।

९ संता पिण वरज्या मोकला, उतावल मत करो कांई।
विहार करो विचरो सुखे, गामां नगरा मांहि।।

१० वलता कुसाला जी वोलिया, म्हारे जोग मिल्यो छै रूडो।
भाई सुत नें पूज जी, तिणस्यू आयो वैराग पूरो।।

*लय : मुनि मन नावां में बस रह्यो.....।

१. मुनि श्री खेतसीजी। २. मुनि श्री रायचंदजी (ऋषिराय)।

११ चौथा आरा मांहे चूपस्यूं, वडा-वडा मुनिराया।
बीर जिनद मुख आगले, वाज वाज काम आया ।।
१२ पंचमा आरा रै मझै, भिक्खू भारीमाल ऋषराया।
त्यांरा केई साध साध्वियां पिण, जीत रा डंका वजाया ।।
१३ कुसालाजी मोटी सती, तपसा भारी कीधी।
परिणाम राख्या निर्मला, नीव मुक्त नी दीधी ।।
१४ फागुण सुद तेरस दिने, उपवास कियो श्रीकारो।
वीजी तेरस पारणो, लियो अल्प सो आहारो ।।
१५ चवदश स्यूं ले चोथ तांई, आहार अल्प सो लीधो।
पांचम दिन अल्प आहार ले, तत्क्षिण त्याग न कीधो ।।
१६ चेत वदी छठ नै दिने, वैराग उपनो भारी।
अधिकी तपस्या आदरी, ते सुणज्यो विस्तारी ।।
१७ उपवास कर बेलो कियो, तेलो कियो तांमो।
तेला में पाच पचखिया, पांचा मे आठ अभिरामो ।।
१८ अठाई मैं इग्यारैं किया, इग्यारै में तेरा कीधा।
तेरा मे पनरे किया, विचे पारणा न लीधा ।।
१९ पनरा मांहे संथारो पचखियो, कियो तीन आहार ना त्यागो
उचरंग घणोइज ऊपनो, धन धन सती नो वैरागो ।।
२० साधपणो पाल्यो चूप स्यूं, खरो रंग लगायो।
संथारो कियो सोभतो, संजम कलश चढायो ।।
२१ भजन करतां अरिहंत नो, दूजे पद भगवंतो ।।
आचार्य उपाध्याय नैं, पाचमें पद सव संतो ।।
२२ च्यार सरणां मुख उच्चरे, पांच परमेश्वर ध्यावै।
वैरागे मन वालियो, कर्मा री कोड खपावै ।।
२३ पंचमे आरे मझे, एहवी सतियां शूरी।
तपस्या कर ल्हावो लियो, चढिया घोडा मुक्त पुरी ।।
२४ सूंस 'आंखडी'[1] हुवा घणा, वैराग हुवो भारी।
आउवा में इचरज हुवो, धन्य धन्य कहै नर नारी ।।
२५ धन्य धन्य सती रा गुण भणी, धन्य धन्य सती रो ज्ञानो।
धन्य धन्य सती रा ध्यान ने, मन कियो मेर समानो ।।

१. अन्तिम समय मे।

२६ संथारो आयो जावजीव रो, आठ पोहर मझारो।
वेल्यां दोपांरा रो जाणज्यो, इचरज पाम्या नर नारी॥
२७ अनशन आयो तेतीस भक्त नो, तिण में तीन भक्त संथारो।
चेत सुदी सातम दिने, कर गया खेवो पारो।
२८ गुरु मिल्या भिखु स्वाम सारिखा, त्यांरै शिष्य भारीमाल जी भारी।
त्यांरो जोग मिल्यो छै सती तणै, धन्य धन्य सती रो अवतारी॥
२९ भाई खेतसी जी भली परै, दियो घणो उपदेशो।
सती सुण सुण नैं मगन हुई, उपनो वैराग विशेषो॥
३० सुत पिण कीधी चाकरी, सूंस सरणादिक दीधा।
परणाम ऊंचा चढाविया, आतम कार्य सीधा॥
३१ भगवती सूत्र सुणियो भलो, तिण में विविध प्रकार नी पूछा।
सुण वैरागज ऊपनो, परणाम रह्या घणा ऊंचा॥
३२ वखाण सुणावता पूज जी, सिंह नी परे गाजै।
साधां मांहे शोभता, चंद जेम विराजै॥
३३ उज्जवल धर्म जिनराज नो, उजला गुरु भारी।
उज्जवल परिणाम सती तणा, ए तीनूं तंत सारी॥
३४ सती गण में घणी सोभती, सगला नैं हुंता हितकारी।
भंडारी नाम दियो हुंतो, वनीत हुवा श्रीकारी॥
३५ अठाईस साध साधवी, दर्शण करवा आया।
षट साधु इग्यारै साध्वी, संथारा ऊपर मन भाया॥
३६ जीता मनोरथ मांडिया, ते सगला हुवा तंतो।
संलेखणा संथारो पिण हुवो, पूरी मन री खंतो॥
३७ पुन्य भारी सती तणा, पांमी भली वेलां।
थाट लाग्या मोकला, साध साध्वियां रा मेला॥
३८ सुख मांहे चारित्र आदरचो, सुख मांहे आय वेठा।
सुख मांहे करणी करी, सुख मांहे जाय पेठा॥
३९ तीन चौमासा पूज कनें किया, धर्म ध्यान वहु करिया।
सूत्र सिद्धांत सुणिया घणा, जाडा पातिक झडिया॥
४० पंडित मरण करचो मुनिश्वरां, मन में वैराग आंणो।
मुक्त में जावै पाधरो, देवलोक में शंका मत जाणों॥
४१ साध साध्वियां पिण सूंप स्यूं, विनय वैयावच कीधो।
सेवा भक्त कीधी सती तणी, भारी ल्हावो लीधो॥

४२ घणा ग्रामना श्रावक श्राविका, दर्शण करवा आया तासो।
हर्ष संतोष पाम्यां घणा, वनणा कीधी हुलासो ॥
४३ मांढी कीधी सोभती, खंड वण्या नव च्यारो।
वाजंत्र अनेक वजाविया, संसारिक शोभा विचारो ॥
४४ बड़ी वहन कुसाला जी शोभता, लघु वहन रूपां जी जांणो।
चारित्र पाल्यो नव वर्षा लगै, सिरियारी माय संथारो ॥
४५ सेज्यातर शोभाचंद श्रावक, जायगा निर्दोषण दीधी।
सेज्यातरी पिण वनीत घणी, सेवा वंदकी कीधी ॥
४६ समत अठारै सतसठे, आउवा शहर मझारो।
चेत सुदी सातम रवी दिने, गुण गाया श्रीकारो[1] ॥

---

१. यह गीतिका मुनि श्री हेमराज जी द्वारा रची हुई लगती है। उनका स० १८६७ का चातुर्मास खेरवा था और शेषकाल मे उधर ही विहार करते थे। भारीमालजी स्वामी आदि साधु आउवा पधारे तब मुनि श्री भी वहा पहुचे हों।

४. साध्वी कुसालांजी

(ख्यात सं० ५०)

[—मुनि हेमराजजी]

ढाल

दोहा

१ तिण काले नें तिण समै, दुक्खम आरा मांय।
स्वाम भीखनजी रा साधसाध्वी, त्यां कीधी संलेखणा ताय।।

२ स्वाम भीखणजी पाछै किया, संथारा तेवीस।
चौवीसमो संथारो सती तणो, पचीसमो राम जगीस।।

३ पाली शहर सुहामणो, तिण में लीधो संजम भार।
स्वाम भीखणजी रै आगले, सति कुसाला जी तिणवार।।

४ किण विध करै संलेखणा, किण विध करै संथार।
सावधान थइ सांभलो, आलस अंग निवार।।

*सती कुसालाजी रा गुण गावस्यूं रे लाल ।।ध्रुपदं।।

५ विचरत विचरत आविया, करैसंलेखणा मन धार महासती।
ऊपनी असाता आंख्या तणी, माधोपुर पुरमझार रे महासती।।

६ आसाढ मास तिण मझे, पारणा नव कीध।
बीस दिन तपस्या तणा, जीत नगारा दीध।।

७ श्रावण मास सुहामणो, तिण में पारणा कीधा च्यार।
इमहिज भाद्रवो जाणज्यो, आसोज में दोय विचार।।

८ तीन किया काती मझे, सूर पणो मन धार।
सर्व पारणा तैरे किया, चतुरमास मझार।।

९ च्यार तीर्थ सुणतां थका, कियो संथारो जांण।
काती सुद आठम सोमवार में, हर्ष घणो मन आंण।।

---

*लय—धीज करै सीता सती रे.....।

१० साध साधवियां सकल स्यूं, रूडी रीत खमाय।
पंच महाव्रत फेर उचराविया, श्री मुख पूजजी आय।।

११ कुसालांजी मोटी सती, तपस्या कीधी करूर।
केसरीया कर झांखिया, कर्म किया चकचूर।।

१२ वीर जिणंद मुख आगले, धनो सालभद्र मुनिराज।
तपस्या करी भात-भांत स्यू, सारचा आतम काज।।

१३ पांचमा आरा नैं विषे, भीखू सरीखा मुनिराय।
त्यांरा केई साध साधवी, दिया जीत रा डंका वजाय।।

१४ समत अठारै सित्तरे, काती सुदि नवमी मंगलवार।
संथारो आयो पनरा पोहर आसरै, धन-धन करै नर नार।।

१५ एहवी संलेखणा सुणियां थकां, आवै अधिक संतोख।
तो महासती नो कहिवो किसूं, वेगी जाती दीसै 'मोख'[1]।।

---

१. अनुमानतः इस गीतिका के रचयिता मुनि श्री हेमराज जी है। उनका उस वर्ष चातुर्मास इन्द्रगढ था।

५. साध्वी चंदणाजी

(ख्यात सं० ६४)

[—मुनि हेमराजजी]

ढाल

दोहा

१ स्वाम भीखणजी सोभता, भारीमाल झलकंत।
तीजे पट रायचंदजी, गणधारी गुणवंत॥

२ सांसण श्री वर्धमान रो, दीपायो दीन दयाल।
त्यारा सांसण में सतिया हुई, कहुंते 'सुरत संभाल'[1]॥

३ शिषणी भीखू स्वाम री, हीरांजी हृद वेस।
धर्म दिपायो जिन तणो, फिरती देस विदेस॥

४ गुरु भक्ता होई घणी, तिण वोत कियो उपगार।
हस्तूजी कस्तुराजी दो वैनडी, लीधो संजम भार॥

५ लख धन लोकीक में, झल तजिया भरतार।
सतियां दोनूं सोभती, वसती सैहर पींपाड॥

*चनणा सती ए, झलपाया भीखू गुरु भाव सूं॥ ध्रुपदं॥

६ हस्तुजी कस्तुराजी हृद करी, आसूजी नैं दियो उपदेश।
धनमाल तजी भरतार नें, संजम लियो 'वाला-वेस'[2]॥

७ आसूजी उपगार आछो कियो, चनणांजी चन्नूजी समजाय।
पिण अठे अधिकार चनणां तणो, जे भविक सुणो चित ल्याय॥

८ दीपांजी हुई घणी दीपती, तिण रो गण मांहे वधियो तोल।
ए पिण उपगार आछो कियो, गण मांहै काढै वोल॥

लय: वालम मोरा हो……।

१. ध्यान देकर। २. १७ वर्ष की सुहागिन वय मे।

९ बाजोली गाम बखाणिए, पुत्री चनणा गुणखाण।
पिता जगरूपजी जाणिए, पोती सरूपचंदजी री पिछाण ॥
१० सासरो खाटू सोभतो, सूरजमलजी घर नार।
सतरै वर्ष जाजेरी थकी, लीधो संजम भार ॥
११ भारीमाल भणाई भले भाव स्यूं, सिषणी सूंपी आसूजी नै ऐन।
संजम पाल्यो घणो सोभतो, चित मांहै होय गयो चैन ॥
१२ उपवास बेला तेला बहु किया, पांच आठ इत्यादिक जाण।
संजम पाल्यो इकतीस वर्ष आसरै, तिणरी मधुरी निरवदवाण ॥
१३ तीस चौमासा कीया तिहां, बोत कियो उपगार।
विचरत-विचरत आविया, सिरियारी सैहर मजार ॥
१४ सनमुख पूज सेवा करी, मिलिया साध साधवियांरा थाट।
पीच्यावन ठाणा भेला हुवा, हुवो घणो गहघाट ॥
१५ चौमास धार त्यांही रह्या, हस्तुजी तपसण रै हेत।
सात साधविया हेत स्यूं, सुमत गुप्त सावचेत ॥
१६ काती मास में कारण ऊपनों, दीपाजी आया दर्शण काज।
हिलमील हेत जूक्त करी, भले दियो संजम नों स्हाज ॥
१७ मिगसर मास में पूज पधारिया, चनणाजी हुई हर्ष अथाय।
जागादिक कारण जाण नैं, दीधी कंटालिये पोंचाय ॥
१८ सुखे रहतां कांइ कए साता हुई, काल आगे जोर नही कोय।
उठी असाता अणचिंतवी, सासरो कारण होय ॥
१९ पवर कासीद पोचावियो, श्रावकां धरी मन राग।
पूज रा दर्शण किया विना, तीनूई आहार नां त्याग ॥
२० चार पौहर वरत्या अभिग्रह मझै, पछै जावजीव किया पचखाण।
पचखाण संथारो आयो च्यार पोर नो, आसरै चट दे छोड्या प्राण ॥
२१ दर्शण करवा री दिल में हुंती घणी, कब आवै मोटा मुनिराय।
हिवै दर्शण करती दीसै भगवान, महा विदेह खेत्र रे मांय ॥
२२ पचीस खंडी मंढी करी, ए कीरतब संसार नां जाण।
परणाम चढता पूगी होसी, बारूं देवगती विमाण ॥
२३ जीउजी आद साधविया सेवा करी, चितनै उपजाई समाध।
साज देवै तप संजम तणो, ते सुख पामै अगाध ॥

२४ जनम भीखू रो कंटालिये, गाम भीखू रो जाण।
पोस विद नवमी दिनें, चनणाजी रो संथारो पिछाण ॥

२५ समत अठारै छिन्नूंए, पोस सुद बारस वृहस्पत बार।
गुण गाया चनंणा सती तणा, कंटालीए सैहर मजार[1] ॥

भविक जन हो, हियै धरज्यो वैराग विधि करी।

---

१. यह ढाल जयाचार्य द्वारा रचित नही है क्योकि उक्त रचनाकाल के समय वे स्थली देश मे विहार कर रहे थे।

मुनि हेमराजजी उस समय मारवाड़ मे विचर रहे थे अतः उनके द्वारा बनाई हुई हो सकती है।

६ साध्वी कल्लूजी

(ख्यात सं० ७४)

[मुनि हेमराजजी]

ढाल १

दोहा

१ श्री गुरु भिक्षु स्वाम नैं, चरणां सीस नमाय।
भाव सहित भजियां थकां, दुरगत दूर पुलाय॥

२ अनेक उत्तम नर उद्धरचा, मोटा मारग माय।
शासन दीपै वीर नो, भरत खेत्र भल मांय॥

३ भिक्षु पट भारीमाल ऋष, रायचन्द ऋषराय।
तेहना वरतारा मझैं, अधिक धर्म अधिकाय॥

४ साधु सोभै सूरमा, सतियां बड़ी सधीर।
दुखम आरै ऊजली, ज्यूं भाष गया महावीर॥

५ महासती मोटी सती, तीन साधां री माय।
कलजी करड़ी करी, संलेखणा सुखदाय॥

* धिन धिन कलूजी मोटी सती ॥ध्रुपदं॥

६ मारवाड़ देश में जनमीया, दीख्या लीधी जैपर में जोय रे।
तीन पुत्र नैं दीधी आगन्या, हरष सहित मन होय रे॥

७ प्रथम चौमासे पाँच पचखिया, दूजे चौमासे आठ अमोल रे।
तीजे चौमासे पनरै किया, त्यां रो दिन दिन तीखो तोल रे॥

८ चोथे चौमासे सतरे किया, पांच में तप बीस वदीत रे।
छठे चौमासे एक मास थिर थापियो, आ तो चौथा आरा री रीत रे॥

९ सात में तीस पचीस आठ में, नवमें दशमें चौमासे तीस रे।
एक मास इग्यार में, बड तपस्या विसवावीस रे॥

१० पाणी सवा सेर आसरै, दिन दिन प्रते लेता देख रे।
आछ छाछ नही आचरी, तपस्या करड़ी अणलेख रे॥

* लय चंपा नगरी रा······

११ चौथ छठ अठम दशम दुवादश, पांच चौमासा मांहि पिछाण रे।
हिवे सुणो सतरमा वर्ष नो, मोटी तपस्या तणो मंडाण रे॥

१२ सोलै वरस तो इणविध तप कियो, त्यांरी शोभा घणो साधां मांय रे।
भद्रीक परिणाम छै भला, घणी साध्वियां नैं सुखदाय रे॥

१३ कांइक कारण खास नों, पूरी इन्द्रियां प्रवीण रे।
त्यांरो सलेखणा सूं मन वस्यो, करवा देही नैं खीण रे॥

१४ आचारज कनें मांगै आगन्या, धरे संलेखणा सुध ध्यान रे।
वरजै बहु साधु नें साधवी, वैराग्य चढ्यो असमान रे॥

१५ ज्यूं सूरो संभै संग्राम में, ते तो पाछौ न भागै कोय रे।
ज्यांरो मन लागो छै मुगत में, ते तो दिन दिन तीखो होय रे॥

१६ छती जोगवाइ भला भाव सूं, झाली तप रूपी समसेर रे।
मन वचन काया करी, लिया पाप कर्म नें घेर रे॥

१७ आचारज तणी लेइ आगन्या, सुध सलेखणा मन धार रे।
एक मास भारी उणोदरी, घणी भूख खमी तिणवार रे॥

१८ पनरै दिन एकान्तर उणोदरी, आगे छूटा सात उपवास रे।
पछै तेले तेले मांड्यो पारणो, करै कर्मा रो नास रे॥

१९ विचे आठ बेला आछा किया, पारणे उणोदरी पिछांण रे।
तीखा परिणाम वरतै तेहना, करै कर्मा रो हांण रे॥

२० तैले तैले मांड्यो जद पारणो, जल नें एक रोटी जोय रे।
तरकारी नें पापड़ त्यां लियो, पूरो आहार न कीधो कोय रे॥

२१ 'तेलियो'[१] 'रई'[२] वस्तु जाणज्यो, एक रोटी असांण रे।
पारणो कीधो ए रीत सूं, एक दिन दोय रोटी जांण रे॥

२२ इम चढ़ता चढ़ता आगे चढ़्या, आसरै तेला किया पचास रे।
त्यांरो मन लागो छै मुगत सूं, हिवड़े आंण हुलास रे॥

२३ सुणी चोथा आरे धना तणी, तपस्या अति धीर रे।
सती कलूजी आरे पांचमें, तोडै कर्म जंजीर रे॥

---

१. आधे पीले हुए तिल अर्थात जिनमे तेल होता या रहता हो उसे तेलिया कहा जाता है।

२. गेहूं का मोटा आटा (सूजी)।

ढाल २

[ऋषि छोगजी]

दोहा

१ त्यांरो तपस्या ऊपरे, मंडियो बहु मंडाण।
पाली थकी आया पूजजी, दर्शण दीधा आंण॥

२ इगताली ठाणां आसरै, साध साधवी सोय।
ओर ही श्रावक श्राविका, मेलो मंडियो जोय॥

३ मृगसिर मासे मोकला, साध साधवी रा थाट।
ज्ञान सुणो गुण गावता, खैरवे सैहर में घहघाट॥

४ श्रावक श्रावका दीपता, देखै संत दिदार।
पाली ने जैपुर तणा, बोहत मिल्या नरनार॥

५ पोस मास पिछांणजो, अधिकी तपसा ऐन।
अन्न सूं मन उतारियो, चित्त में अधिको व्यापै चैन॥

*कलूजी सुधारे कार्य आपरा रे ॥ध्रु.पदं॥

६ पहिलां तो पांच किया भल भाव सुंजी, पांचा में दश दिन जांण।
दशां में पिण पनरैं किया दीपता रे, पनरा में मास पिछांण॥

ए उगणीस अज्जिका, सिरदाराजी सग हुलासो ॥ २८ ॥
[आ. द. ढा. १ गा-२८]

साध्वी श्री चनणांजी का दो क्षेत्रों मे चातुर्मास था। साध्वी श्री सरदारांजी के सिंघाड़ मे कुल १६ साध्वियां थी। उनमे से तीन साध्वियो का चातुर्मास लाडनूं एवं चार साध्वियों का चातुर्मास पाली था। इस तरह कुल चातुर्मास २३ (२०+१+२) हुए।

जयाचार्य सहित साधुओ के चातुर्मास १५ थे। इस तरह कुल चातुर्मास क्षेत्र ३८ (१५+२३) होते है।

पनर तेवीस मुनि अज्जा ना, वर चौमास जगीसं।
विहुं चदणां एक सरूप भेलो, सर्व क्षेत्र 'अड़तीस'[1]॥
[आ. द. ढा. १ गा. ३२]

दीक्षित साधु-साध्वियां—

१. मुनि रामदत्तजी (१६६) 'तुषाम'। जाति—अग्रवाल, पुत्र-पौत्रादि छोड़कर जयपुर मे जयाचार्य द्वारा कार्त्तिक महीने मे दीक्षित।

१. साध्वी सिणगाराजी (२८०) 'लाडणू'। पीहर—राजलदेसर। मुनि स्वरूपचन्दजी द्वारा कार्त्तिक मास मे दीक्षा।

२. साध्वी मघूजी (२८१) 'बीकानेर'। गोत्र—बोथरा। पीहर—लाडनूं मे सहजावतो के। जयाचार्य द्वारा मिगसर मे दीक्षित।

३. साध्वी कंकूजी (२८२) 'सीसोदा'। गोत्र—कछारा। पीहर—कडोली, दीक्षा—माघ मे।

४. साध्वी जसोदाजी (२८३) 'बीकानेर'। गोत्र—डागा, पीहर—देशनोक। माघ मे। जयाचार्य द्वारा दीक्षा।

५. साध्वी नवलाजी (२८५) 'गंगापुर'। गोत्र—खीवसरा। पीहर—वेमाली मे बोहरों के यहां। फाल्गुन मे दीक्षा।

६. साध्वी खेमांजी (२८४) 'वेमाली'। गोत्र—बोहरा। पीहर—मोखंदा मे। दीक्षा—मुनि स्वरूप चंदजी द्वारा, ८ दिन से वड़ी दीक्षा।

७. साध्वी सेराजी (२८६) 'डीडवाणा'। गोत्र—वैद मूहथा। माघ मे दीक्षा, बड़ी दीक्षा ४ मास से हुई।

---

१. स. १६०६ मे मुनिश्री स्वरूपचदजी का चातुर्मास लाड़नूं था। (स्वरूप नवरसा ढा. ७ गा. १२) और सरदारसती के सिंघाड़े की तीन साध्वियो का चातुर्मास भी लाडनू था। इससे एक चातुर्मास क्षेत्र कम होने से कुल चातुर्मास क्षेत्र ३७ (१४+२३) होते हैं।

८. साध्वी गुलाबाँजी (२८७) 'लाडनू' गोत्र—दूगड। जयाचार्य द्वारा दीक्षित। तीन महीने मे दिवंगत।

९. साध्वी चन्नूजी (२८८) 'रायपुर'। गोत्र—भलावत। साध्वी श्री मोतांजी द्वारा आपाढ़ मे दीक्षित।

दिवंगत साधु-साध्वियां—

१. मुनि श्री सतीदासजी (८४) 'गोगूंदा। स. १८७७ मे दीक्षित। मिगसर वदि ९ के दिन बीदासर दिवगत।

२. मुनि उत्तमचंदजी (९०) स्त्री और पुत्र को छोड़कर स. १८८१ मे दीक्षित वगड़ी मे दिवंगत

१. मुनि साध्वी श्री सरदाराजी (२५१) 'बीदासर'। गोत्र—वैगाणी। १९०६ मे दीक्षित।

२. मुनि जीवूजी (२४३) स. १९०५ रीणी मे दीक्षित। साध्वी जीऊजी के सिंघाडे मे पादू चातुर्मास मे दिवंगत।

३. साध्वी लिछमांजी (१५३) १८९३ से पति छोडकर दीक्षा। ससुराल—श्यामसुखो के यहाँ। रतनगढ़ मे दिवंगत।

४. साध्वी ऋद्धूजी (१३०) 'सुजानगढ़'। गोत्र—वाडीवाल। स. १८८८ मे दीक्षित। पाली मे दिवंगत।

५. साध्वा वगतूजी (१६६) जाति—श्रावणी। सं. १९०८ मे पुत्र कालूजी सहित दीक्षा। पुर मे ९ पहर के अनशन से दिवगत।

गरा-बाहर—

१. साध्वी चनणांजी 'काँकडोली' (११५)

२. साध्वी डाहीजी (२२३)

वर्ष के अन्त मे

स. १९०९ से अन्त मे साधु ६६ और साध्वियाँ १५४ कुल (२२०) विद्यमान रहे।

सर्व एक सौ चौपन अज्जा, छासठ मुनी महतो॥

[आ० द० ढा. १ गा. ३८]

संवत् १९१० के चातुर्मास आदि

ढाल २

श्री जयाचार्य साधु १२[1] नाथद्वारा

१. साध्वी सरदाराजी (१७१) ठाणा, नाथद्वारा साध्वी सरदारांजी के साथ मे कुल २६ साध्वियां थी। जिनमें सरदाराजी आदि ने नाथद्वारा, ७ साध्वियों ने थामला तथा ४ साध्वियों ने खेरवा वर्षावास किया।

२. साध्वी चन्नूजी 'बड़ा' (६५) ठाणा ८, वृद्धावस्था के कारण स्वय न आ सकी। साथ की कुछ साध्वियो ने गुरुदर्शन कर १५ दिन की सेवा की और वापस मारवाड़ आ गई।

३. साध्वी चन्नूजी 'छोटा' (७०) ठाणा ६, रुग्णतावश स्वयं गुरु दर्शनार्थ न पधार सकी और न साध्वियो को भेज सकी।

४. साध्वी रंभाजी (७२) ठाणा ४, वृद्धावस्था और कमजोरी के कारण मारवाड़ से मेवाड़ जाना अशक्य होने से वे गुरुदर्शन न कर सकी और न साध्वियों को भेज सकी।

५. साध्वी दीपांजी (९०) ठाणा ११, साथ की चार साध्वियों ने गुरुदर्शन कर ५ दिन की सेवा की।
साध्वी जेतांजी (१११) ६ हमीरगढ़।

१. साध्वी गेनांजी	(१२४)	तप-दिन	३१
२. साध्वी सुंदरजी	(२६४)	,,	१५
३. साध्वी जेतांजी (नाथांजी की माता)	(२७७)	,,	६१
४. साध्वी हस्तूजी	(२०९)	,,	३०
५. साध्वी रामूजी	(२२४)	,,	१५
६. साध्वी सेऊजी	(२१४)	,,	१०
७. साध्वी मूलाजी	(२१३)	,,	३०
८. साध्वी मलूकाजी	(११२)	,,	३०

---

१. जय सुजश के आधार से।

२. साध्वी श्री दीपांजी के सिंघाड़े मे १७ साध्विया थी। ११ साध्वियो के साथ उन्होने चित्तोड़ मे चातुर्मास किया। जेताजी आदि ६ साध्वियो का चातुर्मास हमीरगढ़ मे करवाया। निम्नोक्त तपस्या का विवरण उक्त दोनो चातुर्मासो का सम्मिलित है।

६. साध्वी नंदूजी 'वड़ा' (६२) ठाणा १०, भीलोड़ (भीलवाड़ा), गुरुदर्शन कर ५ दिन सेवा की।

१. साध्वी सरूपांजी	(२२८)	तप-दिन	१२
२. साध्वी सीताजी	(२२६)	,,	मास खमण
३. साध्वी दोलांजी	(२५६)	,,	मास खमण
४. साध्वी मेहूकांजी	(१४४)	,,	मास खमण
५. साध्वी मूलांजी	(२३१)	,,	मास खमण

७. साध्वी मगदूजी 'वड़ा' (६६) ठाणा ४, गुरु दर्शन कर एक मास सेवा की।

८. साध्वी मगदूजी 'छोटा' (१०२) ठाणा ७, कानोड़ गुरु दर्शन कर ५० दिन सेवा की।

१. साध्वी रोडांजी	(२६०)	तप-दिन	२१
२. साध्वी चंदणाजी 'वीठोडा'	(२६६)	,,	३०

६. साध्वी गयाजी (१०६) ठाणा ४, रीछेड़, गुरुदर्शन कर ५० दिन सेवा की।

१. साध्वी गंगाजी	(१६७)	तप-दिन १६ (पति छोड़कर दीक्षित)
२. साध्वी वीजाजी	(१६२)	,, १६

१०. साध्वी अमृतांजी (१०६) वीजाजी (८८) ठाणा ४, वृद्ध होते हुए भी गुरुदर्शन कर तीन मास सेवा की।

११. साध्वी कंकूजी (११३) ठाणा ४, देवगढ, गुरु दर्शन कर ४० दिन सेवा की।

१. साध्वी चंपाजी	(१०५)	तप-दिन ३१
२. साध्वी चंदणाजी 'वाजोली'	(१६४)	तप-दिन २१

१२. साध्वी चदणाजी (११६) ठाणा १०, डीडवाणा, डाभ। स्वय चक्षु व्यथा के कारण से न आ सकी, साथ वाली ३ साध्वियों ने गुरु दर्शन कर ८ दिन सेवा की।

१. साध्वी हस्तूजी (१५२) ठाणा २१ (पति छोड़कर दीक्षित)

१३. साध्वी जीऊजी (१२३) ठाणा ८, दो गांवो मे चातुर्मास[1]। साथ वाली तीन साध्वियों ने गुरु दर्शन कर ८ दिन सेवा की।

१४. साध्वी कुनणाजी (१३३) ठाणा ६, पुर, माघ मास मे गुरु दर्शन कर १ मास सेवा की।

---

१. आ. द. ढाल १ गा० ३६।

१. साध्वी फतूजी	(३७३)	तप-दिन	१४
२. ,, अनाजी	(२०५)	,,	१६
३. ,, लिछमांजी	(१४३)	,,	४०
४. ,, नाथाजी	(१९६)	,,	३६ तथा अठाई
५. ,, वगतावरजी	(२५९)	,,	११
६. ,, हुकमांजी	(२५८)	,,	१६

१५. मोतांजी (१३६) ठाणा ७, गंगापुर, गुरु दर्शन कर २।। मास सेवा की।

१. साध्वी मोतांजी	(१३६)	तप-दिन	११
२. ,, रूपकवरजी	(१७८)	,,	९
३. ,, सेतांजी (डीडवाणा)	(२८६)	,,	१५
४. ,, वरजूजी	(२७३)	,,	७

१६. साध्वी महताब कवरजी (१४५) ठाणा ४, किसनगढ़, गुरुदर्शन कर १ मास सेवा की।

१. साध्वी महतावकवरजी	(१४५)	तप-दिन ८
२. साध्वी कुनणांजी	(२१२)	तप-दिन १३

१७. साध्वी रगूजी (१५४) ठाणा ६, केलवा, गुरु दर्शन कर २ मास सेवा की।

१. साध्वी अमरूजी	(२११)	तप-दिन	१२
२. साध्वी कुनणाजी	(२३९)	,,	१२

१८. साध्वी नदूजी (छोटा)(१६७) ठाणा ५, बणेरा बनेड़ा गुरुदर्शन कर ५२ दिन सेवा की।

१. साध्वी रम्भाजी 'पदराडा' (२२०) तप दिन ६३

१९. साध्वी सेराजी (१९९) ठाणा ७, नवैनगरा गुरुदर्शन कर २ मास सेवा की।

१. साध्वी कुनणांजी	(२३४)	तप दिन	२९
२. साध्वी मनांजी	(२३५)	,,	१७
३. साध्वी भानांजी	(२६३)	,,	१०

२०. साध्वी नवलाजी 'पाली' (२४०) ठाणा ४, दोलतगढ़, गुरुदर्शन कर एक मास सेवा की।

१. साध्वी हस्तूजी	(२३२)	तप-दिन	८
२. साध्वी कुनणांजी	(२४२)	,,	१६
३. साध्वी सुरतांजी	(२३३)	,,	१०

४. ,, पंनांजी (१३४) तप-दिन १५
५. ,, दोलाजी (२४६) ,, ३०
६. ,, सीताजी (२२६) ,, ३०
७. ,, लच्छूजी (१०१) ,, ७
८. ,, सोनांजी (२०८) ,, ७

७. साध्वी मगदूजी 'वड़ा' (६६) ठाणा, गुरुदर्शन कर ८ दिन सेवा की।

८. साध्वी मगदूजी 'छोटा' (१०२) ठाणा, चाणोद गुरुदर्शन कर २८ दिन सेवा की।

१. साध्वी रोडाजी (२६०) तप-दिन मास खमण
२. साध्वी चदणाजी (२६६) ,, २०
३. साध्वी चपाजी (१५१) ,, ६

९. साध्वी मयाजी (१०६) गुरुदर्शन कर सात दिन सेवा की।

१. साध्वी वीजाजी (१६२) तप-दिन २०
२. साध्वी अमृताजी (२४५) ,, १५
३. साध्वी गगाजी (१६७) ,, मास खमण

१०. साध्वी अमृताजी (१०६) वीजाजी (८८) ठाणा ४, कानोड़, गुरुदर्शन कर ३ मास सेवा की।

१. साध्वी ऊमाजी (१७६) तप-दिन १७

११. साध्वी ककूजी (११३) ठाणा ४ गुरुदर्शन कर ८ दिन सेवा की।

१. साध्वी चम्पाजी (१०५) तप दिन १७
२. साध्वी चदणाजी (१६४) ,, १५
३. साध्वी ककूजी 'छोटा' (२८२) ,, १२

१२. साध्वी चदणाजी (११६) ठाणा १० दो गावों मे चातुर्मास[1] रुग्णावस्थावश गुरुदर्शन नही कर सकी। साध्वियो को भी नही भेज सकी।

१३. साध्वी जीऊजी (१२३) ठाणा ८ दो गावो मे चातुर्मास[2] रुग्णावस्थावश गुरु दर्शन नही कर सकी। साध्वियो को भी नही भेज सकी।

१४. साध्वी पनाजी (१२६) ठाणा ३, गुरु दर्शन कर १५ दिन सेवा की।

१५. साध्वी कुनणाजी (१३३) ठाणा ६, गुरु दर्शन कर १५ दिन सेवा की।

१. सा० अनाजी (२०५) तप-दिन ३४
२. ,, वगतावरजी (२५९) ,, १ मास
२. ,, लिछमाजी (१४३) ,, १ मास
४. ,, हुकमाजी (२५८) ,, १२

१६. साध्वी मोतांजी (१३६) ठाणा ६, गुरु दर्शन कर दो मास सेवा की।

---

१. आ. द. ढाल ३ गा० २५। २. आ. द. ढाल ३ गा० २५।

१. साध्वी रूपकवरजी (१७६) तप-दिन १४

२. ,, तीजाजी (२०३) ,, ८

३. ,, चन्नूजी (२८८) ,, ७

१७, साध्वी महतावकंवरजी (१४५) ठाणा ३, गुरुदर्शन कर ७ दिन सेवा की।

१८, साध्वी रंगूजी (१५४) ठाणा ६, गंगापुर, अस्वस्थतावश गुरु दर्शन नहीं कर सकी।

१. सा० रुकमाजी (२३६) तप-दिन ३१

२. ,, अमरूजी (२११) ,, १५

१६. साध्वी नंदूजी 'छोटा' (१६७) ठाणा, गुरुदर्शन कर १० दिन सेवा की।

१, सा० नंदूजी 'छोटा' (१६७) तप-दिन ८

२. ,, नोजाजी (२३६) ,, १२

३, ,, रभाजी (२२०) ,, १४२

२०. साध्वी सेराजी (१६६) ठाणा ५, थादला, गुरुदर्शन कर १२ दिन सेवा की।

१, ,. कुनणांजी (२३४) तप-दिन मास खमण

२, ,, भानाजी (२६३) ,, २५

२१, साध्वी नवलाजी (२४०) ठाणा ५, गुरु दर्शन कर ९ दिन सेवा की।

विशेष विवरण

वर्ष के प्रारंभ में—

स० १९११ के प्रारभ मे साधु ६२ तथा साध्वियां १५५ कुल २१७ विद्यमान थे।

ग्यारा वर्ष रा आदि मे, बासठ मुनि सुविसाल।
इकसो पचपन अज्जिका, सत सती गुणमाल ॥

[आ, द, ढा, ३ दो, १]

इस वर्ष साध्वियों के २१ सिंघाड़े थे। साध्वी चदणाजी एव जीऊजी के चातुर्मास दो-दो क्षेत्रो मे थे। इस तरह २३ (२१+२) चातुर्मास हुए। साध्वी सरदाराजी का चातुर्मास जयाचार्य के साथ होने से एक क्षेत्र घट गया। अतः २१ सिंघाड़ो के चातुर्मास क्षेत्र २२ हुए।

जयाचार्य सहित साधुओ के चातुर्मास १२ क्षेत्रो मे थे। इस तरह कुल चातुर्मास क्षेत्र ३४ (१२+२२) हुए।

द्वादश सता ना चौमास, तेवीस समणी ना सुखकार।
गणपति पासे एक उदार, आणा स्वामी नी जी सार ॥
चदणा जीऊ ना बे-बे सुधार, आख्या खेत्र चोतीस मझार ॥

[आ. द. ढा. ३ गा. २५]

दीक्षित साधु-साध्वियां—

१, मुनि रामरतनजी (१७०) भिवानी—जाति 'अग्रवाल'। चैत्र वदि १२ को दीक्षित।

२, मुनि शिवलालजी[1] (१७१) 'बड़ी पादु'।

१, साध्वी वृद्धाजी (२९३)। 'गूरवाल'। मुनि चिमनजी की भतीजी, कुमारी कन्या, रतलाम मे जयाचार्य द्वारा दीक्षित।

२. साध्वी हरखगसांजी (२९४) 'सूरवाल' चिमनजी स्वामी की पुत्री, कुमारी कन्या, रतलाम मे जयाचार्य द्वारा दीक्षित।

३, साध्वी वृद्धाजी (२९५)'आमेट'। ससुराल श्रीमाल परिवार मे पीहर। आमेट, चंडालियों के यहां। मिगसर सुदि १२ को दीक्षित।

४. साध्वी लालाजी (२९६) 'बागोर'। गोत्र—चपलोत, वैशाख मे दीक्षित।

५. साध्वी सूरांजी (सैरांजी, (२९७) देवगढ़। गोत्र-सेठिया, देवगढ मे माघ महीने मे दीक्षित।

दिवंगत साधु-साध्वियां—

१. मुनि रामोंजी (१००) 'गूंदोच'। बेले बेले का तप, अन्त मे चोविहार संथारा।

२. मुनि शिवजी (१७८) 'लावा'। स० १८७६ मे दीक्षित[2], विविध तप एवं दो बार छह मासी की[3]।

३. मनि रामदत्तजी (१६६) 'तुपाम'। स. १९०६ में दीक्षित।

१. साध्वी मरसाजी (२२२) 'लाडनूं'। गोत्र—बैद, सं. १९०२ मे दीक्षित।

२, साध्वी नोजाजी (२३६) 'कोसीथय'। गोत्र—कोठारी, सं. १९०४ मे दीक्षित।

३. साध्वी दोलाजी (९६) गोत्र—बैद मूंहथा, सं. १८७५ मे दीक्षित।

४. साध्वी जेतांजी (२०१) 'गूरवाल'। पति हीरालालजी के साथ स. १९०० में दीक्षित।

गण-बाहर—

१, मुनि शिवलालजी (१७१)।

वर्ष के अन्त में—

स. १९११ के अन्त मे संत ६० तथा सतियां १५६ कुल २१६ विद्यमान रहे।

...., वर्षा ते मुनि साठ इम।

(आर्या० ढाल ३. सो० ६)

इम इग्यारा रै अन्त रे, इकसौ छप्पन अज्जिका।

(आर्या० ढाल ३, सो० १५)

---

१. आ. द. ढाल ३ सो० ६।

२. ख्यात मे दीक्षा संवत् १८७५ है।

३, ख्यात आदि सभी ग्रन्थो मे एक वार ही छहमासी करने का उल्लेख है।

संवत् १९१२ के चातुर्मास आदि

ढाल ४

श्री जयाचार्य	संत १३[1]	उदयपुर

१. साध्वी सरदाराजी (१७१) ठाणा, साध्वियां ३१, उदयपुर।

१. साध्वी सिणगारांजी	(२१७)	तप-दिन	१०,५ (मुनि वीजराज जी की माता)
२. साध्वी फत्तूजी	(१७३)	,,	१५
३. साध्वी कुनणांजी	(२१२)	,,	१६

वेले, तेले, चोले आदि वहुत हुए।

२. साध्वी चत्रूजी 'वडा' (६५) ठाणा ८, काकडोली, गुरु दर्शन कर १५ दिन सेवा की।

१. साध्वी गुलावाजी	(१७२)	तप दिन	९
२. साध्वी ऊमांजी	(१७५)	,,	११
३. साध्वी सेरूजी	(१७७)	,	१५

३. साध्वी चत्रूजी 'छोटा' (७०) ठाणा ६, 'पाली'[2]। वृद्ध होने से स्वय न आ सकी। साथ की तीन सतियों ने गुरु दर्शन कर १३ दिन सेवा की।

१. सा० चंपाजी	(१५१)	तप-दिन	१६
२. ,, सिणगांराजी	(१७९)	,,	१०
३. ,, सिरदाराजी	(२४७)	,,	१२
४. ,, चादूजी	(२४१)	.,	६
५. ,, हस्तूजी	(१९१)	,,	१५

४. साध्वी रंभाजी (७२) ठाणा ४, 'कटालिया'[3] वृद्धावस्था तथा चक्षु व्यथा के कारण गुरु दर्शनार्थ नही आ सकी।

५. साध्वी दीपाजी (९०) ठाणा १६, पुर। गुरु दर्शन कर १४ दिन सेवा की।

---

१. जय सुजश के आधार से।

२. मूल कृति तथा इस वर्ष की चातुर्मास तालिका मे नाम नही है, पर अनुसधान से प्रमाणित होता है।

३. मूल कृति मे नाम नही है, इस वर्ष की चातुर्मास तालिका के अनुसार लिखा है।

१. सा० मूलकाजी (१२२) तप-दिन २१, ३०
२. ,, मगनांजी (१८१) ,, ३०
३. ,, जेतजी 'वड़ा' गोगुंदा (१११) ,, ३२
४. ,, चूनांजी (२१०) ,, १५,७,६
५. ,, झूमांजी (२७६) ,, १२५
६. ,, मुंदरजी (२६४) ,, ६०
७. ,, जेतांजी 'छोटा' (२७७) ,, १५२
(साध्वी श्री नाथाजी की माता)
८. ,, गेनांजी (१२४) ,, १७७
९. ,, रामूजा (२२४) ,, ४४
१०. ,, हस्तूजी (२०६) 'छहमासी'[1]

६. साध्वी नदूजी 'वड़ा' (९२) 'लावा'[2] गुरुदर्शन कर सवा मास सेवा की।

१. सा० लछूजी (१०१) तप-दिन ७
२, ,, पन्नाजी (१३४) ,, २२
३. ,, दोलाजी (२४६) ,, ३७
४. ,, सरूपाजी (२२८) ,, १७
५, ,, सोनाजी (२०८) ,, ६
६. ,, सीताजी (२२६) ,, ३५
७. ,, म्हेकांजी (१४४) ,, ३५
८. ,, मूलांजी (२३१) ,, ३५

७ साध्वी मगदूजी 'वड़ा' (६६) ठाणा ४, 'अगारिया'[3]। वृद्ध और अक्षम होने पर भी गुरुदर्शन कर १० दिन सेवा की।

१. सा० गंगाजी पन्नाजी (१४८) तप-दिन १३
२. ,, (२६२) ,, १३
३. ,, रोडांजी (२०७) ,, १४

८. साध्वी मगदूजी 'छोटा' (१०२) ठाणा, ७ वखतगढ। गुरुदर्शन कर १५ दिन सेवा की।

---

१. जय सुजश ढाल ४३ गा० २१ मे १८३ दिन का उल्लेख है।
२. मूल कृति मे नाम नही है, इस वर्ष की चातुर्मास तालिका के अनुसार लिखा है।
३. मूल कृति मे नाम नही है, इस वर्ष की चातुर्मास तालिका के अनुसार लिखा है।

१. सा० रोडांजी (२६०) तप-दिन २१

२. ,, चदनाजी (२६९) ,, ५

९. साध्वी मयाजी (१०६) ठाणा ५ लाछुड़ा गुरुदर्शन कर ८ दिन सेवा की।

१. सा० बीजाजी (१६२) तप-दिन १३

२. ,, अमृताजी (२४५) ,, ४५

३. ,, गगाजी (१९७) ,, ६०

१०. साध्वी अमृताजी (१०९) बीजाजी (८८)ठाणा ४ कोठारिया गुरुदर्शन कर तीन मास सेवा की।

१. सा० ऊमाजी (१७६) तप एक मास

२. ,, नवलांजी (२८५) तप-दिन एक पक्ष।

उसी पावस मे दिवगत हुई।

११. साध्वी ककूजी(११३) ठाणा ५, कोशीथल। गुरुदर्शन कर सवा मास सेवा की।

१ सा० कंकूजी (११३) तप दिन ५

२. ,, सूरतांजी (२३३) ,, ८

३. ,, कंकूजी 'छोटा' (२८२) ,, २०

४. ,, चंपाजी (१०५) ,, मास खमण

५. ,, चंदणाजी (१६४) ,, मास खमण

१२. साध्वी चदणाजी (११६) हस्तूजी (१५२) ठाणा १०, पादू,इडवा। साथ वाली सतियों ने गुरुदर्शन कर ११ दिन सेवा की।

१. सा० चदणाजी (११६) तप-दिन १०

२. ,, ऋद्धूजी (१५५) ,, ९

३. ,, ओटाजी (१८३) ,, १७

४. ,, हस्तूजी (१५२) ,, १२

१३. साध्वी जीऊजी (१२३) ठाणा ७ नवेनगर[1] गुरुदर्शन कर १ मास सेवा की।

१४. साध्वी पन्नाजी (१२६) ठाणा ३, भिलाडा[2] (भीलवाड़ा)। गुरुदर्शन कर ३२ दिन सेवा की।

१५. साध्वी कुनणाजी (१३३) ठाणा ८, मालवा (पेटलावद[3])। गुरु दर्शनार्थ नही आ सकी।

१. सा० नाथाजी (१९६) तप-दिन १०

२. ,, अनाजी (२०५) ,, १४

३. ,, लिछमाजी (१४३) ,, ३४

४. ,, हुक्मांजी (२५८) ,, २१

---

१. मूलकृति में नाम नही है। इस वर्ष की चातुर्मास तालिका के अनुसार लिखा है:

२. मूल कृति मे नाम नही है। इस वर्ष की चातुर्मास तालिका के अनुसार लिखा है।

३. मूल कृति मे नाम नही है। इस वर्ष की चातुर्मास सालिका के अनुसार लिखा है।

१६. साध्वी मोतांजी (१३६) ठाणा ६ केलवा गुरुदर्शन कर दो मास सेवा की।

१. सा० रूपकंवरजी	(१७८)	तपदिन	२६
२. ,, तीजाजी	(२०३)	,, ,,	२१
३. ,, सेरांजी	(२८६)	,, ,,	१७
४. ,, चतूजी	(२८८)	,, ,,	६

१७. साध्वी महतावकवरजी (१४५) ठाणा ३, रायपुर, गुरुदर्शन कर १० दिन सेवा की।

१. सा० महतावकवरजी	(१४५)	तप दिन	१२

१८. साध्वी रगूजी (१५४) ठाणा ६ गोगु दा गुरुदर्शन कर ४० दिन सेवा की।

१. ,, रुकमांजी	(२३६)	तप-दिन	३१
२. ,, अमरुजी	(२११)	,, ,,	२१

१६. साध्वी नदूजी 'छोटा' (१६७) ठाणा ४ पहुना गुरुदर्शन कर ५ दिन सेवा की।

१. ,, नदूजी	(१६७)	तप मास खमण
२. ,, रभाजी	(२२०)	,, छह मासी

२०. साध्वी सेराजी (१६६) ठाणा ५, चित्तोड़, गुरुदर्शन कर ५१ दिन सेवा की।

१. ,, कुनणांजी	(२३४)	तप मास खमण	
२. ,, मन्नाजी	(२३५)	,, मास खमण	
३. ,, भानाजी	(२६३)	,, दिन	२१

२१. साध्वी नवलाजी (२४०) ठाणा ५, गगापुर, गुरुदर्शन कर ४ दिन की सेवा की।

१. ,, हस्तूजी	(२३२)	तप दिन	१५
२. ,, रोडाजी	(११०)	,, ,,	६
३ ,, कुनणाजी	(२४२)	,, ,,	५

विशेष-विवरण

वर्ष के प्रारंभ मे—

सं० १६१२ के प्रारभ मे साधु ६० एव साध्विया १५६ कुल २१६ थे।

वर्ष वारा का आदि मे, साठ मुनी पहिछाण।
इक सौ छपन अज्जिका, शासण महा गुण खाण॥

[आर्या० ढा० ४ दो० १]

इस वर्ष साध्वियो के २१ सिघाडे थे। सदा की चदणा जी के सिघाडे की साध्वी हस्तूजी अलगहोने से २२का चातुर्मास चातुर्मास हुए। निम्न गाथा मे २४ साध्वियों के चौमासो का उल्लेख पाया जाता है।

वार चौवीस मुनि अज्जा ना, सखर चौमास जगीस रे।
इक गणी भेलो वे चदणा ना, सर्व क्षेत्र चौतीस रे॥

[आ० दा० ढा० ४ गा० ४२]

पर यहा 'चोवीस' के स्थान मे 'वावीस' होना चाहिए।

साध्वी श्री सरदाराजी का चातुर्मास जयाचार्य के साथ था, अतः एक चातुर्मास स्थान घट जाने से साध्वियो के २१ क्षेत्रो मे चातुर्मास हुए।

जयाचार्य सहित साधुओ के चातुर्मास बारह क्षेत्रो मे हुए थे। इस तरह कुल ३३ (१२+२१) क्षेत्रो मे चातुर्मास हुए। अतः उक्त 'सर्व क्षेत्र चौतीसं रे' के स्थान पर 'सर्व क्षेत्र तेतीस रे' होना चाहिए। स० १९१२ की चातुर्मासिक तालिका मे कुल ३४ (१२+२२) चातुर्मास एवं ३३ क्षेत्रो का उल्लेख है, जैसा कि ऊपर कहा गया है।

दीक्षित साधु-साध्वियां

१. मुनि श्री हसराजजी (१७२) 'पादू'। गोत्र—आंचलिया, पुत्र-पौत्र छोड़ दीक्षा।
२. ,, विहारीजी[1] (१७३)
१. साध्वी छोटाजी (२९८) 'सुरगढ'। गोत्र—वाफणा।
२. ,, साकरजी (२९९) 'चीवडा'। गोत्र-श्रीमाल।
३. ,, नोजाजी (३००) 'वरार'। गोत्र-दक।
४. ,, सगदूजी (३०१) 'पीपली'। गोत्र-दक।
५. ,, नानूजी (३०२) 'फलौदी'। गोत्र-निमाणी। असाढ सुदी १३ के दिन दीक्षित।

तीनो की दीक्षा एक दिन जेठ वदि ९ को गगापुर मे मुनि श्री जीवोजी द्वारा हुई।

दिवंगत साधु-साध्वियां

१. मुनि रूपचदजी (१३४) 'करेडा'। स० १९०१ मे दीक्षित।
२. ,, सतीदासजी (सतोजो (५९) 'सणदरी'। स० १८६६ मे दीक्षित।
१. साध्वी हस्तूजी (२०९) 'चीवडा'। गोत्र श्रीमाल, स० १९०१ मे दीक्षित। छहमासी तप किया।
२. ,, कुनणाजी (२३४) 'माधोपुर' जाति-पोरवाल। सं० १९०३ मे दीक्षित।
३. ,, कुनणाजी (२४२) 'पाली' गोत्र-सुराणा। स० १९०५ मे पति देवचदजी के साथ दीक्षित।
४. ,, जेताजी (१५६) श्रीजीदुवार मे ससुराल। पीहर गोगुंदा, स० १८९५ मे दीक्षित।
५. ,, नवलाजी (२८५) गोत्र-खीणसरा। स० १९०९ मे दीक्षित। मुनि श्री स्वरूपचन्दजी से अनशन ग्रहण।

गण बाहर—

१. मुनि श्री विहारीजी (१७३)

वर्ष के अन्त में—

सं० १९१२ के अत मे सत ५९ तथा सतिया १५६ कुल २१५ विद्यमान रहे।
'द्वादश अते तास रे, एव गुणसठ मुनि रह्या'॥ [आ० द० ढा० ४ सो०५]
'इम वारा नै अत रे, इक सो छप्पन अज्जिका'॥ [आ० द० ढा० ४ सो० १५]

---
१. आ० द० ढा० ४ सो० ५।

संवत् १९१३ के चातुर्मास आदि

जयाचार्य साधु १३ पाली

१. साध्वी सरदाराजी (१७१) ठाणा साध्वियां ३४ पाली

१. साध्वी	हस्तूजी 'बडा'	(१५२)	तप-दिन	१०
२. ,,	सरुपाजी	(२२८)	,,	७
३. ,,	चिमनांजी	(२६५)	,,	५
४. ,,	गोमाजी	(१६०)	,,	७
५. ,,	गगाजी	(१९७)	,,	१४
६. ,,	मोताजी	(२७६)	,,	११
७. ,,	रोडांजी	(२६०)	,,	१६
८. ,,	सिणगागाजी	(२१७)	,,	६
९. ,,	सिणगाराजी	(२८०)	,,	६
१०. ,,	मगनाजी	(२३८)	,,	६
११ ,,	सरदाराजी दूसरा	(२४६)	,,	७
१२. ,,	मघुजी	(२८१)	,,	१५

अनेक साध्वियों ने चोले किए।

२. साध्वी नवलाजी बडा फलोदी वाला (१८२) ठाणा ७ फलौदी

१. साध्वी	फत्तूजी	(१७३)	तप-दिन	११
२. ,,	जशोदाजी	(२८३)	,,	१०
३. ,,	कुनणाजी	(२१२)	,,	१२,४,५

३. साध्वी चत्रूजी 'बडा' (६५) ठाणा ८केलवा तीन सतियो ने गुरुदर्शन कर तीन दिन सेवा की।

१. साध्वी	गुलाबांजी	(१७२)	तप-दिन	१२
२. ,,	ऊमाजी	(१७५)	,,	९
३. ,,	सेरूजी	(१७७)	,,	१७

४. साध्वी चत्रूजी 'छोटा' (७०) ठाणा ५ ईडवा गुरुदर्शन कर १।। मास सेवा की।

१. साध्वी	चपाजी	(१५१)	तप-दिन	३०
२. ,,	सिणगाराजी	(१७९)	,,	११
३. ,,	हस्तूजी	(१९१)	,,	१६
४. ,,	सरदाराजी	(२४७)	,,	१५

---

१. जय सुजश के आधार से।

२ साध्वी सरदाराजी की नेश्राय मे ४१ साध्विया थी उनमे से नवलाजी आदि ७ साध्वियो का फलौदी चातुर्मास कराया।

५. साध्वी रभाजी (७२)ठाणा ४, मांडा वृद्ध होने पर भी गुरुदर्शन कर २३ दिन सेवा की।

१. साध्वी उमेदांजी	(१६३)	तप-दिन	३१
२. ,, लिछमाजी	(१८५)	,,	१७

६ साध्वी दीपाजी (६०) ठाणा १४ गगापुर[1] कुछ साध्वियो को भेजा जिन्होने गुरुदर्शन कर २५ दिन सेवा की।

१. साध्वी गेनांजी	(१२४)	तप-दिन	१५
२. ,, रामूजी	(२२४)	,,	१६
३. ,, वूनांजी	(२१०)	,,	८
४ ,, भूमांजी	(२७६)	,,	१५
५. ,, मलूकाजी	(१२२)	,,	१५
६. ,, सुन्दरजी	(२६४)	,,	१५
७. ,, जेताजी	(२७७)	,,	३२

७. साध्वी नदूजी 'वडा' (६२) ठाणा ६ देवगढ[1] गुरुदर्शन कर १ मास सेवा की।

१. साध्वी सोनाजी	(२०८)	तप-दिन	१५
२. ,, पन्नाजी	(१३४)	,,	१३
३. ,, म्हेकाजी	(१४४)	,,	मास खमण
४. ,, मूलांजी	(२३१)	,,	,,
५. ,, सीताजी	(२२६)	,,	,,
६. ,, दोलांजी	(२४६)	,,	,,

८. साध्वी मगदूजी 'वडा' (६६) ठाणा ४ राजनगर[1] वृद्धावस्था व शारीरिक अशक्ति के कारण गुरु दर्शनार्थ न आ सकी।

१. साध्वी पन्नाजी	(१४८)	तप-दिन	१५
२. ,, गंगाजी	(२६२)	,,	११

६. साध्वी मगदूजी 'छोटा' (१०२) ठाणा ६ खेरवा[1] गुरुदर्शन कर दो मास सेवा की।

१०. ,, मयाजी (१०६) ढाणा ४ वाजोली गुरुदर्शन कर ४० दिन सेवा की।

१. साध्वी अमृताजी	(२४५)	तप-दिन	२२
२. ,, वीजाजी	(१६२)	,,	६

११. साध्वी अमृतांजी, वीजाजी (१०६) (८८) ठाणा ३ रावलिया गुरुदर्शन कर १० दिन सेवा की।

१. साध्वी ऊमाजी	(१७६)	तप-दिन	१५

१२. साध्वी ककूजी (११३) ठाणा ४ शिरियारी गुरुदर्शन कर २५ दिन सेवा की।

१. साध्वी चपाजी	(१०५)	तप-दिन	११

१३. साध्वी चनणाजी (११६) ऋद्धूजी (१५५) ठाणा ६ (कालू, वलूदा) गुरुदर्शन कर १ मास सेवा की।

१४. साध्वी जीवूजी (१२३) ठाणा ६ 'वोरावड़'[1] गुरुदर्शन कर १६ दिन सेवा की।

१. मूल कृति मे चातुर्मास स्थान नही है, मुनि जीवोजी रचित ढाल से दिया गया है।

१. साध्वी छगनांजी (१३८) तप-दिन १३
२. ,, मूलांजी (२५५) ,, १६
३. ,, रत्नांजी (१८६) ,, मास खमण

१५. साध्वी पन्नांजी (१२६) ठाण। ३ 'भावी'[2] गुरुदर्शन कर १।। मास सेवा की।

१. साध्वी सूरांजी (२६७) तप-दिन १५

१६. साध्वी कुनणांजी (१३३) ठाणा ८ मालवा।(उज्जैन)[3] गुरुदर्शन कर ५ दिन सेवा की।

१. साध्वी सुजानकंवरजी (२००) तप-दिन १४
२. ,, लिछमांजी (१४३) ,, मास खमण
३. ,, अनांजी (२०५) ,, ,,
४. ,, वगतावरजी (२५६) ,, ,,
५. ,, हुकमांजी (२५८) ,, ,,

१७. साध्वी मोतांजी (१३६) ठाणा ६ कंटालिया गुरुदर्शन कर १।। मास सेवा की।

१. साध्वी तीजांजी (२०३) तप-दिन ११
२. ,, सेरांजी (२८६) ,, ८
३. ,, अमृतांजी (२९२) ,, १२

१८. साध्वी महताब कंवर जी (१४५) ठाणा ४ दुघोड़ गुरुदर्शन कर एक मास सेवा की।

१. साध्वी महताव कवरजी (१४५) तप-दिन १३
२. ,, नवलांजी (१९८) ,, ८ (महतावकंवरजी की छोटी बहन)

१९. साध्वी रंगूजी (१५४) ठाणा ६ नानसमा गुरुदर्शन कर ५ दिन सेवा की।

१. साध्वी अमरूजी (२११) तप-दिन ८

२०. साध्वी नदूजी 'छोटा' (१६७) ठाणा ४ पीपाड़ गुरुदर्शन कर २० दिन सेवा की।

१. साध्वी नंदूजी छोटा (१६७) तप दिने ६
२. ,, मघूजी (१९३) ,, ,, ८

२१. साध्वी सेरांजी (१९९) ठाणा ४ नवैशहर गुरुदर्शन कर २।। मास सेवा की।

२२. ,, नवलांजी 'छोटा' (२१०) ठाणा ४ आमेट गुरुदर्शन कर २२ दिन सेवा की।

१. साध्वी हस्तूजी (२३२) तप-दिन ६
२. ,, रोडांजी (११०) ६ दिन की तपस्या की अन्त मे संथारा किया।

---

१. मूल कृति मे चातुर्मास स्थान नही है, मुनि जीवोजी रचित ढाल से दिया गया है।
२. मूल कृति में चातुर्मास स्थान नही है' मुनि जीवोजी रचित ढाल से दिया गया है।
३. मूल कृति मे चातुर्मास स्थान नही है, मुनि जीवोजी रचित ढाल से दिया गया है।
४. मूल कृति में चातुर्मास स्थान नही है। मुनि जीवोजी रचित ढाल से दिया गया है।

विशेष विवरण

वर्ष के प्रारंभ में

सं० १९१३ के प्रारभ मे साधु ५९ तथा साध्विया १५६ कुल २१५ विद्यमान थे।

वर्ष तेरा ना आदि मे, गुणसठ मुनि सुविशाल।
इकसौ छप्पन अज्जिका, सत सती गुणमाल॥

(आ० द० ढ़ा० ५, दो० १)

इस वर्ष साध्वियो के सिंघाडे २२ थे। साध्वी श्री चदणाजी के सिंघाड़े का चातुर्मास दो क्षेत्रों मे था अतः एक चातुर्मास क्षेत्र वढ़ गया। साध्वी श्री सरदाराजी का चातुर्मास जयाचार्य के साथ था अतः एक क्षेत्र घट गया। घट-वढ़ सामान होने से साध्वियो के चातुर्मास क्षेत्र २२ होते है।

जयाचार्य सहित साधुओ के चातुर्मास १२ क्षेत्रो मे थे। इस तरह कुल चातुर्मास क्षेत्र ३४ (१२+२२) होते है।

अरे० वार वावीस मुनि अज्जा ना, वर चौमास अछै नही छांना।
गणपति आण रमै गुणखांना॥
हद गणपति रै पास हुलास, इक चौमास अज्जा गुणरासं।
चंदणा ना वे खेप्त्र विमास।
खेप्त्र चोतीस सर्व चोमासा। दे० ॥२९॥

(आ० द० ढ़ा० ५ गा० २९)

दीक्षित साधु-साध्वियां—

१. मुनि मोतीजी (१७४) 'लखासर' गोत्र—डागा, माता साध्वी भामाजी सहित दीक्षा।

१. साध्वी चूनाजी (३०३) 'फलौदी'। } पाली चातुर्मास मे जयाचार्य
२. ,, जड़ावाजी (३०४) 'फलौदी'। } द्वारा एक ही दिन दीक्षित।
३. ,, सरूपाजी (३०५) 'कटालिया'। गोत्र—खीवसरा, मृगसरा मे दीक्षित।
४. ,, सेराजी (३०६) 'नवानगर'। गोत्र—मुणोत, पति छोड़कर दीक्षित।
५. ,, भमाजी (३०७) 'लखासर'। मुनि मोतीजी की माता।
६. ,, राजाजी (३०८) 'रायपुर'। गोत्र—चीपड़, पति छोड़कर दीक्षित, रत्नजी की पुत्री।
७. ,, सूवटांजी (३०९) 'पचपदरा'। गोत्र—लूकड़ा।
८. ,, जीऊजी (३१०) 'आमेट'। गोत्र—चडालिया।
९. ,, लिछमाजी (३११) 'जैपुर'। गोत्र—पुगलिया, पीहर—वैदो के यहां।

दिवंगत साधु-साध्वियां—

१. मुनि शिवजी (८२) 'देवगढ़'। स० १८७६ मे दीक्षित। अंत मे चोविहार सथारा आया।

२ ,, पुंजलालजी (८८) 'उज्जैन'। गोत्र—बेंगाणी, स० १८८१ में उज्जैन मे दीक्षित।

१ साध्वी चन्नूजी, 'छोटा' (७०) 'तोसीणा'। गोत्र—नाहर, सं० १८६८ मे पति छोड़कर दीक्षित।

२ ,, गेड़ाजी (११०) 'श्रीजीदुवारा'। गोत्र—चोरड़िया, स० १८८४ मे दीक्षित, २७ प्रहर का चोविहार सथारा आया।

३. ,, चादूजी (२४१) 'सुजानगढ़'। गोत्र—चोरड़िया, साढे आठ वर्ष सजम पाल, दुधोड़ में सथारा।

गण बाहर साधु—

१. मुनि कपूरजी (१०६)

२. ,, जीषोजी (११३)

विशेष विवरण

वर्ष के अन्त में—

सं० १६१३ के अत में संत ५६ तथा सतियां १६२ कुल २१८ विद्यमान रहे।

इम तेरै नै अत रे, छप्पन सत रह्या सही।

(आ० द० ढा० ५, सो० ६)

एवं तेरै अत रे, इकसौ बासठ अज्जिका।

गणपति आण रमंत रे, जय जश संपति सुखसदा॥

(आ० द० ढा० ५, सो० १६)

३. ,,	गुलाबांजी	(१७२)	,,	१२
४. ,,	सेरुजी	(१७५)	,,	२०

पौप सूदी ४ को चत्रूजी (६५) ने सथारा कर पंडित मरण प्राप्त किया। बाद में बरजूजी आदि कई साध्वियो ने गुरु दर्शन कर एक मास सेवा की।

३ साध्वी रंभाजी (७२) ठाणा ४ वगडी नेत्रों की व्याधि के कारण गुरुदर्शनार्थ नही आ सकी।

४. साध्वी दीपांजी (९०) ठाणा १४ आमेट साथ की चार साध्वियों ने गुरुदर्शन कर एक पक्ष की सेवा की।

१. साध्वी	रामूजी	(२२४)	मास खमण किया	
२. ,,	मूलांजी	(२१३)	,, ,, ,,	
३. ,,	साकरजी	(२६७)	तप दिन	२१
४. ,,	चूनाजी	(२१७)	,,	१५
५. ,,	मलूकाजी	(१२२)	,,	षट्मासी
६. ,,	गेनाजी	(१२४)	,,	,,
७. ,,	जेताजी	(२७७)	,,	,,
८. ,,	सुन्दरजी	(२६४)	,,	,,
९. ,,	झूमांजी	(२७९)	,,	,,

इन पाच साध्वियों ने छह्-छह् मासी तप किया।

५. साध्वी नन्दूजी 'वडा' (९२) ठाणा १० पचपदरा माघ सुदी मे गुरुदर्शन कर साधिक ४ मास सेवा की।

१. साध्वी	पन्नाजी	(१३४)	तप-दिन	१३
२. ,,	मूलाजी	(२३१)	,,	२२
३. ,,	म्हेकाजी	(१४४)	,,	१६
४. ,,	सोनांजी	(२०८)	,,	१६
५. ,,	सीताजी	(२२९)	,,	२९
६. ,,	दोलांजी	(२४९)	,,	मास खमण
७. ,,	सुरतांजी	(२३३)	,,	११

६. साध्वी मगदूजी 'वडा' (९९) ठाणा ४ भिलोड़ा (भीलवाड़ा)। वृद्धावस्था के कारण गुरु दर्शन नही कर सकी।

७. साध्वी मगदूजी 'छोटा' (१०२) पन्नाजी (१२६) ठाणा १० चाणोद गुरु दर्शन कर १ मास सेवा की।

१. साध्वी	रोडांजी	(२६०)	तप-दिन	१७
२. ,,	सूरांजी	(२९७)	,,	९

८. साध्वी मयाजी (१०६) ठाणा १ लाटोती गुरु दर्शन कर ४ मास सेवा की।

१. साध्वी	अमृताजी	(२४५)	तप-दिन	१७
२. ,,	बीजाजी	(१६२)	,,	६, ७

९. साध्वी अमृतांजी (१०९) ठाणा ४ लाछूडा अस्वस्थता के कारण गुरुदर्शनार्थ नही आ सकी।

१. ,, ऊमांजी	(१७६)	तप-दिन	१४
४. ,, राजाजी	(२०८)	,,	१५

१०. साध्वी ककूजी (११३) ठाणा ४ खेरवा गुरुदर्शन कर सवा मास सेवा की।

१. साध्वी कंकूजी	(११३)	तप दिन	१५
२. ,, चन्दनाजी	(१६४)	,,	१५

११. साध्वी चदणाजी (११६) ठाणा ८ पीपाड़ साथ वाली कुछ सतियो ने गुरु दर्शन कर ११ दिन सेवा की।

१. ,, चनणाजी	(११६)	,,	९
२. ,, रूपांजी	(२५३)	,,	९
३. ,, नाथांजी	(१८७)	,,	१५

१२. साध्वी जीऊजी (१२३) ठाणा ६ बोरावड गुरु दर्शन कर २॥ मास सेवा की।

१. ,, रतनांजी	(१८९)		तप मास खमण
२. ,, मूलाजी	(२५५)	तप दिन	९
३. ,, नदूजी	(१८६)	,, दो मासी	

१३. साध्वी कुनणाजी (१३३) ठाणा ८ दौलतगढ साथ वाली कुछ साध्वियो ने गुरु दर्शन कर २७ सेवा की।

१. ,, कुनणांजी	(१३३)	तप दिन	२ चोले
२ ,, नाथाजी	(१९६)	,,	११
३. ,, हुकमाजी	(२५८)	,,	एक मास
४. ,, अनाजी	(२०५)	,,	३४

१४. साध्वी मोताजी (१३६) पाली गुरु दर्शन कर वहुत दिन सेवा की।

१५. साध्वी महतावकवरजी (१४५) ठाणा वालोतरा गुरु दर्शन कर वहुत दिन सेवा की।

१६. साध्वी रगूजी (१५४) ठाणा ५ गोगूदा अस्वस्थता वश दर्शनार्थ नही आ सकी।

१७. साध्वी नंदूजी 'छोटा' (१६७) ठाणा ४ वालोतरा गुरु दर्शन कर २॥ मास सेवा की।

१. साध्वी रभाजी	(२२०)	,,	९

१८. साध्वी सेरांजी (१९९) ठाणा ४ हरिगढ (किशनगढ) गुरु दर्शन कर साधिक ६ मास सेवा की।

१. साध्वी भानाजी	(२६३)	तप दिन	११
२. ,, मनाजी	(२३५)	,,	९

१९. साध्वी सिणगारणाजी (१७९) ठाणा ४ गुरु दर्शन ५ मास सेवा की।

१. साध्वी सिणगाराजी	(१७९)	,,	७
२. ,, चपाजी	(१५१)	,,	१३
३. ,, हस्तूजी	(१९१)	,,	८
४. ,, सरदाराजी	(२४७)	,,	५

२०. साध्वी नवलाजी (२४०) ठाणा ४ धाकडी पोष सुदी में गुरु दर्शन कर शेषकाल व चौमासे मे सेवा की ।

१. ,,	नवलांजी	(२४०)	तप दिन	४
२. ,,	हस्तूजी	(२३२)	,,	१५
३. ,,	जीऊजी	(३१०)	,,	७
४. ,,	लालाजी	(२६६)	,,	६

सं. १६१४ में सरदार सती के समर्पित होने वाली
साध्वियों के सिंघाडों की सूची —

१. ,,	नवलाजी	(२४०)	स० १६१४ वैसाख वदि ६	ठाणा	४
२. ,,	मगदूजी	(१०२)	,, ,, ,, ,, १४	,,	७
३. ,,	मयाजी	(१०६)	,, ,, ,, ,, ,,	,,	३
४. ,,	पन्नांजी	(१२६)	,, ,, ,, ,, ,,	,,	३
५. ,,	नदूजी 'वडा'	(६२)	,, ,, ,, सुदी ८	,,	८ (कुमारी कन्या)
६ ,,	सेरांजी	(१६६)	,, ,, ,, ,, ,,	,,	४
७. ,,	सिणगारांजी 'पिसांगण'	(१७६)	,, ,, ,, ,,	,,	४
८. ,,	जीवूजी	(१२३)	,, ,, ,, ,, ६	,,	६
९. ,,	नंदूजी 'छोटा'	(१६७)	,, ,, प्र० जेठ वदि ६	,,	५
१०. ,,	महतावकंवरजी	(१४५)	स० १६१५ पोष वदि १	,,	३
११ ,,	ककूजी	(११३)	,, ,, ,, ,, ३	,,	८
१२. ,,	मोतांजी	(१३६)	,, ,, ,, सुदी १	,,	७ (कुमारी कन्या)
१३. ,,	चंदणाजी	(११६)	,, ,, ,, ,, ,,	,,	८

चंदणाजी ने साथ की साध्वी ऋद्धूजी (१५५) को भेजकर अपना सिंघाड़ा समर्पित किया ।

आर्या दर्शन ढाल में तथा सरदार सुजश मे साध्वी चनणाजी (१६५) द्वारा सिंघाड़ा समर्पित करने का उल्लेख नही है । पर स० १६१४ के लेखपत्र मे उनके हस्ताक्षर समर्पण के हैं ।

विशेष विवरण

वर्ष के प्रारंभ में—

सं० १६१४ के प्रारंभ मे संत ५६ तथा सतियां १६२ कुल २१८ विद्यमान थे ।

चवद वर्ष रा आदि मे, छप्पन संत सुजाण ।
इक सौ बासठ अज्जिका, शिरे सुगुरु नी आण ।।

(आ० द० ढा० ६ दोहा १)

इस वर्ष साध्वियो के २० सिंघाड़े थे अतः २० चातुर्मास हुए । साध्वी प्रमुखा सरदारसती का चातुर्मास जयाचार्य के साथ बीदासर मे होने से एक स्थान घट गया । सा० मेहतावकुवरजी

(१४५) नंदूजी (१६९) का चातुर्मास वालोतरा होने से १ स्थान फिर घट गया। इस तरह २० सिंघाडों के स्थानों मे चातुर्मास हुए।

साधुओं के चातुर्मास कितने क्षेत्रो मे हुए, इसका उल्लेख कृति मे नही है अत. साधु साध्वियो के मिलाकर कुल कितने क्षेत्रों मे चातुर्मास हुए, यह नही कहा जा सकता। सं० १९१४ की चातुर्मासिक तालिका उपलब्ध नही है।

दीक्षित साधु—

१. मुनि छजमल जी (१७५) 'मांढा'। पत्नी, वहन तथा कुमारी पुत्री के साथ भाद्रवा सुदी १० के दिन दीक्षित वीदासर मे।

२. ,, गुलावजी (१७६) 'वाजोली' गोत्र वाफणा। मुनि गुलहजारीजी से दीक्षित।

सं. १९१३ में दो साधु अलग हुए वे सं. १९१४ में वापिस आये—

१. ,, कपूरीजी (१०९)।

३. ,, जीवोजी (११३)।

दीक्षित साध्वियां—

१. ,, कुनणाजी (३१२) 'माढा'। मुनि छजमलजी की वहन।

२. ,, उमेदाजी (३१३) ,, ,, ,, ,, पत्नी।

३. ,, केशरजी (३१४) ,, ,, ,, ,, कुमारी पुत्री।

४. ,, जेतांजी (३१५) वालोतरा गोत्र पुवाड, पीहर-चोपडो के यहा। मृगसर वदि ७ के दिन दीक्षा।

५. ,, मृगांजी (३१७) 'लाडणू'। जाति-सरावगी, गोत्र-पाडिया। मृगसर वदी १२ को दीक्षित।

६. ,, मानांजी (३१७) 'वीकानेर' गोत्र-वगसी। पीहर खटेडो के यहाँ। माघ वदी १ के दिन दीक्षित।

७. ,, कुनणांजी (३१८) 'वीकानेर'। गोत्र कोठारी। साध्वी सिरेकंवरजी की माता। जेठ मे दीक्षा।

८. ,, सिरेकुवरजी (३१९) साध्वी कुन्नणाजी की पुत्री। चेत मे दीक्षित।

दिवंगत सतियां—

१. ,, चन्नूजी 'वड़ा' (१५)। अन्त मे २ मूहूर्त का चौविहार संथारा।

वर्ष के अन्त में—

सं० १९१४ के अन्त मे संत ६० तथा सतिया १६९ कुल २२९ विद्यमान रहे।

एव चवदै अत रे, इक सौ गुणंतर अज्जा।
मुनिवर साठ महंत रे, जय जग सपति माहिवी ॥

(आ० द० ढा० ७ सो० १६)

संवत १६१५ के चातुर्मास आदि

जयाचार्य साधु १७ लाडनू
१. साध्वी श्री सरदाराजी (१७१) साध्विया ४५ लाडनूं

१. साध्वी	फत्तूजी	(१७३)	तप-दिन	मास खमण
२. ,,	वन्नांजी	(२७०)	,,	२१
३. ,,	मोतांजी	(२७६)	,,	१६
४. ,,	जशोदांजी	(२८३)	,,	१६
५. ,,	सिणगारांजी	(२१७)	,,	१४,११
६. ,,	कुनणाजी	(२१२)	,,	९
७. ,,	नोजांजी	(३००)	,,	७,५,४
८. ,,	छगनाजी	(२६०)	,,	७
९. ,,	चूनांजी	(३०३)	,,	७
१०. ,,	चिमनाजी	(२६५)	,,	६
११. ,,	सूरतांजी	(२३३)	,,	६
१२. ,,	चनणाजी	(१६५)	,,	चोला किया
१३. ,,	वगतूजी	(२३०)	,,	,,
१४. ,,	लछूजी	(२६१)	,,	,,
१५. ,,	चांदकंवरजी	(२७४)	,,	,,
१६. ,,	सिणगाराजी	(२८०)	,,	,,
१७. ,,	भामांजी	(३०७)	,,	,,
१८. ,,	मृगाजी	(३१६)	,,	,,

२. साध्वी रभाजी (७२) ठाणा ४ दूधोड अस्वस्थता के कारण गुरु दर्शनार्थ नही आ सकी।

३. साध्वी दीपांजी (६०) ठाणा १४ देवगढ अस्वस्थता के कारण गुरु दर्शनार्थ नही आ सकी और न साध्वियो को भेज सकी।

१. साध्वी	मलूकाजी	(१२२)	तप-दिन	११६
२. ,,	ज्ञानाजी	(१२४)	,,	छहमासी
३. ,,	सुदरजी	(२६४)	,,	,,
४. ,,	झूमाजी	(२७६)	,,	,,
५. ,,	जेताजी	(२७७)	,,	,,
६. ,,	मगनाजी	(१८१)	,,	१६
७. ,,	मूलाजी	(२१३)	,,	३१

४. साध्वी नंदूजी 'वडा' (९२) ठाणा ७ चुरू गुरुदर्शन कर ११६ दिन सेवा की।

१. साध्वी सीतांजी (२२९) तप-दिन ९

५. साध्वी मगदूजी 'वडा' (९९) ठाणा ४ दौलतगढ़ अस्वस्थता के कारण गुरु दर्शनार्थ नही आ सकी।

१. साध्वी पन्नांजी (१४८) तप-दिन १५
२. ,, गंगाजी (२६२) ,, ११

६. साध्वी मगदूजी 'छोटा' (१०२) ठाणा ९ सुजानगढ गुरुदर्शन कर अधिक समय तक सेवा की।

१. साध्वी मूलांजी (२३१) तप-दिन २५

७. साध्वी अमृतांजी (१०९) ठाणा ४ गंगापुर अस्वस्थता के कारण गुरु दर्शनार्थ नहीं आ सकी।

१. साध्वी ऊमांजी (१७६) तप-दिन १०
२. ,, राजाजी (३०८) ,, १८

८. साध्वी कंकूजी (११३) ठाणा ४ वाजोली गुरु दर्शन कर ४५ दिन सेवा की।

९. साध्वी चंदणाजी (११६) ठाणा ८ पीपाड़ साथ वाली साध्वियो ने गुरु दर्शन कर २५ दिन सेवा की।

१. साध्वी चदणाजी (११६) तप-दिन १३/१, ९/१, ५/५, ४/४१
२. ,, ऋद्धूजी (१५५) ,, ७ (अनुमानत: शेष
३. ,, नाथांजी (१८७) ,, १५ काल का तप
४. ,, रूपांजी (२५३) ,, १० सम्मिलित है।)

१०. साध्वी जीवूजी (१२३) ठाणा ६ वोरावड गुरुदर्शन कर १॥ मास सेवा की।

१. साध्वी नंदूजी (१८६) तप-दिन ६०
२. ,, रत्नांजी (१८९) ,, ३०
३. ,, मूलांजी (२५५) ,, ९

११. साध्वी पन्नाजी (१२९) ठाणा ५ राजलदेशर गुरुदर्शन कर ७ मास सेवा की।

१. साध्वी सूरांजी (२९७) तप-दिन ११
२. ,, अमरांजी 'छोटा' (२४४) ,, ११

१२. साध्वी कुनणांजी (१३३) ठाणा ८ पुर साथ की साध्वियो ने गुरु दर्शन कर २२ दिन सेवा की।

१. साध्वी नवलांजी (९३) तप-दिन ८
२. ,, लिछमांजी (१४३) ,, १७
३. ,, नाथांजी (१९६) ,, १४
४. ,, सुजाणकवरजी (२००) ,, ४
५. ,, अनांजी (२०५) ,, ३१
६. ,, हुकमांजी (२५८) ,, २३
७. ,, वखतावरजी (२५९) ,, १७

१३. साध्वी मोतांजी (१३६) ठाणा ७ रतनगढ़ गुरु दर्शन कर ३ मास सेवा की ।

१. साध्वी रूप कंवरजी	(१७८)	तप दिन	६
२. ,, सेरांजी	(२८६)	,,	१०
३. ,, नवलांजी	(१९८)	,,	१०
४. ,, अमृतांजी	(२९०)	,,	१०

१४. साध्वी वरजूजी (१३९) ठाणा ७ राजनगर साथ की साध्वियो ने गुरु दर्शन कर १ पक्ष सेवा की ।

१. साध्वी वरजूजी	(१३९)	तप दिन	४
२. ,, ऊमांजी	(१७५)	,,	६
३. ,, सेरांजी	(१७७)	,,	१३
४. ,, गुलाबांजी	(१७२)	,,	१३

१५. साध्वी महताव कंवरजी (१४५) ठाणा ३ नवैनगर गुरु दर्शन कर ११३ दिन सेवा की ।

१. साध्वी महताव कंवरजी	(१४५)	तप दिन	१५
२. ,, छोटाजी	(२९८)	,,	४

१६. साध्वी हस्तूजी (१५२) ठाणा ४ देशनोक गुरु दर्शन कर सेवा की ।

१. साध्वी सरुपांजी 'छोटा'	(३०५)	तप दिन	५
२. ,, सरुपांजी बड़ा	(२२८)	मास खमण	

१७. साध्वी रंगूजी 'गोगुदा' (१५४) ठाणा ५ गोगुंदा अस्वस्थता के कारण गुरु दर्शनार्थ नही आ सकी ।

१८. साध्वी नंदूजी 'छोटा' (१६७) ठाणा नागौर गुरु दर्शन कर ५० दिन सेवा की ।

१९. ,, सेरांजी (१९९) ठाणा ७ पाली गुरु दर्शन कर १०६ दिन सेवा की ।

१. साध्वी सेरांजी	(१९९)	तप दिन	४
२. ,, ओटांजी	(१८३)	,, मास खमण	
३. ,, मेनांजी (मनाजी)	(२३५)	,, दिन ४,	१८
४. ,, अमृतांजी	(२४५)		७,४
५. ,, भानूंजी	(२६३)	,,	११

२०. साध्वी सिणगारांजी (१७९) पीसागण वाला ठाणा ४ किसनगढ़ गुरु दर्शन कर १५२ दिन सेवा की ।

१. साध्वी सिणगारांजी	(१७९)	तप दिन	७
२. ,, चंपाजी	(१५१)	,,	८,४
३. ,, हस्तूजी	(१९१)	,,	८,४
४. ,, सिरदारांजी	(२४७)	,,	९,४

२१. साध्वी नवलांजी 'फलौदी' (१८२) ठाणा ९ बीकानेर गुरु दर्शन कर ७ मास सेवा की ।

१. साध्वी गगांजी	(१९७)	तप १ मास	
२. ,, मगनांजी	(२३८)	,, दिन	६

३. ,,	रोड़ाजी	(२६०)	,,	७
४. ,,	मघूजी	(२८१)	,,	८
५. ,,	साकरजी	(२९९)	,,	८
६. ,,	जड़ावांजी	(३०४)	,,	६
७. ,,	नानूजी	(३०२)	,,	९

विशेष-विवरण

वर्ष के प्रारंभ में —

सं० १९१५ के प्रारम्भ मे संत ६० तथा सतिया १६९ कुल २२९ विद्यमान थे।

पनर वर्ष री आदि मे, साठ सत सुखदाय।
इकसौ गुणंतर अज्जा, जय जश संपति पाय ॥

(आ०द०ढा० ८ दो० १)

इस वर्ष साध्वियो के २१ सिंघाड़े थे अत. २१ चातुर्मास हुए। साध्वी श्री सरदारांजी (१७१) का चातुर्मास जयाचार्य के साथ लाडनूं होने से एक स्थान घट गया। इस तरह २१ सिंघाड़ो के २० स्थानों मे चातुर्मास हुए।

साधुओ के चातुर्मास कितने क्षेत्रों मे हुए, इसका उल्लेख कृति मे नही है अतः साधु-साध्वियों के मिलाकर कुल कितने क्षेत्रो मे चातुर्मास हुए, यह नही कहा जा सकता। स० १९१५ की चातुर्मासिक तालिक भी प्राप्त नही है।

१. मुनी छोगजी (१७७) 'देशनोक'। गोत्र-सकलेचा, दीक्षा भादवा वदि १२, माता सेराजी भी दीक्षित।

दीक्षित साधु-साध्वियां—

१. साध्वी सेरांजी (३२०) दीक्षा कार्त्तिक सुदी ४, पुत्र छोग जी भी दीक्षित।
२. ,, चूनाजी (३२१) 'चरु' गोत्र कोठारी, दीक्षा कार्त्तिक सुदी ४।
३. ,, वखतावरजी (३२२) कुमारी कन्या, रामचन्दजी दूगड़ की पुत्री, दीक्षा मृगसर वदि ५।
४. साध्वी साकरजी (३२३) 'ताल'। ससुराल गोत्र-देराडया पीहर-करेड़ा, पति छोड़कर दीक्षा।

दिवंगत साधु-साध्वियां —

१. मुनि लालजी (११२) 'चन्देरा'। श्रीजीदुवारा मे अनशन।
२. ,, टीकमजी (७२) 'माधोपुर'। श्रीजीदुवारा मे अनशन।
१. साध्वी मगदूजी (१०२) 'आमेट'। ऋषभदासजी हीगड की पुत्री, चेत वदि मे अनशन।
२. ,, रभाजी (७२) 'कालू'। जाति-सरावगी, जेठ सुदी २ को स्वर्गवास।
३. ,, सरुपाजी (२२८) 'कटालिया' गोत्र-गोलेछा, माघ सुदी २ को स्वर्गवास।

वर्ष के अन्त मे—

स० २०१५ के अन्त मे सत ५९ तथा सतिया १७० कुल २१९ विद्यमान रहे।

एवं पनरै अंत रे, इक सौ सित्तर अज्जिका।
आख्या गुणसठ संत रे, जय जश सपति साहिवी ॥ १२ ॥

(आ०द०ढ़ा० ८ सो० १२)

संवत् १९१६ के चातुर्मास आदि

जयाचार्य साधु १९ सुजानगढ़

१. साध्वी सरदारांजी (१७१) ठाणा साध्वियां ४१ सुजानगढ़

१. साध्वी	फत्तूजी	(१७३)	तप-दिन ३७
२. ,,	वन्नांजी	(२७०)	,, ३१
३. ,,	जशोदांजी	(२८३)	,, १९
४. ,,	लिछमांजी	(२२१)	,, १६
५. ,,	भूनांजी	(३०३)	,, १६
६. ,,	सेरांजी	(३२०)	,, ११
७. ,,	सरूपांजी	(३०५)	,, १०
८. ,,	कुनणांजी	(२१२)	,, १०
९. ,,	कुनणांजी	(३१२)	,, ८
१०. ,,	चांदकवंरजी	(२७४)	,, ७
११. ,,	छगनांजी	(२९०)	,, ७
१२. ,,	नान्हूजी	(३०२)	,, ७
१३. ,,	वखतूजी	(२३०)	,, ६
१४. ,,	जडावांजी	(३०४)	,, ६
१५. ,,	चंदनाजी	(२६९)	,, ५
१६. ,,	लच्छूजी	(२६१)	,, ५
१७. ,,	नवलांजी 'पाली'	(२४०)	,, ५
१८. ,,	भामांजी	(३०७)	चार चोले, एक पंचोला
१९. ,,	हस्तूजी	(२३२)	एक चोला
२०. ,,	कस्तूजी	(१३१)	,,
२१. ,,	मगदूजी	(३०१)	,,
२२. ,,	हरखूजी	(२९४)	,,
२३. ,,	विरधुजी	(२९३)	,,
२४. ,,	लालांजी	(२९६)	,,
२५. ,,	जीऊजी	(३१०)	,,

२. ,, दीपांजी (९०) ठाणा १४ नाथद्वारा

१. सा०	मूलांजी	(२१३)	तप एक मास
२. ,,	चूनांजी	(२१०)	तप-दिन १४
३. ,,	ज्ञानांजी	(१२४)	,, ५

४. ,, साकरजी (१६७) ,, ५
५. ,, जेतांजी (२७७) ,, ५

सा० दीपांजी ने मगनांजी (१८१) को भेजकर अपना सिंघाड़ा सरदार सती को समर्पित करवाया।

मगनांजी ने २२ दिन गुरु सेवा की।

३. साध्वी नंदूजी 'बड़ा' (९२) ठाणा ७ पाली

१. सा० नंदूजी 'बड़ा' (९२) तप दिन ७
२. ,, म्हेकांजी (१४४) ,, ७
३. ,, सीताजी (२२६) ,, १३
४. ,, दोलांजी (२४६) ,, १२
५. ,, सुवटांजी (३०६) ,, ११

४. साध्वी मगदूजी (९९) ठाणा ४ लाछूडा

वृद्धावस्था के कारण गुरु दर्शन हेतु न आ सकी।

१. सा० पन्नाजी (१४८) तप दिन ३०
२. ,, रोड़ांजी (२०७) ,, ५
३. ,, गगाजी (२६२) ,, १४

५. ,, वींजाजी (८८) अमृतांजी (१०९) ठाणा ५ राजनगर गुरु दर्शन कर दो मास सेवा की।

१. सा० ऊमाजी (१७६) तप एक मास
२. ,, राजाजी (३०८) ,, दिन १५

६. साध्वी चंपाजी (१६१) रभाजी (७२) के स्वर्गवास होने से ठाणा ३ कालू गुरु दर्शन कर १०३ दिन सेवा की।

७. ,, कंकूजी (११३) ठाणा ४ नवैगर अस्वस्थता के कारण गुरु दर्शनार्थन नही आ सकी।

१. सा० चंपाजी (१०५) तप दिन ६
२. ,, चदणाजी (१६४) ,, १०
३. ,, कंकूजी (२८२) ,, १०

८. ,, चदणाजी (११६) ८ पीपाड़ साथ की साध्वियों ने गुरु दर्शन कर १९ दिन सेवा की।

१. सा० नाथांजी (१८७) तप दिन १३

९. जीवूजी (१२३) ठाणा ६ बोरावड़ गुरु दर्शन कर ७ दिन सेवा की

१. सा० मूलांजी (२५५) तप दिन २९
२. ,, रत्नाजी (१८९) ,, १०

१० ,, पन्नाजी (१२६) ठाणा ६ सिरदारगढ गुरु दर्शन कर ७ मास मेवा की। (सरदारशहर)

१. सा० सूराजी (२९७) तप एक मास
२. ,, अमरूजी 'छोटा' (२४४) ,, दिन १०
३. ,, चिमनाजी (२६५) ,, ८

११. ,, कुनणाजी (१३३) ठाणा ८ भीलवाड़ा साथ वाली साध्वियों ने गुरु दर्शन कर १६ दिन सेवा की।

१. सा०	लिछमांजी	(१४३)	तप दिन	६
२. ,,	सुजाणाजी	(२००)	,,	६
३. ,,	नवलांजी	(६३)	,,	४

१२. साध्वी मोतांजी (१३६) ठाणा ७ डीडवाणा गुरु दर्शन कर १॥ मास सेवा की।

१. सा०	मोतांजी	(१३६)	तप दिन	५
२. ,,	सेरांजी	(२८६)	,,	७
३. ,,	अमृतांजी	(२६२)	,,	१२
४. ,,	लिछमाजी	(३११)	,,	१४

१३. ,, वरजूजी (१३६) ठाणा ७ कांकड़ोली साथ की सतियों ने गुरु दर्शन कर १७ दिन सेवा की।

१४. ,, महताव कंवरजी (१४५) ठाणा ३ रीणी गुरु दर्शन कर ३ मास सेवा की।

१. सा०	मेहताव कंवरजी	(१४५)	तप-दिन	१३
२. ,,	छोटाजी	(२६८)	,,	८

१५. ,, हस्तूजी (१५२) ठाणा ६ लाडनूं गुरु दर्शन कर सात मास सेवा की।

१. सा०	मघूजी	(२५०)	तप दिन	४
२. ,,	मृगाजी	(३१६)	,,	६
३. ,,	मूलाजी	(२३१)	,,	६

१६. साध्वी रंगूजी (१५४) ठाणा ५ गोगुंदा अस्वस्थता के कारण गुरु दर्शनार्थ नहीं आ सकी।

१७ ,, गोमाजी (१६०) ठाणा ४ नागौर गुरु दर्शन कर अधिक दिन सेवा की।

१. सा०	कुनणांजी	(२५६)	तप दिन	४
२. ,,	मोतांजी	(२७६)	,,	५
३. ,,	सिणगाराजी	(२१७)	,,	५

१८. ,, चंदणाजी (१६५) ठाणा ६ देशनोक गुरु दर्शन कर सात्विक ७ मास सेवा की।

१. सा०	रोड़ाजी	(२६०)	तप दिन	५, ४
१. ,,	चदणाजी	(१६५)	,,	४

१६. ,, नदूजी (छोटा) (१६७) ठाणा ५ किसनगढ गुरु दर्शन कर एक मास सेवा की।

१. सा०	नंदूजी	(११७)	तप दिन	१०
२. ,,	रंभाजी	(२२०)	,,	एक मास
३. ,,	वृद्धांजी	(२६५)	,,	दिन ५
४. ,,	जेतांजी	(३१५)	,,	,, ८

२० ,, सेराजी (१६६) ठाणा ४ भिवानी गुरु दर्शन कर तीन मास सेवा की।

१ सा०	सेराजी	(१६६)	तप दिन	४
२. ,,	भानाजी	(२६३)	,,	१०

३. ,, सरदारांजी (२२६) ,, ६
४. ,, मीनांजी (२३५) ,, १

२१. साध्वी सिणगाराजी 'पीसांगण' (१७९) ठाणा ४ राजलदेशर गुरु दर्शन कर सवा चार महीने सेवा की।

१. सा० सिणागारांजी (१७९) तप दिन १४
२. ,, चंपाजी (१५१) ,, १५, ४
३. ,, हस्तूजी (१९१) ,, १२, ४
४. ,, सिरदारांजी (२४७) ,, ६, ५

२२. ,, नवलाजी (१८२) 'फलोधी' ठाणा ९ बीदासर गुरु दर्शन कर अधिक समय तक सेवा की।

१. सा० मयांजी (१०६) तप ६ चोले, सात १
२. ,, सिरदारांजी (२४६) ,, दिन ७
३. ,, बीजाजी (१६२) ,, ,, ४
४. ,, ओटांजी (१८३) ,, ,, १८
५. ,, गगाजी (१९७) ,, ,, १६
६. ,, मगनाजी (२३८) ,, ,, १३
७. ,, अमृताजी (२४५) ,, ,, १३

२३. ,, सिणगाराजी (२८०) ठाणा ४ कसूबी गुरु-दर्शन कर अधिक दिन तपस्या की।

१. सा० वरजूजी (२७३) ४ दिन
२. ,, सिणागाराजी (२८०) ,, ,,
३. ,, भूमाजो (१०३) ,, ,,
४. ,, साकरजी (२९९) ,, ,,

विशेष-विवरण

वर्ष क प्रारंग मे—

सं० १९१९ के प्रारभ मे सत ५९ तथा सतिया १७० कुल २२९ विद्यमान थे।

सोल वर्ष री आद रे, गुणसठ सत रह्या सही।
इक सय सितर साध रे, गणि आणा मे अज्जिका॥
(आ० द० ढा० ९ सो० १)

इस वर्ष साध्वियो के २३ और साधुओं के ११ क्षेत्रो मे कुल ३४ क्षेत्रो मे चातुर्मास हुए।

सैहर तेवीस मांह चोमासा, अज्जा नों अधिकार।
ग्यार सैहर माह मुनि ना, तप गुण ज्ञान भडार॥
[आ० द० ढ़ा० ९ गा० ३१]

सरदार सती का चातुर्मास जयाचार्य के साथ होने से एक स्थान घट गया जिससे कुल चातुर्मास क्षेत्र ३३ हुए।

दीक्षित साधु साध्वियां—

१. मुनि अमरचंदजी (१७८) 'बीकानेर'। गोत्र—बेगवानी, दीक्षा तिथि कार्तिक सुदी १३।

२. ,, दीपचंदजी (१७६) 'भिवानी'। जाति—अग्रवाल, दीक्षा तिथि मृगसर सुदि १२।

१. सा० तीजांजी (३२४) 'सुजानगढ़'। गोत्र नाहर, भाद्रवा सुदी १३ के दिन दीक्षित।

२. ,, रत्नकंवरजी (३२५) 'पीपाड़'। पीहर-पीपाड़ के चौधरी कुल मे। ससुराल गोत्र सिंघी। समरथमलजी की कुल वधू। फाल्गुन में दीक्षा।

३. ,, बखतावरांजी (३२६) 'गंगापुर' गोत्र-हीगड। पीहर-चोरड़ियों के यहां। आसाढ़ वदि ६ को दीक्षित।

४. ,, रत्नाजी (३२७) गोत्र-'चोरड़िया'। आसाढ़ सुदी १० के दिन दीक्षित। ईड़वा में ननिहाल।

५. सा० रायकंवरजी (३२८) 'चिंतामा'। साध्वी नाथांजी (२७८) की बहन। आसाढ़ सुदी १० की दीक्षा।

दिवंगत साधु साध्वियां—

१. मुनि जुवानजी 'छोटा' (१२५) 'ईड़वा'। गोत्र—चोरड़िया।

१. सा० सेराजी (३०६) 'नवानगर'। गजमलजी मुणोत की पत्नी। पति छोड़कर दीक्षा। पोष मे अनशन।

२. ,, रुखमांजी (२१८) मुनि छोगजी, चतुर्भुजजी की माता, गोत्र-बोरड़। संथारा पूर्वक माघ सुदी ५ के दिन स्वर्गवास।

३. ,, ऊमांजी (१७५) 'रतनगढ़'। गोत्र-डागा। आसाढ़ मास में दिवंगत।

४. ,, लच्छुजी (१०१) 'मेड़ता'। ऋषिराय की प्रथम शिष्या गोत्र-धाड़ीवाल। वृद्धावस्था मे पंडित मरण।

गण बाहर साधु—

१. ,, जुहारजी (१२३)।

वर्ष के अन्त में—

सं० १६१६ के अंत मे साधु ५६ तथा साध्विया १७१ कुल १३० विद्यमान थे।

एवं सोलै अंत रे, इक सय इकोत्तर अज्जा।
गुणसठ संत सोभतरे, स्वाम भिक्खू गण मे सही॥

(आ० द० ढ़ा० ६ सो० १७)